श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी 11:59 तक उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 14 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 106, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुरक्षा के लिए ट्रेनों के इंजन-डिब्बों में लगेंगे कैमरे 14

वैश्विक मान्यता ज्ञान अपनाने को करेगी प्रेरित 12

सावन का पहला सोमवार आज



श्रावण मास के शुरू होते ही चहुंओर बम-बम भोले की गूंज सुनाई देने लगी है। रविवार को हरिद्वार में कई राज्यों के कांवड़िये गंगाजल लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान कांवड़ियों के साथ भगवान शिव की प्रतिमा हर किसी को अकर्षित कर रही थी। ●एजेंसी

# पर्यटन स्थल बनेंगे 11 विरासत भवन और किले

- लखनऊ, गोंडा और कानपुर सहित बुंदेलखंड में मौजूद हैं किले, पर्यटन विकास से बढ़ेगा रोजगार
- महोबा का मस्तानी महल, मथुरा का सीताराम महल, गोंडा की वजीरगंज बारादरी का होगा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** खंडहर में तब्दील हो रहे राज्य के ऐतिहासिक धरोहरों को नया जीवन देने के लिए प्रयास शुरू हो गया है। पर्यटन विभाग 11 पुराने किलों और भवनों को चमकाने की तैयारी में है। विभाग ने एजेंसियों के माध्यम से इसके लिए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) आमंत्रित किया है। ये काम पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत होगा, जहां एजेंसी इन जगहों को डिजाइन करेगी, बनाएगी, पैसे लगाएगी, चलाएगी और बाद में सरकार को सौंप देगी।



गोंडा में वजीरगंज की बारादरी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू होने जा रही इस पहल से न सिर्फ इन विरासत किलों और भवनों का इतिहास बचेगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन बढ़ेगा और हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। विरासत स्थलों में ललितपुर का तालभेहट किला, बांदा का रनगढ़ और भुरागढ़ किला, गोंडा की वजीरगंज बारादरी, लखनऊ का आलमबाग भवन, गुलिस्तान-ए-एरम और दर्शन विलास, कानपुर की टिकैत राय बारादरी, महोबा का मस्तानी महल और सेनापति महल, झांसी का तहरौली किला और मथुरा का सीताराम महल (कोटवान किला) शामिल हैं। ये सभी जगहें अपनी खास वास्तुकला और इतिहास की कहानियों के लिए मशहूर हैं। इनका पुनरोद्धार करके इन्हें होटल, सांस्कृतिक केंद्र या संग्रहालय में बदला जाएगा, ताकि पर्यटक यहां ठहर सकें और इतिहास को करीब से महसूस कर सकें। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में ये योजना खास तौर पर फायदेमंद होगी, जहां पर्यटन बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

### यूपी बन रहा देश-दुनिया का चहेता टूरिस्ट डेस्टिनेशन

यह कदम इसलिए भी खास है, क्योंकि इससे यूपी की सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के साथ-साथ आधुनिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन विभाग के मुताबिक ये परियोजना न सिर्फ इन पुरानी इमारतों को नया रूप देगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए रास्ते भी खोलेगी। मुख्यमंत्री ने पहले ही इको-टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। उनकी ये कोशिशें यूपी को देश और दुनिया में पर्यटन का एक चहेता डेस्टिनेशन बना रही हैं।

## एक नजर

### केरल के सीएम आवास को बम से उड़ाने की धमकी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आधिकारिक आवास क्लिफ हाउस को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो बाद में झूठी निकली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह धमकी ईमेल के माध्यम से थम्पनूर पुलिस थाने को मिली थी और इसके स्रोत का अभी पता नहीं चल पाया है। ईमेल के अनुसार, क्लिफ हाउस में बम विस्फोट होने वाला था। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने स्वान और बम-रोधी दस्तों की मदद से गहन तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। तलाशी के समय मुख्यमंत्री विजयन और उनका परिवार विदेश में था।

### तीन बसों की टक्कर में 10 अमरनाथ यात्री घायल

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में आधार शिविर लौटते समय रविवार को अमरनाथ यात्रियों के काफिले की तीन बसें आपस में टकरा गईं, जिससे कम से कम 10 तीर्थयात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायल तीर्थयात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। ये सभी तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन करने के बाद काफिले में लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। सड़क दुर्घटना में तीनों बसें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त बसों के अन्य तीर्थयात्रियों को आरक्षित बसों में ले जाया गया तथा काफिला रवाना हो गया।

# बारिश और बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत, उफान पर नदियां

## कई स्थानों पर जनजीवन ठप, सड़कों-खेतों और रिहायशी इलाकों में जलभराव

- लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, सुल्तानपुर बस्ती, फैज़ाबाद, रायबरेली समेत कई जिलों में बिजली गिरने की घटनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में मानसून की बारिश आम जनजीवन को खसा प्रभावित कर रही है। राज्य के तमाम हिस्सों में तेज बारिश व आकाशीय बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई है। कई स्थानों पर जनजीवन ठप है, वहीं सड़कों, खेतों और रिहायशी इलाकों में जलभराव की स्थिति है।

उप्र के कई जिलों में नदियां उफना रहीं है और जलस्तर बांध पर दर्ज खतरे के निशान से ऊपर जा रहा है। ललितपुर, झांसी, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ और कानपुर जैसे क्षेत्रों में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि के कारण बांधों के गेट खोल दिए गए हैं। ललितपुर के माताटीला बांध के 9, झांसी के पथराई बांध के 4 और लहचूरा बांध के 10 गेट खोल दिए गए हैं। मऊरानीपुर में सुखनई नदी का जलस्तर बढ़ने से पुराना पुल डूबने की कगार पर है। झांसी में पथराई नदी के उफनाने से 300 परिवार घरों में कैद हो गए हैं। लखनऊ में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, भदोही में महिला और किशोरी की जान वज्रपात से चली गई। खेत में काम करने के दौरान उसपर बिजली गिरी। हमीरपुर, बांदा में भी दो लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई है। कन्नौज में आकाशीय बिजली से पांच महिलाएं झुलस गईं। वहीं, चित्रकूट में घर ढहने से दो और हापुड़ में एक की मौत हो गई। आजमगढ़ और जौनपुर से भी एक-एक मौत की सूचना है।

लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, सुल्तानपुर, बस्ती, फैज़ाबाद, रायबरेली जैसे कई जिलों में तेज बारिश और बिजली गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। आईएमडी के ताजा बुलेटिन में बताया गया कि उप्र के 47 जिलों में 24 से 48 घंटों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।



चित्रकूट के राजापुर रोड चुनहा पुरवा में कमर तक भरे पानी से निकलते बच्चे और राहगीर।

### पिछली खामियों को इस बार नहीं दोहराएंगे

बीते वर्ष प्रदेश में 6 जिलों के 200 से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हुए थे। शासन ने उस दौरान राहत कार्यों, वर्क फोर्स और नियंत्रण के उपायों का ब्योरा तलब किया है ताकि इस बार समय रहते तमाम खामियों को सुधारा जा सके। उस वक्त बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की बाढ़ बटालियन की टीमें तैनात की गई थीं। पीलीभीत में तो फंसे लोगों को निकालने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर तक को लगाया गया था। इस बार भी रिहर्सल के साथ होमवर्क पूरा है।

### ठाकुरगंज हादसे पर योगी सख्त, जेई को किया निलंबित, एई को नोटिस

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज क्षेत्र में शनिवार को नाले में गिरने से एक युवक की दर्दनाक मृत्यु की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए जूनियर इंजीनियर (जेई) को तत्काल निलंबित, सहायक अभियंता (एई) को कारण बताओ नोटिस जारी करने और पीड़ित परिवार को कुल 9 लाख रु. की आर्थिक सहायता (5 लाख रु. मुख्यमंत्री राहत कोष तथा 4 लाख रु. आपदा राहत कोष) से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जनता की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण में बड़ी संख्या में मिले नेपाली-बांग्लादेशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बिहार में निर्वाचन आयोग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने घर-घर जाकर की जांच

निर्वाचन आयोग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने बिहार में मतदाता सूची के जारी के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत घर-घर जाकर जांच की और इस दौरान बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि उचित जांच के बाद 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे।

रिपोर्ट का हवाला देते हुए, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि घर-घर जाकर की गई जांच के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों को बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। निर्वाचन आयोग अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों का एक विशेष गहन पुनरीक्षण करेगा ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकाला जा सके। बिहार में इसी साल चुनाव होने वाले हैं, जबकि अन्य पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल में विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद यह कदम खास महत्व रखता है।



### अगस्त से पूरे देश में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बिहार की तरह ही अगले महीने अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने के लिए सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। कई विपक्षी दलों और अन्य लोगों ने इस व्यापक प्रक्रिया को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था और कहा था कि इससे पात्र नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित होना पड़ेगा। कुछ राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने अपने-अपने राज्यों में पूर्व में किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को जारी करना शुरू कर दिया है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार व्यापक पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में पिछला विशेष गहन पुनरीक्षण, आधार तिथि के रूप में काम करेगा, क्योंकि निर्वाचन आयोग बिहार की 2003 की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कर रहा है।

# श्रृंगला, निकम समेत 4 रास के लिए मनोनीत

- प्रधानमंत्री मोदी ने चारों सदस्यों के योगदान की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी



उज्जवल निकम



हर्षवर्धन श्रृंगला



मीनाक्षी



सदानंदन मास्टर

पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, केरल से भाजपा के नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने इन चार व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा के लिए मनोनीत चारों सदस्यों के योगदान की सराहना की है। मोदी ने निकम की सराहना करते हुए कहा, उज्ज्वल निकम का कानूनी क्षेत्र और हमारे संविधान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। वह न केवल एक सफल वकील रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय के प्रयासों में भी सबसे आगे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने राजनयिक के रूप में श्रृंगला के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पिछले कई वर्षों में उन्होंने भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मोदी ने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि मीनाक्षी जैन को राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। उन्होंने एक विद्वान, शोधकर्ता और इतिहासकार के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में व्याख्याता रहीं जैन पद्मश्री से सम्मानित हैं। वहीं सदानंदन मास्टर की सराहना कर कहा कि उनका जीवन साहस व अन्याय के आगे न झुकने की भावना का प्रतीक है।

# तालाब में नहाने गए दो भाइयों की डूबने से मौत

**रामपुर।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर में रविवार दोपहर तालाब में नहाने गए दो भाइयों की डूब कर मौत हो गई। फतेहपुर गांव निवासी बुद्धि सिंह का बेटा विवेक (8) और वरुण (7) यूकेजी और नर्सरी में पढ़ते थे। रविवार दोपहर दोनों भाई गांव के बच्चों के साथ खेलते हुए तालाब पर पहुंच गए। उसके बाद सभी बच्चे नहाने के लिए तालाब में चले गए। पानी गहरा होने के कारण दोनों भाई उसमें डूब गए। अन्य बच्चों ने शोर किया तो लोग आ गए और दोनों बच्चों को तालाब से निकाला लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। शहजादनगर एसओ हरेंद्र सिंह ने कहा कि दो भाइयों की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजाहै। दो बच्चों की मौतों से परिजनों का बुरा हाल है।



मृतक वरुण और विवेक।

# मालगाड़ी के 18 डिब्बे धू-धू कर जले

**चेन्नई।** उत्तरी तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में रविवार को डीजल ले जा रही एक मालगाड़ी में आग लग गई जिससे 18 डिब्बे जलकर खाक हो गए, जबकि चेन्नई-अरक्कोनम खंड पर ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। इस घटना से रेल यात्रियों को काफी असुविधा हुई।

दक्षिणी रेलवे के अनुसार, डीजल ले जा रही मालगाड़ी के कुछ मध्यवर्ती डिब्बों में लगभग साढ़े पांच बजे तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन को पार करते समय आग लग गई तथा कई अन्य डिब्बे (इंजन से तीसरे डिब्बे के बाद) पटरी से उतर गए थे। मालगाड़ी चेन्नई हार्बर से वालाजा रोड साइडिंग जा रही थी। आग लगने से आसमान में घना धुआं फैल गया।

# उत्तराखंड के चीफ जस्टिस की कार समेत 4 वाहन भिड़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हादसे में दरोगा घायल, बाल-बाल बचे चीफ जस्टिस

**अमृत विचारः** रविवार को रामपुर रोड रामगंगा पुल पर बारिश के दौरान उत्तराखंड के चीफ जस्टिस की कार अन्य कारों से टकरा गई। इस हादसे में पुलिस एस्कार्ट में शामिल दरोगा घायल हो गए, जबकि चीफ जस्टिस बाल-बाल बच गए।

लखनऊ-दिल्ली हाईवे स्थित रामगंगा पुल के पास रविवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे तेज बरसात के दौरान उत्तराखंड के चीफ जस्टिस गुहनाथन नरेंद्र की कार समेत चार वाहन आपस में टकरा गए। इससे पुलिस की एस्कार्ट की गाड़ी में सवार दरोगा राकेश कुमार घायल हो गए। जानकारी पर अधिकारियों में खलबली मच गई। जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल के अलावा अन्य अधिकारी और पुलिस पहुंच गई। जिसके बाद घायल दरोगा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गनीमत रही कि चीफ जस्टिस को चोट नहीं आई। हादसे में चारों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। चीफ जस्टिस को जिलाधिकारी अपने साथ सर्किट हाउस में लेकर पहुंचे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवा दिया गया हैं।

# विदाई समारोह में शुभांशु ने कहा- अंतरिक्ष से भारत महत्वाकांक्षाओं से भरा व निडर दिखता है

- पृथ्वी के लिए अपनी वापसी यात्रा आज शुरू करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने रविवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष से महत्वाकांक्षा, निडरता, आत्मविश्वास और गर्व से भरा नजर आता है। शुक्ला ने भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के 1984 में कहे शब्दों को दोहराते हुए कहा, आज भी भारत ऊपर से सारे जहां से अच्छा दिखता है।

उन्होंने आईएसएस पर एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में यह कहा। शुक्ला ने आईएसएस में अपने प्रवास का जिक्र करते हुए कहा, यह मुझे जादुई सा लगता है यह मेरे लिए एक शानदार यात्रा रही है। वह अपने साथ बहुत सारी यादें और सीख लेकर जा रहे हैं, जिन्हें वह अपने देशवासियों के साथ साझा करेंगे। आईएसएस पर 18 दिन के गहन वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद शुभांशु व तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की विदाई का समय आ गया है और वे सोमवार को पृथ्वी के लिए वापसी यात्रा शुरू करेंगे। शुक्ला व अन्य अंतरिक्ष यात्री- कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड एवं हंगरी के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और टिबोर कापू, 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे।



आईएसएस में विदाई समारोह के दौरान शुभांशु शुक्ला व अन्य अंतरिक्ष यात्री।

# पांच छोटी नदियों को पुनर्जीवित करेंगे आईआईटियन्स

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में 10 विभागों की देखरेख में चल रहा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईआईटी कानपुर, बीएचयू, लखनऊ व रुड़की से टेक्निकल सपोर्ट टीम शामिल

**अमृत विचारः** प्रदेश की 75 छोटी और सहायक नदियों को नया जीवन देने काम शुरू हो गया है। इसमें प्रमुख तकनीकी संस्थानों के आईआईटियन्स और 10 अहम विभागों की सहभागिता से एक समन्वित रणनीति बनाई गई है। नदी पुनर्जीवन कार्य को प्रभावी और सतत बनाने के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश की नदियों के पुनरुद्धार के लिए योगी सरकार उन्नत प्रौद्योगिकी का भरपूर उपयोग कर रही है। इस कार्य में आईआईटी कानपुर, आईआईटी बीएचयू, बीबीएयू लखनऊ और आईआईटी रुड़की जैसे प्रतिष्ठित संस्थान कार्य में तकनीकी मार्गदर्शन दे रहे हैं।

ये संस्थान हर नदी की भौगोलिक, पारिस्थितिक और सामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन कर उपयुक्त पुनर्जीवन योजना बना रहे हैं। वैसे सरकार द्वारा मनरेगा योजना से नदियों के कायाकल्प का कार्य वर्ष 2018 से ही चल रहा है। लेकिन अब इस कार्य को और अधिक संगठित, तकनीकी और व्यापक स्वरूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत जलधाराओं की सफाई, चैनलिंग, वर्षा जल संचयन और पौधरोपण जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

### इन विभागों की देखरेख में संचालन

तैयार किए गए मास्टरप्लान के अनुसार नदी पुनर्जीवन अभियान को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए 10 विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की है। इनमें सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, पंचायती राज, वन, बागवानी, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य, शहरी विकास, उत्तर प्रदेश राज्य जल संसाधन एजेंसी, ग्रामीण विकास और राजस्व विभाग शामिल हैं। इन विभागों के समन्वय से प्रत्येक जिले में योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

### मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बनी अनुश्रवण समिति

हर मंडल में एक अनुश्रवण समिति का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संबंधित मंडलायुक्त कर रहे हैं। यह समिति पुनरुद्धार की योजनाओं का नियमित परीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा करती है। इसका उद्देश्य यह है कि योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त हो।

### जिला गंगा समितियों की भूमिका भी अहम

योगी सरकार ने जल संरक्षण और प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। इसके लिए जिला गंगा समितियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की गई है। ये समितियां स्थानीय स्तर पर नदी तंत्र की निगरानी और जन सहभागिता को बढ़ावा दे रही हैं। यह भी सुनिश्चित करती हैं कि नदी का पुनर्जीवन एक सतत और समावेशी प्रक्रिया बन सके।

# सुपरमैक्स हॉस्पिटल
(A Unit of Supermax Health Care Pvt. Ltd.)



पेट, लीवर एवं आंत रोग विशेषज्ञ

डॉ. एस.के. सिंह

एम.बी.बी.एस., एम.डी. मेडिसिन (गोल्ड मेडलिस्ट)
के.जी.एम.यू. लखनऊ
DNB, FACG गेस्ट्रो (अमेरिकन कॉलेज ऑफ गेस्ट्रोइन्टोलॉजी)
डायग्नोस्टिक एण्ड थेराप्यूटिक एण्डोस्कॉपिस्ट
भूतपूर्व परामर्श चिकित्सक
विवेकानन्द सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मुरादाबाद
पेट एवं लीवर रोग विभाग, के.जी.एम.यू. लखनऊ

निम्न रोगों के विशेषज्ञ

- लीवर सिरोसिस तथा लीवर (जिगर) सम्बन्धित बीमारियाँ
- साधारण पीलिया, डिपोटाइटस बी/सी (काला पीलिया)
- लीवर (जिगर) तिल्ली का बड़ा होना, फैटी लीवर
- गले में रूकावट, खाना निगलने में तकलीफ
- खाने के बाद उल्टी का इलाज
- गैस, बदहजमी (खाना न पचना) अफरा या पेट फूलना
- छाती में जलन/दर्द, खट्टी डकार
- खून की उल्टी और लैट्रिन (टट्टी) में खून आना
- बार-बार दस्त लगना, खूनी दस्त
- भूख न लगना, वजन घटना
- लीवर में मवाद (पस) / फोड़ा
- पेट में दर्द होना
- पेट/आंतो में टी.बी.
- कब्ज/पेट साफ न होना
- पेंक्रियाज की सूचन
- शराब से हुई लीवर (जिगर) की बिमारियाँ
- अल्सरेटिव कोलाइटिस (आई.बी.डी.)
- पित्त की नली, पेंक्रियाज की नली की पथरी या सिकड़न का इलाज

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ



डॉ. नीतू वर्मा

एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (कानुपर)
स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाँझपन रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व परामर्श चिकित्सक
महारानी लक्ष्मीबाई
मेडिकल कॉलेज, झाँसी

परामर्श
समय प्रातः 10:00 बजे से
सायं 03:00 बजे तक

निम्न रोगों के विशेषज्ञ

- गर्भवती महिला का सम्पूर्ण जाँच
- नॉर्मल डिलीवरी एवं दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी
- ऑपरेशन द्वारा बच्चे का जन्म
- बच्चेदानी व अण्डेदानी से रसौली का दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन
- नि:संतान रोगी का जॉच व इलाज
- बच्चेदानी के कैंसर की जाँच व इलाज

जनरल सर्जरी-दूरबीन विधि के द्वारा पित्ते की थैली का ऑपरेशन हार्निया, हाइड्रोसिल एवं अपेंडिक्स के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ENDOSCOPY ERCP
COLONOSCOPY FIBROSCAN
SIGMOIDOSCOPY

Ph.: 0591-3560194
9410477870, 9758362794

Z-16
आशियाना-2, 24 मी. रोड,
निकट विवेकानन्द हॉस्पिटल, अम्बेडकर पार्क,मुरादाबाद
समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एवं
सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक
(रविवार में केवल इमरजेन्सी)

24 घंटे इमरजेन्सी की सुविधा
24 घंटे इमरजेन्सी पैथोलॉजी की सुविधा


### स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 11 स्थानों पर लगाए गए शिविर

# कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर में मुस्तैद डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार और बृजघाट से जल लेकर आने वाले कांवड़ियों को मार्ग में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। कांवड़ियों की चिकित्सा सेवा के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले से 11 स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं। रविवार को अमृत विचार की ओर से इन शिविरों की पड़ताल की तो यहां चिकित्सक, फार्मासिस्ट के साथ ही पूरी टीम ड्यूटी पर मुस्तैद दिखाई दी।

हरिद्वार और बृजघाट से सावन में भूत भावन शिव शंकर के लिए मुरादाबाद से चार लाख से अधिक श्रद्धालु कांवड़ में जल भरकर लाते हैं। समाजसेवी संस्था व संगठनों की ओर से उनके लिए सेवा भाव से जलपान, ठहरने और चिकित्सा शिविर आदि की व्यवस्था की जाती है। कांवड़ियों के लिए पहली बार स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं। चिकित्साधिकारियों का कहना है कि ये अस्थाई शिविर सावन के अंतिम सोमवार तक लगे रहेंगे। वहीं, मोबाइल टीम भी 24 घंटे सक्रिय रहेगी। शिविर में जिनकी ड्यूटी लगाई गई है उनके द्वारा शिथिलता बरतने पर कार्रवाई की जाएगी।



अगवानपुर के पास लगे शिविर में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

- रविवार को अमृत विचार ने की स्वास्थ्य शिविरों की पड़ताल

**केस 1**

**12:25 बजे** – पाकबड़ा जीरो प्वाइंट पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए शिविर में डॉ. सिद्धार्थ के साथ फार्मासिस्ट इंटर्न आकाश, सीएचओ वाणी शर्मा, पीएमडब्ल्यू नीरज और वार्ड ब्यॉय रवि मौजूद थे। प्राथमिक उपचार के लिए दवा आदि सामग्री उपलब्ध थी। इसके अलावा सांप काटने, फ्रैक्चर आदि के इलाज के लिए भी व्यवस्था थी। पाकबड़ा स्थित बाला जी मंदिर के महंत पंकज बाबू बदन में दर्द की दवा लेने पहुंचे थे।

**केस 2**

01:15 – शैरुआ चौराहा पर लगे अस्थाई शिविर में लैब टेक्निशियन सतवीर सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट वीरपाल और स्टाफ नर्स अंजू सैनी ड्यूटी पर मिलीं। डॉ. शामुद्दीन ने बताया कि कांवड़ियों को प्राथमिक उपचार देने के उद्देश्य से सारी व्यवस्था है। अगर गंभीर दिक्कत होती है तो जिला अस्पताल भेजने के लिए एंबुलेंस की भी व्यवस्था है।

### चिकित्सकों व स्टाफ को कांवड़ मेले तक नहीं मिलेगा अवकाश

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्रावण मास में शिव भक्तों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। सभी चिकित्सकों के साथ ही स्टाफ की कांवड़ मेले तक के लिए छुट्टी रद कर दी हैं। चिकित्साधिकारियों के अनुसार सावन के हर सोमवार को शहर के प्रमुख शिव मंदिरों व देवालयों पर एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि कांवड़ियों के लिए जहां-जहां चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं वहां चिकित्सक हाजिरी देते रहेंगे। कांवड़ यात्रा के चलते बड़ी संख्या में मुरादाबाद के साथ ही बरेली, रामपुर, संभल, चंदौसी और बदायूं के शिवभक्त दिल्ली रोड के रास्ते बृजघाट और कांठ-हरिद्वार रोड के रास्ते हरिद्वार से जल लेकर आते हैं। लंबी दूरी तय करने थकान, बुखार, किसी कीड़े के काटने के साथ ही सड़कों पर हादसे होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए चिकित्सकों के साथ ही फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन, स्टाफ नर्स के साथ ही वार्ड ब्यॉय की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई गई है। बताया कि जीवनरक्षक दवाओं में हृदय, सांप काटने, बुखार, दर्द समेत कई रोगों की दवाएं शामिल हैं। पुलिस के मूवमेंट के साथ एंबुलेंस भी मौके पर दौड़ेंगी।

# सावन:आज शिवालयों में उमड़ेंगे कांवड़िया

### सावन के पहले सोमवार पर जलाभिषेक करने को रविवार को जल लेने बृजघाट पहुंचे कांवड़िये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्रावण मास के पहले सोमवार को लेकर दिल्ली हाईवे बोल बम के जयकारों से गूंजा। हर ओर से गुजरते वाले कांवड़ियों के कारण अलग ही छटा दिखाई दे रही है। जल लेने जाने वालों में डाक कांवड़ियों की संख्या अधिक दिख रही है। रविवार सुबह से ही दिल्ली रोड की छटा अलग ही दिखाई दे रही थी। दूर-दूराज के कांवड़िये हरिद्वार और ब्रजघाट से गंगाजल लेकर गंतत्व की ओर रवाना होने लगे हैं।

रविवार की रात तक शिवभक्त मंजिल पर पहुंच गए थे। सोमवार की भोर में ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो जाएगा। भगवान शिव को सबसे ज्यादा प्रिय सावन का महीना है। हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की विधि विधान से पूजा करने पर हर मनोकामना पूरी होती है। इसी महीने में ही कांवड़ यात्रा निकाली जाती है।

कांवड़ यात्रा के दौरान शिव भक्त गंगा नदी से पवित्र जल भरते हैं और लंबी यात्रा करके भगवान शिव को जल अर्पित करते हैं। 11 जुलाई से सावन कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। शिवालयों की साफ-सफाई से लेकर भव्य सजावट की गई है।

महानगर के चौरासी घंटा मंदिर पर काफी संख्या में शिव भक्त जलाभिषेक करेंगे। केसरिया रंग में रंगने लगा शहर सावन माह के शुरू होते ही शहर में जगह-जगह केसरिया ध्वज की दुकानें सज गई हैं। भोले बाबा के चित्र के साथ केसरिया ध्वज सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

इसके अलावा हर-हर महादेव लिखी टीशर्ट, स्टॉल व गमछे की बिक्री होने लगी है। शहर में भोले बाबा के भक्त अपनी बाइक, स्कूटी के लिए ध्वज की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं रविवार को हाईवे पर कांवड़ियों की भीड़ उमड़ी। भारी संख्या में शिव भक्त जल लेने के लिए बृजघाट के लिए रवाना हुए। जिसके बाद देर रात तक कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला जारी रहा।

- भोले के चित्र के साथ केसरिया ध्वज कर रहा आकर्षित


गंगाजल लेकर आता शिव भक्त। ● अमृत विचार


हरिद्वार से गंगाजल लेकर मुरादाबाद स्टेशन रोड से गुजरते शिव भक्त। ● अमृत विचार


गंगाजल लेने जाते शिवभक्त। ● अमृत विचार

### प्रधान व सचिव पर शिवालयों में सफाई और सजावट की जिम्मेदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सावन में सोमवार को होने वाले जलाभिषेक के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा ने बताया कि प्रधान और सचिव सोमवार को शिवालयों पर स्वयं उपस्थित रहकर जल, प्रकाश, साफ-सफाईआदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। गलियों, रास्तों की विशेष सफाई कराई जाएगी। खंड विकास अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वह अपने क्षेत्रों के प्रसिद्ध शिवालयों पर निगरानी रखें। प्रशासन ने सभी ग्राम पंचायतों से शिवालयों की रंगाई-पुताई, फूलों की सजावट और धार्मिक वातावरण निर्माण के लिए आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं। बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा को लेकर भी संबंधित विभागों से समन्वय करने के निर्देश दिए गए हैं। सावन के पहले सोमवार को भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने आमजन से भी सहयोग की अपील की है।

# संभल के हरिहर मंदिर में होगा जलाभिषेक


बैठक के दौरान मौजूद शिव सेवा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांठ रोड स्थिति शादी हॉल में शिवसेना की बैठक में शिवसैनिकों ने एक फैसला लिया है। जिसमें 27 जुलाई को संभल के हरिहर मंदिर में जलाभिषेक करने की बात पर सर्वसम्मति से मुहर लगी।

रविवार को बैठक की अध्यक्षता कर रहे शिवसेना जिला प्रमुख गुड्डू सैनी ने बताया कि संभल स्थित श्री हरिहर मंदिर में शिव शंकर के जलाभिषेक के लिए पश्चिम उत्तर प्रदेश के समस्त पदाधिकारी 27 जुलाई को शिवसेना जिला कार्यालय से संभल के लिए कूच करेंगे। शिवसेना राज्य प्रमुख ललित मोहन शर्मा शिवसैनिकों का नेतृत्व करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी भी पहुंचेंगे। प्रदेश प्रमुख ने हरिद्वार से 24 को जल लाने का निर्देश दिया। राज्य सचिव रामप्रसाद प्रजापति व शिवसेना मंडल प्रमुख नितिन वर्मा ने बताया कि 1000 शिव सैनिक इस बार संभल कूच करेंगे। बैठक का संचालन शिवसेना बाबा कुशल सिंह ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से जिला उप प्रमुख राकेश कुमार प्रजापति, कपिल कुमार,पुष्पा सिरोही,ओम प्रकाश सैनी, प्रमोद सागर, जिला वरिष्ठ प्रमुख विनोद कुमार सिरोही, तिलक सैनी समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

- 27 को महानगर में जुटेंगे प्रदेश के पदाधिकारी

# कांवड़ शिविरों में अस्थायी बिजली कनेक्शन अनिवार्य, अब तक एक भी आवेदन नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांवड़ियों की सेवा में लगने वाले शिविर के संचालकों को विद्युत आपूर्ति को अस्थायी कनेक्शन लेना पड़ेगा। हालांकि अभी तक कोई आवेदन नहीं आया है। दिल्ली रोड, कांठ रोड और रामपुर रोड सहित विभिन्न मार्गों पर कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में रात्रि विश्राम, जल पान, स्वास्थ्य सेवाएं और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। ऐसे में बिना कनेक्शन लिए बिजली का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार अग्रवाल ने बताया कि शिविरों में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति के लिए बिजली विभाग द्वारा अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी संचालक बिना अधिकृत कनेक्शन के बिजली का उपयोग न करें। लेकिन अभी तक कोई आवेदन नहीं आया है।उन्होंने बताया कि अस्थायी कनेक्शन के लिए संबंधित उपकेंद्र पर आवेदन करना होगा। इसके अंतर्गत शिविर की लोकेशन,अनुमानित विद्युत लोड और उपयोग किए जाने वाले उपकरणों का विवरण देना आवश्यक है। निर्धारित शुल्क जमा कराने के बाद विभाग द्वारा कनेक्शन दो दिन के भीतर दिया जाएगा। शिविर में कनेक्शन को एसडीओ और जेई जाकर आवेदन लेंगे। साथ ही कनेक्शन न लेने पर बिजली का उपयोग पाए जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

इस संबंध में मुख्य अभियंता अरविंद सिंघल ने बताया कि शिविरों के लिए अस्थायी कनेक्शन को आवेदन कर लें। जो दो दिन में दिया जाएगा। हाई टेंशन लाइन के नीचे और बिजली के खंभे से दूरी बनाकर शिविर लगाए। ओवरलोडिंग या अवैध कनेक्शन मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। शिविरों के आसपास लगाए गए ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग व एचटी लाइन को सुरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है।

- बिजली के खंभे से दूर व हाईटेंशन लाइन के नीचे शिविर न लगाने की बिजली विभाग ने दी नसीहत
- बिना कनेक्शन लिए बिजली उपयोग करते मिलने पर होगी कार्रवाई नियमावली जारी

# 20 को राधाकृष्ण मंदिर में होगा सामूहिक रुद्राभिषेक


आयोजन समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रुद्राभिषेक आयोजन समिति की बैठक रविवार को लाजपत नगर में हुई। इसमें 20 जुलाई रविवार को होने वाले सामूहिक रुद्राभिषेक सफल बनाने की योजना बनाई गई।

समिति के मुख्य संयोजक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि इस वर्ष 21वां सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इसे विशेष बनाने के लिए नर्मदा के तट से मंगाए गए स्वयं में प्राण प्रतिष्ठित नर्मदेश्वर शिवलिंग का अभिषेक किया जाएगा। हरिद्वार से गंगा जल, काशी से भस्म, मलय से अष्टगंध चन्दन, के साथ दूध-दही, शहद, घी, शक्कर,भांग, बेलपत्र, धतूरा फूल, शमीपत्र, कनेर पुष्प, फल मिष्ठान आदि से महादेव का अभिषेक 20 जुलाई रविवार को प्रातः 8.00 बजे से राधाकृष्ण मंदिर दिल्ली रोड में होगा। बैठक की अध्यक्षता मनोज व्यास ने और संचालन राकेश अत्रि ने किया।बैठक में मुकुल व्यास, श्याम शुक्ला, नितिन दुबे,गगन शर्मा, संजय सक्सेना, शकुंतला शर्मा, पंकज आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

### रामगंगा विहार स्थित एमआईटी कॉलेज में कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन

# 'नवांकुर' में गूंजीं युवाओं की कविता और शायरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अल्फाज अपने फाउंडेशन के पहले युवा साहित्यिक कार्यक्रम ''नवांकुर'' का आयोजन रविवार को रामगंगा विहार स्थित एमआईटी कॉलेज में हुआ।

महानगर शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए युवा कवियों व शायरों ने रचनाओं से दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से हुई। आयोजकों ने कहा कि यह मंच उन युवाओं के लिए है, जिनके भीतर साहित्य के प्रति गहराई, भावना और विचारों की चमक है, लेकिन उन्हें मंच नहीं मिल पाता।

शायर जिया जमीर की गजलों और शेरों ने श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। गीतकार मयंक शर्मा ने युवा लेखन को दिशा देने वाली बातें साझा कीं। डॉ. विशेष गुप्ता, संजीव आकांक्षी, धवल दीक्षित, गीतांजलि पांडेय, रमेश आर्य, रवि यदुवंशी, कमल गोला, आलोक, डॉ. मनोज रस्तोगी, आदि अतिथियों ने कहा कि यह मंच भविष्य में मुरादाबाद को कई नए साहित्यिक नाम देगा। संस्था की संस्थापिका अभिव्यक्ति सिन्हा ने बताया कि 'नवांकुर' युवाओं का कवि सम्मेलन एवं मुशायरा सफल रहा और इसे आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे युवा लेखकों को प्रेरणा और दिशा मिलती रहे।संचालन आकृति सिन्हा ने किया, अमर सक्सेना ने व्यवस्था देखी और अभिव्यक्ति सिन्हा ने आभार जताया। ऋषभ, अक्षय, सागर, आदि ने टीम के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान नेपाल सिंह पाल, स्पर्श गुप्ता, आदित्य भटनागर, अंकित सपरा, सतवीर, मनोज मनु, शुभम कश्यप, ईशान, मानसी, रविता पाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

- शायर जिया जमीर की गजलों और शेरों ने वाहवाही बटोरी
- गीतकार मयंक शर्मा ने युवा लेखन का किया मार्गदर्शन



साहित्यिक कार्यक्रम में रचना प्रस्तुत करते प्रसिद्ध शायर जिया जमीर। ● अमृत विचार

### संवेदनाओं के साथ समकालीन विषयों की दिखी झलक

वार्तिक श्रीवास्तव, चेतन विश्नोई, अरविंद गौतम, सकलैन हैदर, साहिल गुल आदि ने रचनाओं से कार्यक्रम में समा बांध दिया। कविता, शायरी, गीत और मुक्तक जैसे विविध विधाओं में युवाओं ने प्रस्तुतियां दीं – जिनमें संवेदनाएं, प्रेम, आत्मनिरीक्षण और समकालीन विषयों की झलक दिखाई दी।

### आज का मौसम

बादलों की आवाजाही रहेगी, छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है।

32.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 07:26 | सूर्यास्त 07:16

### शहर में आज



- पंचायत राज विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला पंचायत सभागार में सुबह 10 बजे से
- दीनदयाल नगर स्थित साईं मंदिर में कार्यक्रम सुबह 10 बजे
- कांग्रेसियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन सुबह 11:00 बजे

## गर्दन में अकड़न, सिर, कमर व पैरों की नसों में दर्द से युवा परेशान

# युवाओं में स्पोंडिलोसिस की परेशानी, रोज पहुंच रहे 10 मरीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अनियमित दिनचर्या, लैपटॉप और मोबाइल के अधिक प्रयोग से जिले के युवा सर्वाइकल और स्पोंडिलोसिस की चपेट में आ रहे हैं। गर्दन में अकड़न, सिर, कमर व पैरों की नसों में दर्द से परेशान युवा जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार मेडिसन ओपीडी में इस समस्या को लेकर हर रोज दस मरीज आ रहे हैं, जिसमें 50 प्रतिशत युवा शामिल हैं।

आज कल मोबाइल लोगों का हिस्सा बन गया है। दिन हो या रात लोग ज्यादातर समय मोबाइल पर ही बिता रहे हैं। इससे लोगों का कंधा दर्द करने लगता है। मुख्य परामर्शदाता डॉ. ब्रम्ह सिंह ने बताया कि घंटों सिर झुकाए रहने से स्पाइनल कॉर्ड की डिस्क में खराबी आने लगती है, जिससे कंधा जाम हो जाता है। जिससे रोगियों को हाथ घुमाने, उठाने में तकलीफ हो जाती है। कुछ वर्षों से सर्वाइकल-स्पोंडिलोसिस की बीमारी तेजी से बढ़ी है।

इसमें शुरुआत में गर्दन की नसों में दर्द व अकड़न महसूस होती है। समय से इलाज न कराने के कारण यह गर्दन से हाथ व कमर के नीचे पहुंच जाता है। मरीज को चक्कर व उल्टी भी आने लगती है। यह समस्या ऊंचा सिरहाना, लैपटॉप पर लगातार घंटों काम करना, गर्दन झुकाकर मोबाइल चलाने से मांसपेशियों में तनाव होने से बढ़ रही है। इलाज के साथ फिजियोथिरेपी से मरीज ठीक भी हो रहे हैं।

- डॉक्टर के अनुसार लंबे समय तक गलत मुद्रा में बैठना, स्क्रीनिंग टाइमिंग बढ़ना मुख्य कारण

### 14-15 वर्ष के बच्चों को भी हो रही दिक्कत

डॉ. ब्रह्म सिंह ने बताया कि इस समस्या से बड़े व बुजुर्ग ही परेशान नहीं हैं। 14-15 वर्ष की आयु के बच्चे भी इस बीमारी के शिकार हो रहे हैं। घंटों सिर झुकाकर मोबाइल फोन की स्क्रीन देखते रहने के कारण उनके कंधे जाम हो रहे हैं।

### ऐसे करें बचाव

- कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल पर काम करते समय अपनी पीठ और गर्दन हमेशा सीधी रखें।
- ऐसी मेज और कुर्सी का चुनाव करें जिस पर काम करते समसय आपको आगे की ओर झुकना न पड़े।
- सोते समय तकिए का इस्तेमाल न करें, बिना तकिए के सोने में दिक्कत हो तो ध्यान रहे कि तकिए की ऊंचाई छह इंच तक हो।
- नियमित योगाभ्यास इस समस्या का सही समाधान है।
- किसी विशेषज्ञ से सीखने के बाद इन आसनों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।




## कमेटी की रकम हड़पने का आरोप, दो नामजद आरोपियों पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** एक व्यक्ति ने तीन लाख रुपये की कमेटी की रकम हड़पने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए दो नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना कटघर क्षेत्र के बसंतपुर राम राय निकट डियर पार्क निवासी अनिल कुमार ने पुलिस में दी गई शिकायत में बताया कि अक्टूबर 2023 में उन्होंने 20 माह की किस्तों में तीन लाख रुपये की कमेटी अनिता यादव निवासी लाजपत नगर महमुल्लागंज के पास डाली थी। अनिल का कहना है कि मई 2025 में उनकी कमेटी पूरी हो गई, जिसमें कुल तीन लाख रुपये जमा हो चुके थे। जब उन्होंने 7 मई 2025 को अपनी रकम वापस मांगी तो अनिता और कौशल ने रुपये देने से इंकार कर दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि यदि शिकायत की तो जान से मरवा देंगे। पीड़ित ने बताया कि वह मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं। इस संबंध में थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि प्रार्थी की तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चुनाव में धांधली और हेराफेरी करने वालों से है कांग्रेस का मुकाबला

## संगठन सृजन अभियान के तहत महानगर पहुंचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी दानिश अली बोले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पत्रकारों से बात करते पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी कुंवर दानिश अली, साथ में अन्य।

**अमृत विचार:** कांग्रेस के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने मोदी, भाजपा और आरएसएस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम को गरीब जनता को लाइन में लगाने की आदत है इसलिए पहले नोटबंदी करके लाइन में लगाया था और अब वोटबंदी करके लाइन में लगा रहे है। बोले, प्रधानमंत्री अपनी डिग्री दिखा नहीं रहे हैं और गरीबों से प्रमाणपत्र मांग रहे हैं।

संगठन सृजन अभियान के तहत पश्चिमी उप्र के जिलों का दौरा कर रहे पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली रविवार को महानगर अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम के शिविर कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस का मुकाबला चुनाव में धांधली और हेराफेरी करने वालों से है इसलिए पार्टी बूथ स्तर पर मजबूत संगठन तैयार कर रही है। कांग्रेस नेतृत्व व ब्लॉक स्तर के अध्यक्षों को आपस में रूबरू कराने के लिए मेरठ में 16 जुलाई को सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में ब्लॉक अध्यक्षों को पार्टी हाईकमान से बातचीत करने का मौका मिलेगा।

भाजपा ने महाराष्ट्र चुनाव में चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोटों में धांधली की थी और अब बिहार में भी यही करना चाहती है। गरीब और शोषित समाज से माता-पिता के सार्टिफिकेट मांग रहे हैं। उन्होंने कटाक्ष कि प्रधानमंत्री अपनी डिग्री दिखा नहीं रहे हैं और गरीबों से प्रमाणपत्र मांग रहे हैं। बिहार में हर वर्ष आने वाली बाढ़ में लाखों घर डूब जाते हैं जिनका सारा सामान बह जाता है, ऐसे लोगों से सार्टिफिकेट मांगना हास्यप्रद है।

जननायक बनकर उभरे राहुल गांधी ने कहा दिया है कि जिसके साथ भी अन्याय होता है वह उसके साथ हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाने पर रिपोर्ट दर्ज करने को असहिष्णुता करार दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, हाजी रिजवान कुरैशी, जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर, महानगर अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम, असद मौलाई, अनुभव महरोत्रा, महासचिव मोहम्मद सलीम उर्फ सोनी सैफी व सचिव मोअज्जम अली समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

- कहा- भाजपा और आरएसएस को संविधान में विश्वास नहीं

### कांवड़ यात्रा का कर दिया राजनीतिकरण

कांवड़ यात्रा के दौरान शराब की दुकानों को तिरपाल से ढकने व मांस की दुकानें बंद करने को पक्षपातपूर्ण फैसला बताया। बोले, कांवड़ यात्रा सैकड़ों वर्षों से निकल रही है। भाजपा ने इसका राजनीतिकरण कर दिया है। भाजपा लगातार बहुसंख्यक समाज का तुष्टीकरण कर रही है जबकि संविधान ने सबको बराबर का अधिकार दिया है। स्कूल बंद करने के यूपी सरकार के फैसले की आलोचना की है।

## ड्रोन उड़ाकर गांव वालों की नींद हराम कर रहे शरारती तत्व

**छजलैट, अमृत विचार:** शरारती तत्व क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों में रात्रि के समय ड्रोन उड़ाकर ग्रामीणों की नींद हराम कर रहे हैं। पुलिस ने रात्रि में गश्त कर शरारती तत्वों की धर पकड़ अभियान चलाने के लिए रूपरेखा तैयार कर ली है।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम सीमला, मूंडाखेड़ी, मधी, फोल्डा पट्टी, इस्माइलपुर आदि ग्रामों में तीन दिन पूर्व रात्रि के समय ग्रामीणों ने ड्रोन कैमरे उड़ते हुए देखे हैं। ग्रामीण शरारती तत्वों को चोर समझ कर रात्रि जागरण कर रहे हैं। इन सभी ग्रामों में समाचार लिखे जाने तक कहीं कोई चोरी का मामला प्रकाश में नहीं आया है। सीमला के ग्राम प्रधान लाल सिंह, फोल्डा पट्टी के प्रधान असलम अली ने रात्रि में ड्रोन कैमरे उड़ने की पुष्टि करते हुए बताया कि ग्रामीण चोरी की आशंका से त्रस्त हैं। इस संबंध में एक ड्रोन की वीडियो भी वायरल हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस रात्रि गश्त पर ड्रोन चलाने वाले लोगों को पकड़ने के लिए योजना तैयार की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव त्रिपाठी ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी निगाह है। उन्होंने बताया कि रविवार को पुलिस गश्त कर असामाजिक तत्वों को पकड़ने का प्रयास करेगी।

# सहारा अमन कमेटी को सशक्त बनाने पर चर्चा



सहारा अमन कमेटी की बैठक में पत्र देते पदाधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सहारा अमन कमेटी की बैठक रविवार को कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने और नए पदाधिकारियों की नियुक्ति को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में महानगर अध्यक्ष साजिद अंसारी ने संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर रणनीति साझा की। उन्होंने बताया कि संगठन को वार्ड स्तर तक मजबूत किया जाएगा ताकि समाज में शांति, भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा दिया जा सके। इस दौरान मोहम्मद इदरीश को महानगर सहारा अमन कमेटी का सचिव नियुक्त किया गया। उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा गया और संगठन की ओर से अपेक्षा जताई गई कि वह संगठन के उद्देश्यों का पालन करते हुए सक्रियता से कार्य करेंगे। मीडिया प्रभारी नौशाद अली ने कहा कि संगठन के प्रत्येक सदस्य को सामाजिक समरसता के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। कच्चा बाग क्षेत्र के समाजसेवियों शाहनवाज और शराफत भाई को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अध्यक्षता हाजी यूसुफ अंसारी ने की और संचालन मीडिया प्रभारी नौशाद अली ने किया। बैठक में सूफी वसीम अहमद कादरी, एम ताहिर, साजिद अंसारी, प्रदेश सचिव फहीम उर्फ टीटू, मोहम्मद सलीम उर्फ मामा, जियाउल करीम, मोहम्मद राजा, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद शराफत समेत अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### वार्ष्णेय जागृति समिति की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष बनीं सुनीता वार्ष्णेय



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वार्ष्णेय जागृति समिति की ओर से रविवार को कांठ रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन हुआ। दिल्ली की सुनीता वार्ष्णेय को समिति को महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। अलीगढ़ की दुर्गेश वार्ष्णेय को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी। समिति के राष्ट्रीय महामंत्री योगेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मुंबई के सुनील वार्ष्णेय को आर्थिक सहायता कोष का अध्यक्ष चुना गया। ऑडिटर पद की जिम्मेदारी अलीगढ़ के सीए गौरव वार्ष्णेय दी। युवा महासभा के अध्यक्ष बहजोई विकास वार्ष्णेय को बनाया। चंदौसी के सौरभ वार्ष्णेय को युवा महासभा का महामंत्री मनोनीत किया गया। वहीं महासभा का प्रधान सर्वसम्मति से दिल्ली के सुशील वार्ष्णेय को चुना। इस अवसर पर उप प्रधान डॉ. आरके गुप्ता और पार्षद विनोद कुमार वार्ष्णेय को सम्मानित किया। क स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रबंधक शशांक वार्ष्णेय और महामंत्री जितेंद्र वार्ष्णेय शामिल रहे।

### जोगेंद्र पाल बने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की प्रदेशीय प्रबंध कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों/सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन सरस्वती विद्या मंदिर अलीगंज लखनऊ में हुआ। जिसमें निर्वाचन अधिकारी दिलीप सरदेसाई ने प्रो. संजय मेधावी को अध्यक्ष, मुरादाबाद के एसएस इंटर कॉलेज के प्रवक्ता जोगेंद्र पाल सिंह को महामंत्री, डॉ. उदयन मिश्रा को कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ कमल कौशिक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ0 अम्बरीष सिंह को संयुक्त महामंत्री, नीलमणि शुक्ला को कोषाध्यक्ष घोषित किया। जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन का भी मार्गदर्शन मिला। निर्वाचन में साधारण सभा/प्रतिनिधि सभा के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार, डॉ निर्मला यादव, अजीत सिंह, भगवती सिंह उपस्थित रहे।

### नये रोटेरियन का फूल माला पहनाकर किया स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रासिटी स्टार्स का अधिष्ठापन समारोह रविवार को राम गंगा विहार स्थित रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष 2025-26 रोटेरियन सीए नितिन कुमार अग्रवाल व रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 की प्रथम महिला रोटेरियन प्रीति अग्रवाल रहे। सचिव 2024-25 भरत अग्रवाल ने वर्षभर की रिपोर्ट दी। मुख्य अतिथि रोटेरियन सीए नितिन कुमार अग्रवाल द्वारा अक्षय जैन को कॉलर पहनाकर क्लब अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा। क्लब अध्यक्ष अक्षय जैन ने सबसे अपने बोर्ड का परिचय कराया। इसके बाद क्लब द्वारा किये जाने वाले कार्य के बारे में सचिव भरत अग्रवाल ने अवगत कराया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष रोटेरियन नितिन अग्रवाल ने बताया कि इस बार क्या क्या नये बदलाव किए गए हैं और क्लब किस तरह से क्या काम करेगा। कार्यक्रम में डीआरएफसी ललित मोहन गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, राकेश सिंघल, राजीव रस्तोगी, रीजनल कोऑर्डिनेटर विकास अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, अमित गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मजदूरी के रुपये न मिलने पर ट्रैक्टर में लगाई आग

**डिलारी, अमृत विचार:** गांव रहटा माफी में मजदूरी के रुपये न देने पर ट्रैक्टर में आग लगाने की घटना सामने आई है।

गांव निवासी दीपांशु और शिवम ने गांव निवासी जुनैद की ट्रैक्टर-ट्रॉली पर मिट्टी खोदकर भरने का काम किया था। रविवार को दीपांशु व शिवम मजदूरी की रकम मांगने जुनैद के घर गए थे। इसी बात को लेकर तीनों में झगड़ा हो गया। आरोप है कि दीपांशु और शिवम ने घर में खड़े ट्रैक्टर में आग लगा दी जिससे टैक्टर जलकर बेकार हो गया। आग की तेज लपटें उठती देख ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। आग बुझाने में कई लोगों के हाथ झुलस गए, पीड़ित ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन किया।

## इमाम पर मदरसे में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत ढकिया में मदरसे के हॉस्टल में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना से सनसनी फैल गई।

नगर स्थित एक मदरसा में छात्राएं इस्लाम की शिक्षा लेती हैं। नगर निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीया पुत्री मदरसे के हॉस्टल में रहकर दीनी तालीम हासिल कर रही थी। 6 जुलाई की रात छात्रा कमरे में सहपाठियों के साथ सो रही थी। आरोप है कि मदरसे का इमाम छात्रा के पास आया और जबरन मुंह में कपड़ा ठूंस कर अपने कमरे में खींच कर ले गया और बुरी नीयत से दबोच कर अश्लील हरकतें करने लगा। छात्रा के विरोध करने पर उसे मारा पीटा तमंचा कनपटी पर सटाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। छात्रा को परिवार समेत जान से मारने की धमकी देकर डरा दिया।

10 जुलाई को छात्रा घर आकर गुमसुम रहने लगी। परिजनों के पूछने पर पीड़िता ने आपबीती बताई, जिसे सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। पीडिता की मां ने थाना डिलारी को इमाम के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी डिलारी मनोज कुमार ने बताया कि घटना की विस्तार से जांच की जा रही है सही तथ्य पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

- पीडिता की मां ने थाना डिलारी में नामजद तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

# दिनभर धूप, शाम को बारिश से राहत



स्टेशन रोड पर बारिश में गुजरते लोग। • अमृत विचार



राहत...प्रभात मार्केट में नहीं हुआ जलभराव। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सावन के महीने में हो रही छिटपुट बारिश से गर्मी से राहत मिलने पर शाम को मौसम सुहाना हो गया। आधे घंटे की बारिश से ही लोगों को उमस न होने पर सुकून मिला।

शनिवार के बाद रविवार को भी दिन भर धूप के बाद शाम को पांच बजे के करीब अचानक बारिश होने लगी। बारिश के साथ हवा से मौसम सुहाना हो गया। अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की कमी होने का अनुमान है।

वहीं बारिश के बाद महानगर के प्रभात मार्केट, करूला, बुध बाजार आदि क्षेत्र में नगर निगम की टीमों ने पहुंचकर सफाई व्यवस्था देखी। बुध बाजार, करूला व अन्य कहीं भी जलभराव नहीं हुआ। करूला नाला से भी जलनिकासी होती रही। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों को अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

- नगर निगम ने कराई थी सफाई नहीं हुआ जलभराव

**दिक्कतों भरा सफर** | बिना अस्थाई बस स्टैंड बनाए अचानक रोडवेज बसों की डिपो तक आने पर लगा दी रोक

# अस्थायी बस स्टैंड निर्माण में ढिलाई, यात्री उठा रहे परेशानियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मुरादाबाद डिपो पर बस के इंतजार में खड़े यात्री। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** अस्थायी बस अड्डों के निर्माण में परिवहन विभाग की लापरवाही साफ नजर आ रही है। कांवड़ यात्रा के दौरान अस्थाई बस स्टैंड बनाए जाने थे, जो कि समय रहते नहीं बनाए गए। रविवार को अचानक रोडवेज की बसों को डिपो तक आने से रोक दिया गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं सैकड़ों यात्री पूरे दिन बसों का इंतजार करते रहे। यात्रियों को सही जानकारी देने में डिपो कर्मचारी खुद को अंजान बता रहे थे।

सावन मास में प्रतिवर्ष कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और आम यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम की ओर से शहर में अस्थायी बस स्टैंड बनाए जाते हैं। इन बस स्टैंडों से दिल्ली, हरिद्वार, मेरठ, संभल, चंदौसी, बहजोई और बदायूं जैसे मार्गों के लिए बसों संचालन किया जाता है। लेकिन इस बार अब तक नया अस्थायी बस स्टैंड नहीं बनाया गया बल्कि पूर्व निर्धारित पुराने बस अड्डों पर बसों के संचालन पर सुबह 10:27 मिनट पर रोक लगा दी गई। जिसके परिणामस्वरूप यात्रियों को बसों के इंतजार में घंटों भटकना पड़ रहा है। अचानक डिपो पर रोडवेज बसों के आने पर रोक लगा कर नई अस्थाई बस स्टैंड की जगहों पर यात्रियों के बैठने, छांव, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं की गई। बाहर आने वाले यात्रियों के लिए कोई संकेत बोर्ड भी नहीं लगाए, जहां डिपो पर भी कोई कर्मचारी बाहर से आने यात्रियों को सही जानकारी देने वाला नहीं था। अस्थायी बस स्टैंडों के अभाव में यात्रियों को मुख्य बस अड्डे तक पहुंचने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि सावन के चलते कई मार्गों पर कांवड़ यात्रा के कारण आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है ।यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में परिवहन विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो सावन के पूरे माह यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

रिश्तेदारी में धामपुर से मुरादाबाद आई थी, अब वापस धामपुर जाना है। दो घंटे से खड़ी हूं बस नहीं मिल रही कोई बताने वाला भी नहीं है कि धामपुर की बस कहां से मिलेगी। **- आनंदी देवी यात्री**

काशीपुर दवा लेने आया था मैं बिहार का रहने वाला हूं। यहां से मुझे गुड़गांव की बस में जाना था, वहां से मुझे बिहार की बस पकड़नी है। 12 बजे से अब तक बस नहीं आप आई है। **- सुभाष यात्री।**

भोजपुर के रहने वाले हैं 12 बजे मुरादाबाद डिपो पर आ गए थे, दिल्ली जाना है। लेकिन 2 बजे तक कोई बस दिल्ली जाने वाली डिपो पर नहीं आ पाई है। **-रेहान चौधरी**

अचानक बसें रोक दी गईं। पहले से कोई व्यवस्था नहीं की गई। यात्री परेशान घूम रहे हैं, वही रोडवेज बसों को डिपो तक आने नहीं दिया जा रहा है। अस्थाई व्यवस्था से पहले स्थाई व्यवस्था नहीं बदलना चाहिए थी। **-रोहतास सिंह**, परिचालक

अचानक प्रशासन की 10 : 27 मिनट पर बसों के आने पर रोक लगा दी जिसके आनन फानन दिल्ली मेरठ और संभल बदायूं जाने वाली बसों ट्रांसपोर्ट नगर पर रोक दिया गया। रोडवेज की कोई तैयारी नहीं थी। जिसके कारण यात्रियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। अभी दो दिन में व्यवस्था सही हो पाएगी। **-रियाज उद्दीन**, स्टेशन इंचार्ज

## दो घरों से जेवर और नकदी चोरी

**मैनाठेर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के रसूलपुर हमीर में देर रात चोरों ने दो घरों को निशाना बना लाखों रुपये के जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए।

रसूलपुर हमीर निवासी मुनब्बर ने थाने में तहरीर दी कि देर रात चोर कूमल लगा घर में घुस गए और सेफ अलमारी की दराज का लॉक तोड़कर जेवरात ओर एक लाख रुपया की नकदी लेकरफरार हो गए। सुबह उठे तब चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने मौका मुअयना किया। मुनब्बर का कहना है कि करीब तीन लाख रुपये के जेवर-नकदी चोरी हुई।

इसी गांव में एक अन्य घर में कूमल लगाकर घुसे चोर संदूक में रखे 63000 रुपये कपडे ले गए। पीडित मो. यासीन ने बताया की उसकी बेटी का ओप्रशन हुआ था बो अपनी बेटी के साथ मुरादाबाद अस्पताल में थे। घर पर अब्बा ही थे जिसका फायदा उठाकर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इंस्पेक्टर किरणपाल सिंह ने बताया कि जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा।

# करंट से बालक की मौत... उसे देख घर लौट रही बालिका ऑटो की चपेट में आई

## अनाबिया के पेट से उतरा ऑटो का पहिया, दो बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम

संवाददाता, कुंदरकी

- चार्ज पर लगा था ई-रिक्शा स्टैबलाइजर में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आया आरब

**अमृत विचार :** रविवार को थाना क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम भीकनपुर कुलवाड़ा में अलग-अलग हादसों में दो बच्चों की जान चली गई। परिजनों का रोते रोते बुरा हाल है।


मृतका अनाबिया।

रविवार सुबह करीब 7:30 बजे ग्राम निवासी इसरार का ई-रिक्शा चार्ज हो रहा था तभी उसके बेटा आरब(4) ने स्टैबलाइजर पर हाथ रख दिया। उसमें करंट दौड़ रहा था। आरब करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से ग्रामवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। मां शाहीन जहां सहित परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। दूसरी ओर सूचना पर ग्राम निवासी इंतजार की बेटी अनाबिया(6) भी आरब के घर गई थी। लोगों ने बताया कि बच्ची एक बार तो घर लौट आई लेकिन कुछ समय बाद फिर चली गई। सुबह 8:30 बजे वह घर आने को सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान बिलारी की दिशा से आ रहे ऑटो ने बच्ची को टक्कर मार दी। ऑटो का पहिया बच्ची के पेट से उतर गया। अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अनाबिया परिवार में तीन बहन भाइयों में सबसे बड़ी थी और गांव स्थित स्कूल में कक्षा एक की छात्रा थी। मां नसरीन जहां का रोते-रोते बुरा हाल है। दोनों बच्चों को बिना किसी पुलिस कार्रवाई के गांव के ही कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

## पिता-पुत्र की सड़क दुघर्टना में मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

- विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित कार ने मारी बाइक को टक्कर

**डिलारी/भोजपुर अमृत विचार:** पुलिस चौकी जलालपुर के पास अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया।

रविवार सुबह 11:00 बजे थाना भोजपुर के गांव रूस्तमपुर तिगरी उर्फ भोपुर निवासी चंद्रपाल, पत्नी सविता, पुत्र विशेष के साथ बाइक से रिश्तेदारी में ठाकुरद्वारा जा रहे थे। तभी मुरादाबाद काशीपुर हाईवे पर विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी। चंद्रपाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सविता और विशेष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर थाना डिलारी पुलिस ने शको कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। घायलों को जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कर दिया। उपचार के दौरान बेटे विशेष को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। पिता पुत्र के शवों को पीएम के लिए मोर्चरी पर रखा गया है। दुर्घटना के बाद कार चालक ने पुलिस चौकी में सरेंडर कर दिया। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गांव वालों की आंखें नम हो गई।

## दो युवकों के खिलाफ पॉक्सो व दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने एक गांव निवासी दलित की तहरीर पर गांव पीपलसाना निवासी दो युवकों के खिलाफ नाबालिग बेटी से अश्लील हरकतें करने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने बताया कि शनिवार की शाम 5 बजे उसकी 13 वर्षीया नाबालिग बेटी घर पर स्थित परचून की दुकान पर बैठी थी। निकटवर्ती गांव पीपलसाना चांद वाली मस्जिद निवासी नावेद साथी के साथ दुकान पर आया और बेटी से अश्लील हरकतें करने लगा।

आरोपियों ने बेटी से मोबाइल नंबर मांगते हुए कहा कि अगर फोन पर बात नही की तो जान से मार देंगे। बेटी ने युवकों से पिता को बुलाने को कहा तो आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि तुम्हारी औकात ही क्या है खेत पर आएगी तो उठाकर ले जाएंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पॉक्सो व दलित उत्पीड़न में मुकदमा दर्ज कर लिया। केस की विवेचना डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह कर रहे हैं।

## युवतियों के साथ पकड़े गए युवकों का शांति भंग में चालान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- पुलिस पर कोर्ट को गुमराह करने का आरोप, मोहल्ले के लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश

**अमृत विचार :** ओयो होटल से शनिवार को चार युवक व युवतियों को पकड़ने के मामले में मोहल्ले वालों का आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट को गुमराह कर चारों युवकों को गिरफ्तार कर शांति भंग के आरोप में चालान कर मामला रफा दफा कर दिया। जबकि होटल संचालक पर कार्रवाई न होने से उसके हौसले बुलंद है। वह मोहल्ले में शिकायत कर्ता की तलाश कर धमकी दे रहा है। जबकि पुलिस का कहना है कि यह मामला पुलिस प्रशासन का नही है, होटल सीज कार्रवाई उपजिलाधिकारी द्वारा की जा सकती है। इससे लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश है।

नगर में शनिवार को दोपहर पुलिस ने नगर में रतूपुरा मोड़ के निकट बने होटल पर मोहल्ले के लोगों की सूचना पर छापा मारा था। पुलिस चार युवक- युवतियों को पकड़ कर कोतवाली लाई थी। मौके से तीन बाइक व अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ था। होटल के चारों ओर आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली। लोगों ने पुलिस पर मोटी रकम लेकर होटल का संचालन कराए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ग्वाल ने होटल सीज करने का आश्वासन देकर शांत किया।

रविवार को पुलिस ने पकड़े गए कोतवाली क्षेत्र के गांव पसियापुरा पदार्थ निवासी जितेंद्र, थाना कांठ गांव बेगमपुर भागीरोड निवासी आलम, थाना भोजपुर के मोहल्ला चौधरान निवासी सरफराज व रामपुर के थाना टांडा बादली निवासी आलम को मारपीट में दर्शाकर शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश कर दिया। न्यायालय को भी सही तथ्यों की जानकारी नहीं दी।

जहां एसडीएम ने सुनवाई के बाद चारों युवकों को जमानत पर छोड़ दिया। उधर रविवार को होटल संचालक मोहल्ले में लोगों से शिकायत करने वाले को देखने की धमकी दे रहा है। लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली से आक्रोश व्याप्त है। कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती की है।

## जर्जर तार टूटकर गिरा, तीन पशुओं की मौत

संवाददाता, मूंढापांडे

- आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अमृत विचार :** बिजली का तार टूटकर गिरने से तीन पशुओं की जान चली गई। गांव के अंदर से गुजर रही ग्यारह हजार की लाइन से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

मूंढापांडे के रसूलपुर नंगली गांव निवासी प्रेमपाल के पशुओं के ऊपर रविवार की देर शाम ग्यारह हजार की जर्जर लाइन का तार गिर गया। जिससे एक बैल व दो भैंसों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पीड़ित प्रेमपाल के मुताबिक उसे ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जर्जर लाइन को ठीक करने की मांग की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। घटना के बाद ग्रामीण एकत्र हो गए और विद्युत विभाग के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति घटना से आक्रोश व्याप्त है। वहीं एसडीओ ने बताया कि मामला संज्ञान में और जेई मौके पर पहुंच रहे हैं।


विद्युत विभाग के खिलाफ़ विरोध जताते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### जर्जर तारों में दौड़ रहा करंट, विभाग बेपरवाह

मूंढापांडे के विद्युत उप केंद्र भीतखेड़ा के कई गांवों के अंदर से ग्यारह हजार लाइन का करंट जर्जर तारों में दौड़ रहा है। जिसकी कई बार लोगों ने शिकायत भी की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। नतीजतन विभाग की लापरवाही एक बार फिर किसानों पर भारी पड़ी।

### ग्रामीण बोले, फोन नहीं उठाते अधिकारी

विद्युत विभाग की कार्यशैली किसी से ढकी-छुपी नहीं है। ग्रामीणों ने अधिकारी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि विभागीय अधिकारी ग्रामीणों का फोन तक नहीं उठाते। ऐसे में सवाल है लोग शिकायत करे तो करे किससे करे।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रविवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइकसवार दंपती गंभीर घायल हो गए। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव करने वाला खालसा निवासी सुरेंद्र सिंह पत्नी कमलेश देवी को शरीफ नगर से दवाई दिलाकर घर लौट रहे थे। शरीफ नगर के पास पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दंपती घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें उत्तराखंड के काशीपुर में भर्ती कराया। पुत्र गौतम कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बोलेरो चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या के मामले में रिपोर्ट

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या के मामले में सात महिला, पुरुषों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर खालसा निवासी सुभाष पत्नी को बुलाने थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम पाठंगी स्थित ससुराल 9 अप्रैल को गया था। पत्नी से अनबन के बाद 11 अप्रैल को सुभाष की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई थी। सुभाष की मां मूंगा देवी ने थाना कांठ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। कार्रवाई न होने पर वह अधिकारियों से मिली। इसके बाद भी कार्रवाई न होने पर उन्होंने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर पुत्रवधु प्रीति सोनू, विजयपाल निवासी पाठंगी, अशोक कुमार, रूबी ग्राम शेरपुर, पिंटू, उसकी पत्नी सीमा निवासी कांठ पर बेटे को जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है। मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट ने थाना छजलैट पुलिस को सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए थे। छजलैट थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### बस्ती हाईवे पर भिड़े ट्रक चालक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर रविवार की तड़के दो ट्रकों में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक के चालक की मौत हो गई। वह मुरादाबाद जिले का रहने वाला था। मुरादाबाद जिले के थाना भोजपुर क्षेत्र के मोहल्ला गनीमत नगर कॉलोनी निवासी कल्बे अली का पुत्र आलम (28) अपने साथी आशिफ के साथ शनिवार की रात ट्रक में माल लोडकर गुहावटी (आसाम) जाने के लिए निकला था। रविवार की सुबह पीलीभीत बस्ती मार्ग पर बेड़नापुर के पास सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में आलम की मौत हो गई, जबकि आसिफ को हल्की-फुल्की चोट आई हैं।

### प्रतिबंध के बावजूद मांस बेचने पर युवक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सावन माह में प्रतिबंध के बावजूद मांस बेचते हुए एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। रविवार को नगर के मोहल्ला वार्ड 23 मोहल्ला फतेह उल्लागंज निवासी मोहम्मद यूनुस पुत्र सगीर अहमद निवासी युवक मांस की दुकान खोले बैठा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पूछताछ के बाद पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया। लोगों में आक्रोश देखा गया। गौरतलब है कि सावन माह में धार्मिक भावनाओं को देखते हुए कई स्थानों पर मांस बिक्री पर अस्थायी रूप से रोक लगने के बावजूद मांस की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### भाजपाइयों ने लिया पेड़ों की सेवा का संकल्प



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 21 छायादार, फलदार पौधों का रोपण किया गया। डिलारी मार्ग स्थित बीएसएम इंटर कॉलेज के सामने आयोजित कार्यक्रम में भाजपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, लक्ष्य कॉलेज अध्यक्ष डॉ. अमित चौहान ने आम, नीम, अमरूद, गुड़हल और कनेर की पौध लगाई। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि इन पौधों की नियमित देखभाल करेंगे, उन्हें समय पर पानी, खाद और उर्वरक उपलब्ध कराएंगे, ताकि वे जल्द विकसित होकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकें। राजपाल चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2024) को नई दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाकर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान की शुरुआत की थी। यह अभियान न केवल पर्यावरण की रक्षा का संदेश देता है, बल्कि माताओं को सम्मान देने की प्रेरणा भी देता है। लक्ष्य कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अमित चौहान ने कहा कि पेड़ लगाना केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सचिन राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, मनोज चौहान, उनित रोहेला, संजीव चौहान, मुख लाल, नीरज चौहान, वेदप्रकाश पधान, प्रदीप विश्नोई, अरुण चौधरी, राजीव चौधरी, वरुण चौधरी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक लोटा जल से प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के तहसील परिसर स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा सुन मंत्र मुग्ध हो गए। रविवार को गुरुवार को हरिद्वार से आए कथावाचक नरेंद्र आनंद सरस्वती महाराज ने शिव महापुराण कथा सुनाते हुए शिव की महिमा का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से शिव की महिमा का श्रवण किया। कथा में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथावाचक ने शिव की करुणा और सरलता का वर्णन किया गया, साथ ही मां नर्मदा का महत्व बताया। कहा कि भगवान शिव अत्यंत सहज और दयालु हैं, वे एक लोटा जल से भी प्रसन्न हो जाते। कार्यक्रम में अशोक गहलोत, प्रदीप बिश्नोई, हीरालाल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, अनुज शर्मा, संजीव सिंघल, अनुराग सिंघल, उषा गहलोत, दीक्षा देवी, कमला देवी, विमला देवी, सुमंत्रा, आभा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### विहिप-बजरंग दल की बैठक में कार्यकर्ताओं को सौंपे दायित्व



**कांठ, अमृत विचार :** रविवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की जिला बैठक कटघर मुरादाबाद विभाग कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में कांठ से काफी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। यहां पहुंचे कार्यकर्ताओं को दायित्व भी सौंपे गए। बैठक में कांठ निवासी योगेंद्र चौहान को कांठ नगर प्रखंड मंत्री का दायित्व सौंपा है। योगेंद्र चौहान ने पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ दायित्व का निर्वहन करने का आश्वासन दिया। बजरंग दल के हर्ष विश्नोई उर्फ़ बिट्टू ने बताया कि विहिप विश्व भर में हिंदू धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए काम करने वाला एक संगठन है। बजरंग दल, विहिप की युवा शाखा है और इसका मुख्य उद्देश्य हिंदू युवाओं को संगठित करना और हिंदू धर्म की रक्षा करना है। इस अवसर पर अमन बाल्मीकि, रवि प्रजापति, आदित्य बाल्मीकि, हर्षित, कपिल प्रजापति, हर्ष विश्नोई आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जीएनआरएफ ने किया पौधरोपण



**कुंदरकी, अमृत विचार :** पौधा लगाना है और पेड़ बनाना है कार्यक्रम के तहत थाना परिसर में गरीब नवाज रीलीफ फाउंडेशन की जानिब से पौधरोपण किया गया। संस्था के जिला अध्यक्ष एडवोकेट फुरकान गजाली ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण, वैश्विक तापवृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग) और बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए, दावत-ए-इस्लामी इंडिया के सामाजिक सेवा संस्थान जीएनआरएफ ने पौधा लगाना है, पेड़ बनाना है के संकल्प के साथ एक भव्य पौधरोपण अभियान की शुरुआत की है। जो पूरे भारतवर्ष में जोर शोर से जारी है इस अवसर पर अरकान कादरी, गुलाम नबी अत्तारी, डॉ मोहसिन अत्तारी, मो रेहान अत्तारी, अब्दुल मुबीन अत्तारी आदि मौजूद रहे।

### 51 लीटर जल लेकर गांव पहुंचा कांवड़ियों का जत्था



**कांठ, अमृत विचार :** क्षत्रिय महाकालेश्वर की प्रथम कलश कांवड़ बेड़ा हरिद्वार से 51 लीटर जल लेकर गांव पहुंचा। ग्राम शेरपुर पहुंचने पर ग्रामीणों ने कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया। रविवार को पहली बार क्षत्रिय महाकालेश्वर बेड़ा हरिद्वार से 51 लीटर जल लेकर अपने गांव शेरपुर पहुंचा। आज शेरपुर स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक किया जाएगा। ग्रामीण सत्यवान सिंह राजपूत, शिवेंद्र राजपूत, वीरेंद्र सिंह, माया देवी आदि परिवारों ने बेड़े के महंत एवं शिव भक्तों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बेड़े के महंत विपिन, सदस्य यश राजपूत, अभय राजपूत, शगुन राजपूत, हर्ष राजपूत, ने पहली बार कावड़ यात्रा पूरी की।

### आर्य समाज में देश की खुशहाली के लिए किया यज्ञ



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के आर्य समाज मंदिर में साप्ताहिक यज्ञ के दौरान देश प्रदेशकी खुशहाली के लिए वेद मत्रों के साथ यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य समाज के कार्यकर्ताओं ने पूर्ण आहुति देकर देश प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। यज्ञ के दौरान गुलाब सिंह वर्मा, संजीव सिंघल, राकेश चंद, अनिल चौहान, संजय शर्मा आदि मौजूदरहे।

### छोटा हाथी और ई रिक्शा में टक्कर, पांच लोग घायल

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव आलियाबाद निवासी शेर सिंह रविवार को ई रिक्शा में धामपुर बिजनौर निवासी रवि कुमार, सरोज देवी, अनिल कुमार, ठाकुरद्वारा के गांव दारापुर निवासी मुकेश कुमार को बैठा कर ले जा रहा था। तभी गांव आलियाबाद के पास छोटा हाथी वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा चालक और सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने घायलों को उठाकर उपचार के लिए सरकारी अस्पताल डिलारी में भर्ती कर दिया। हालत बिगड़ती देख तैनात डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### जल लेने डाक कांवड़ के दो जत्थे रवाना



**पाकबड़ा, अमृत विचार :** सावन में सभी लोग गंगाजल लाने के लिए डाक कावड़ एवं पैदल यात्रा कर जल ला रहे हैं। इसी क्रम में होते हुए रविवार की रात को कस्बे के बड़ा मंदिर के शिव भक्त निवासी एवं धारीवाल नगर के बेड़ा डीजे के गाड़ी के साथ रवाना हो गए हैं। जिसमें भारी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे। डीजे की धूमधाम के साथ उनकी निकासी पाकबड़ा के लोगों द्वारा की गई है। इस अवसर पर राजेश सैनी आकाश चंद्रा विकास चंद्र मोहित सैनी रोहित चंद्र संजय चंद्रा अशोक चंद आदि मौजूद रहे।




## यज्ञ से शुद्ध होता है पर्यावरण, जरूर करें

**कांठ, अमृत विचार :** आर्य समाज मंदिर कांठ में पुरोहित नेपाल राना यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के पश्चात वेदों का पठन-पाठन किया गया। कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान सुरेश चौहान आर्य ने कहा कि आर्य समाज के सभी लोगों को अपने-अपने घरों पर भी यज्ञ करना चाहिए और लोगों को यज्ञ हवन करने के बारे में जागरुक करना चाहिए क्योंकि यज्ञ हवन करने से पर्यावरण शुद्ध होता है।

उन्होंने सभी लोगों से लगातार यज्ञ हवन करने का आह्वान किया। इसके बाद कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें कार्यकारिणी का गठन करके कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के नाम आर्य प्रतिनिधि सभा लखनऊ को भेजे गए। अंत में आर्य समाज के प्रधान ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंत्री अमित कुमार पप्पन, संदीप, डॉक्टर निर्मल चंद्र गुप्ता, सुशील मणि गुप्ता, पिंकू गुप्ता, चमन सिंह, विक्रम सिंह आर्य, माया देवी, रतेश शर्मा, राजीव शर्मा, राकेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह चौहान, हुकम सिंह, अरविंद चौहान, विजय कुमार, हरि सिंह, आदेश कुमार, नौबत सिंह, रघुराज सिंह, महेंद्र सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## सवारी बनकर बैठे लुटेरे ऑटो छीनकर भागे, रिक्शा बरामद

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** मुरादाबाद टिहरी हाईवे पर अस्पताल के सामने सवारी के रूप में बैठे दो युवक चालक से मारपीट कर ऑटो छीन ले गए। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर रिक्शा में लगे जीपीएस सिस्टम की लोकेशन पर चोरी गया रिक्शा बरामद कर कुछ युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया।

12 जुलाई की रात को थाना मझोला के मोहल्ला जयंतीपुर रोड बगियावाला गली निवासी रोहतास यादव पुत्र जीतपाल यादव महानगर रेलवे स्टेशन से ऑटो में दो सवारियां बैठाकर भोजपुर को आ रहा था। रात को एक बजे ऑटो लेकर थाना क्षेत्र के सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी से कुछ दूर शिव शक्ति धाम मंदिर एवं एमआई अस्पताल के निकट पहुंचा। सवारियां बनकर बैठे युवक में से एक ने चालक को कालर पकड़ कर निचे गिरा दिया। दूसरे युवक स्टेयरिंग पर बैठकर ओटो रिक्शा चलाकर ले गया। पीड़ित ओटो चालक ने अस्पताल पहुंचकर तीमारदार से फोन लेकर पीआरवी 112 नंबर डायल कर पुलिस को बुला लिया। ऑटो में मोबाइल व पूरे दिन का एक डेढ़ हजार किराया रखा था। ऑटो में लगे जीपीएस सिस्टम की लोकेशन पर थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने कांशीराम नगर में चार्जिंग पर लगे चोरी हुए ऑटो को बरामद कर कब्जे में ले लिया। पुलिस संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## फाटक खुलवाने की जिद, समझाया तो माने

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग से गुजर रहे डांक कांवड़ बेड़े के कांवड़िये रेलवे फाटक बंद होने पर गेटमैन से फाटक खुलवाने की जिद पर अड़कर हंगामे का प्रयास करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने कांवड़ियों को समझा बुझाकर मामला शांत किया।


फाटक के पास गोल घेरा बनवाती पुलिस। ● अमृत विचार

- पुलिस अधिकारियों ने गोला बनाकर समझाए रेलवे के नियम कायदे

बरेली, रामपुर, मुरादाबाद जनपद के कांवड़िये मुरादाबाद हाईवे से गुजर रहे हैं। दोपहर 1:00 बजे करीब दूसरे जनपद का कांवड़ बेड़ा रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग 432/B से होकर गुजर रहे थे। ट्रेन यहां से गुजरने वाली थी। कांवड़िये यहां तैनात रेलवे गेटमैन से फाटक खुलवाने की जिद करने लगे। वहां तैनात पुलिसकर्मी ने कांठ थाने को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह, चौकी इंचार्ज सुमित कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाष धनगढ़, उप निरीक्षक कमलदीप पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उच्चधिकारियों को बताया। उनके निर्देश पर कांवड़ियों के लिए एक पेंट से गोला बनाया गया। समझाया गया कि यह रेल प्रशासन एवं प्रशासन की व्यवस्था है। जिसमें हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। पुलिस के समझाने पर कांवड़िये मान गए, और 2 मिनट के उपरांत ही जय भोले का उद्घोष करते हुए यहां से प्रस्थान कर गए।

## एक नजर

### विनय मुरादाबाद मंडल के डिविजनल सेक्रेटरी नियुक्त

**रामपुर, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर चैप्टर के संयुक्त सचिव विनय बंसल मुरादाबाद मंडल के डिविजनल सेक्रेटरी नियुक्त किए गए। विनय बंसल तिरुपति फ्लोर मिल स्वामी हैं। आईआईए के रामपुर चैप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने उनके मनोनयन को रामपुर चैप्टर के लिए लाभदायक बताया। उनके मनोनयन पर विपिन कुमार, एस के अग्रवाल, वीरेंद्र जिंदल, मनोज गर्ग, आदर्श अग्रवाल, मनोज गुप्ता, उमेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विकास गुप्ता, इमरान शम्सी, अमित गुप्ता, मोहित जैन, अंकित अग्रवाल, सचिन अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त किया।

### जिला मंत्री बनने पर किया स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** गवर्नमेंट पेन्शनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन के जिलाध्यक्ष भरत सरन सक्सेना ने मोहल्ला शिव मंदिर निवासी सुंदरलाल को जिलामंत्री बनाया है। जिसके बाद सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याएं सुनने के बाद उनका निस्तारण किया जाएगा।

# कांवड़ियों के लिए शिवालय तैयार, आज करेंगे जलाभिषेक

## सुरक्षा के लिए हाईवे पर पुलिस तैनात, भारी वाहनों को अन्य मार्गों से भेजा, रविवार को भी बाइकों से रवाना हुए कांवड़िये

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आज सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक होगा, जिसको देखते हुए मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, वहीं पुलिस व जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों की तैनाती की गई है। रविवार से कांवड़ियों का लौटना शुरू हो गया। जिसको देखते हुए हाईवे पर पुलिस बल तैनात रहा। भारी वाहनों को रूट डायवर्जन कर निकाला।

सावन के पहले सोमवार को देखते हुए शिव भक्त बृजघाट और हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए रवाना हो गए थे। उनका अब लौटना शुरू हो गया है। भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिरों में बल्ली और बैरिकेडिंग कर दी गई है। जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्त सुबह से अपने घरों के समीप स्थित मंदिर में पहुंचेंगे। रात में वहीं पर विश्राम करेंगे। मंदिरों में कांवड़ियों के ठहरने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार को शिव भक्त सुबह से मंदिरों में भगवान शंकर को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, फल-फूल चढ़ाकर मंगल कामना करेंगे। मंदिरों में दोपहर बाद से भोले के भजन बजने लगे हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर अधिकारी तक सक्रिय हो गए हैं। रविवार सुबह से बाइकों से युवकों के समूह बृजघाट और हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए रवाना हो रहे हैं जो सोमवार को भमरौआ और पंजाब नगर और रठौडा मंदिर में जल चढ़ाएंगे। रामपुर में भमरौआ मंदिर, पंजाब नगर मंदिर, रठौंडा मंदिर, कृष्णा मंदिर, लक्ष्मी मंदिर, कोसी मंदिर, शिव मंदिर में जल चढ़ाएंगे।


भक्तों के लिए तैयार किया मंदिर। ● अमृत विचार


हाईवे से गुजरता कांवड़िया।



मंदिर में पूजा करते विधायक आकाश सक्सेना व अन्य। ● अमृत विचार

> कांवड़ियों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। जिसके लिए मंदिरों में मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।
> – **जोगिंदर सिंह**, जिलाधिकारी, रामपुर।

### विधायक ने किया मेले का उद्घाटन

**रामपुर, अमृत विचार :** ओम नागेश्वर महादेव मंदिर में मेले का आरंभ नगर विधायक आकाश सक्सेना ने किया। उन्होंने मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर नगरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत राजेश, मनोज गुप्ता, संजीव दयाल सक्सेना, गुंजन हिंदुस्तानी, अनुज सक्सेना, गोपाल शर्मा, मुकुल सक्सेना, मनु सक्सेना, मयंक सक्सेना, विशाल सक्सेना, गांधी जगान सिंह एवं तेन सिंह उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर समिति द्वारा प्रसाद वितरण एवं सावन मेला की व्यवस्था की गई थी।

### कक्षा 1 से 12वीं तक के स्कूलों का अवकाश घोषित

**अमृत विचार, रामपुर :** जिलाधिकारी ने सावन के पहले सोमवार को कक्षा 1 से 12वीं तक के स्कूलों की छुट्टी की है। बताया कि कांवड़िये मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। जिस कारण रामपुर शहरी क्षेत्र व जिले के मुख्य मार्गों पर जाम की आशंका रहती है। इसे देखते हुए छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जिले रामपुर नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तथा राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग से 2 किमी. की दूरी तक आने वाले बेसिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं अन्य समस्त बोर्डों के तहत संचालित कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों का अवकाश घोषित कियाहै। वहीं विद्यालयों में स्टाफ उपस्थित रहेगा।

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना गर्मी से मिली राहत

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार शाम को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। इस दौरान जगह जगह पानी भी भर गया। मौसम वैज्ञानिक सोमवार को भी बारिश का अनुमान जता रहे हैं। लोगों ने झमाझम बारिश में खून आनंद लिया।

पिछले कुछ दिनों से मौसम लगातार बदलता जा रहा है। कभी बारिश तो कभी धूप निकलने से जहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन में मौसम से फिर से बदला गया है। रविवार सुबह सात बजे कुछ देर के लिए बारिश होने से मौसम बदल गया। ठंडी हवाएं चलने लगीं। कुछ देर के लिए लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे। शाम को तेज हवाओं के साथ फिर से झमाझम बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम बदल गया। तेज हवाएं चलते ही बिजली चली गई। मौसम वैज्ञानिक सोमवार को गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जता रहे हैं।



बिजली कटौती का विरोध करते लोग। ● अमृत विचार

# बिजली कटौती का किया विरोध

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने दोमहला रोड से विद्युत विभाग के खिलाफ रैली निकाली, जोकि किले पर जाकर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से बिजली विभाग द्वारा मनमाने ढंग से की जा रही कटौती का विरोध जताया। सैयद विक्की मियां ने कहा कि बिजली विभाग अपनी मनमानी से गरीबों का उत्पीड़न कर रहा है, चेकिंग के नाम पर परेशान किया जा रहा है। गरीब जनता यह मांग करती है कि विद्युत विभाग द्वारा की जाने वाली चेकिंग को रोका जाए। समय से बिजली को चालू किया जाए। बढ़ती महंगाई एवं बिजली की महंगी दरे आम आदमी का जीना बहुत मुश्किल कर रखा है। इस मौके पर शम्मू मियां, मिनहाज, कमर मियां, कासिम, यासिर आदि मौजूद रहे।

# वीर खालसा समिति ने मेधावियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति ने रविवार को जिले के 154 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि आकाश सक्सेना, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि वीर खालसा सेवा समिति बधाई की पात्र है, जो सेवा कार्य में हिस्सा लेती है। । जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा बच्चों का सम्मान कर उनका हौसला बढ़ाना ये बेहद जरूरी है। समिति के जिलाध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा पिछले 20 वर्षों से वीर खालसा सेवा समिति टॉपर्स बच्चों को सम्मानित कर रही है। इसमें जिले भर के विभिन्न स्कूल सेंटमैरी, ग्रीनवुड, सेंटपॉल, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, मोदी स्कूल, स्मार्ट इंडियन स्कूल, एजुकेशनल हेल्थ इंटर कॉलेज, सेंट एंथोनी, स्कूल नारायण टेक्नोलॉजी स्कूल, न्यू एज पब्लिक स्कूल, मिल्टन अकैडमी बिलासपुर, सरस्वती स्कूल बिलासपुर, आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर, न्यू एज पब्लिक स्कूल बिलासपुर, एसजेएस खालसा कॉलेज बिलासपुर, श्री गुरु अमरदास मिलक, कलावती इंटर कॉलेज, संस्कार प्ले स्कूल और भी कई अन्य स्कूलों के छात्रों को सम्मानित किया। मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना व जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने विभिन्न स्कूलों के आए प्रिंसिपल और टीचर्स को भी सम्मानित किया। निर्मल सिंह, मनमीत सिंह, करणदीप, सुखविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, अमनदीप सिंह, सुरजीत सिंह, मनिंदर सिंह, सेवा सिंह, मोनू सिंह, गुरजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, अंजना अरोड़ा, कृपाल सिंह, भवनीत सिंह, कुलविंदर सिंह, मनजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, हरिंदर सिंह, पलविंदर सिंह, बलराम सिंह, रणजीत कौर, परमजीत कौर मौजूद रहे।


पुरस्कार के साथ विधायक, छात्र-छात्राएं व समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# जिला सहकारी बैंकों का उप्र कोऑपरेटिव बैंकों में हो विलय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को कोऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनिट की बैठक थाना सिविल लाइंस के सामने होटल में हुई। महामंत्री रमेश चंद्र ने कहा कि जल्द हम सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर से मुलाकात कर जिला सहकारी बैंकों का उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक में विलय करने की मांग करेंगे। हमारा जिला सहकारी बैंक मंडल में वसूली में प्रथम स्थान पर आया है। मंडल में दो जिलों में नया वेतनमान लागू हो चुका है। दानिश, नाजिश खान, अविनाश रोमन ने यूनियन की सदस्यता ली। इस मौके पर मोहम्मद जुहैब, योगेंद्र सिंह, संतोष कुमार, रविंद्र सिंह, रिजवान खान, विशाल कुमार, शाहजेब, सिकंदर, अफजल, सुनील मौर्य मौजूद रहे।



## एक नजर

### दुकानों पर दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा दल द्वारा थाना महिलाओं और बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए गए। इसके अलावा दुकानों में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों, 1930 साइबर क्राइम, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा की जानकारी देकर जागरूक किया।

### पॉक्सो एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** केमरी थाना क्षेत्र के गांव जनुनागर निवासी सरवन कुछ दिन एक किशोरी का अपहरण करके ले गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पर पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। उसके बाद पुलिस ने सरवन को जनुनागर बस स्टैंड से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### युवक ने दुकान में की तोड़फोड़

**सैफनी, अमृत विचार :** सैफनी निवासी नासिर की नगर में मदीना मस्जिद के पास एमडी नासिर ट्रेडर्स नाम से दुकान है, उसका कहना है कि आरोपियों से मामूली विवाद बाइक खड़ी करने को लेकर शुरू हुआ था। लेकिन कुछ ही देर में युवकों ने बात-बात में दुकान में घुसकर न सिर्फ सामान तोड़ा। बल्कि उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। नासिर ने बताया कि आरोपी युवक इलाके में पहले भी कई बार मारपीट और झगड़े जैसी घटनाओं में शामिल रहे हैं। पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गई लिखित शिकायत के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं की गई है।

### विधानसभा चमरौआ के अध्यक्ष बने राजू

**रामपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल की बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पूर्व एमएलसी नौशाद अली, पश्चिमी उप्र प्रभारी सूरज सिंह सागर के आदेशानुसार राजू सागर विधानसभा चमरौआ क्षेत्र अध्यक्ष नियुक्त किया है। बसपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर ने इसकी जानकारी दी है। राजू सागर को पार्टी पदाधिकारियों ने बधाई दी, उन्होने पार्टी को मजबूत करने की बात कही है।

# हरियाणा से बेटे से मिलने आए पिता और 3 साथियों को पीटा

## मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, मामले में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, शाहबाद



शाहबाद सीएचसी में उपचार के लिए लाए गए राहुल के साथी। ● अमृत विचार



अस्पताल में भर्ती अर्जुन।

- आरोपी के घर थी युवक की पत्नी और बच्चा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में बेटे को लेने आए पिता व उसके तीन साथियों को दौड़ाकर पीटा गया। दौड़ाते समय उन्हें खेत में घेर लिया और बंधक बनाकर उनकी पिटाई की। उनकी पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव जयतौली से जुड़ा है। रविवार तड़के हरियाणा के यमुनानगर थाना सिटी क्षेत्र के जगादरी स्थित गंगानगर कॉलोनी निवासी राहुल अपने साथियों रोहित, शिवम और राजू के साथ पहुंच गांव पहुंचा था। राहुल के मुताबिक जयतौली गांव निवासी रतिराम उसकी पत्नी और बच्चों को अपने साथ ले आया था। वह अपना बच्चा लेने आया था। आरोप है कि वह अपने साथियों के साथ रतिराम के घर में दाखिल हुआ तो रतिराम व उसके परिजन उन पर हमलावर हो गए। वहीं हरियाणा से जयतौली आई इशिका के मुताबिक उसका पति राहुल उसके साथ मारपीट करता था। उसने पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की। रतिराम उसके घर में किराये पर रहता था। इसके बाद वह रतिराम के साथ उसके गांव जयतौली आ गई थी। रविवार तड़के उसका पति राहुल अपने साथियों के साथ घर में घुस आया और आते ही हमलावर हो गया। आरोप है कि चारों ने रतिपाल और इशिका को देखकर लोहे की रॉड और पाइप से मारना पीटना शुरू कर दिया। जिससे रतिराम का भांजा अर्जुन, भांजी प्रीती और सोनम गंभीर रूप से जख्मी हो गई। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर आ गए। उन्होंने राहुल व उसके साथियों को दौड़ा लिया। इसके बाद गांव में ही उन्हें बंधक बना लिया। उनकी पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवक का कहना है कि वह अपने बेटे से मिलने आया था। मामले में एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि मारपीट की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की पत्नी और आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### 10वीं के छात्र की 3 युवकों ने की पिटाई

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला शीरी मियां के रहने वाले शैली खां परचून विक्रेता है। उनका बेटा अतीब खां हाईवे स्थित स्कूल में कक्षा 10 का छात्र है। मामले में पुलिस ने बताया कि युवती का परीक्षण कराया जा रहा है।

रविवार को कोतवाली पहुंचे पीड़ित पिता ने बताया कि शनिवार दोपहर दो बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद उसका बेटा घर के लिए निकला था। तभी पहले से घात लगाए बैठे तीन युवाओं ने उनके बेटे से अभद्रता की। जब उसने विरोध किया तो उन लोगों ने उनके बेटे पर लोहे की रॉड व हाथ में पहने कड़े से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो कर बेहोश हो गया। सड़क पर छात्र के गिरते ही वहां अन्य राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकियां देकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर वह परिवार के साथ मौके पर पहुंचे। घायल अवस्था में छात्र को अस्पताल से भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि घायल छात्र का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## पसियापुर में विवाद के बाद पुलिस तैनात

संवाददाता, बिलासपुर

- शनिवार को कब्जे के बाद दोनों पक्षों में रविवार को भी तनाव
- दोनों पक्ष धार्मिक स्थल पर जता रहे अपना-अपना दावा

**अमृत विचार :** पसियापुरा मामले में रविवार को भी प्रशासनिक अधिकारी पुलिस बल के साथ धार्मिक स्थल पर तैनात रहे। हालांकि दोनों पक्षों में तनातनी का माहौल बरकरार है।

लगभग 3 वर्षों से तहसील के गांव पसियापुरा स्थित धार्मिक स्थल को लेकर दो पक्षों में विवाद चला आ रहा है। कभी इस पर एक पक्ष अपना कब्जा जमा लेता है तो कभी दूसरा पक्ष इस पर अपना कब्जा दर्शाता है। मगर प्रशासन मात्र दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर ही मामले को शांत करता रहा है। शनिवार को फिर से यहां विवाद हो गया। जिसकी वजह से यहां पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। मगर दोनों पक्षों में यही तनातनी रविवार को भी जारी नजर आई। जिसकी वजह से धार्मिक स्थल पर कार्यक्रम के चलते फोर्स और अधिकारी दोनों को मौजूद रहना पड़ा। उधर धार्मिक स्थल पर हजारा पक्ष का कहना है कि धार्मिक स्थल उनकी भूमि में मौजूद है और उन्हीं के नाम दर्ज भी है। जोकि अब भी रजिस्टर्ड ट्रस्ट है। इसमें जमीन और गुरुद्वारे के संचालन का स्टे है। मगर पुलिस ने बाबा अनूप सिंह पक्ष के व्यक्तियों को मत्था टिकने के बहाने यहां लाकर छोड़ दिया। जो कि व्यवस्थाओं में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्टे होने के बावजूद भी प्रशासन इसमें हस्तक्षेप कर रहा है। वहीं, बाबा अनूप सिंह पक्ष के दलवारा सिंह, मलकीत सिंह, परमजीत सिंह और बाबा गुरमीत सिंह का कहना है कि उन्होंने 25 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। उन्होंने इस प्रकरण से मुख्यमंत्री को अवगत कराया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडलायुक्त ने समूचे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्य टीम बनाई थी। टीम ने अपनी जांच आख्या कमिश्नर को दी है। गाटा 56 में गुरुद्वारा स्थित है। 20 जून 2022 को समिति बनाई थी। जिसने गुरुद्वारे का संचालन किया था। उनकी मांग है कि गुरुद्वारे का संचालन वही समिति पुनः करें।

उधर, रविवार को भी दोनों पक्षों में विवाद जारी रहा। जिसकी वजह से अधिकारी और पुलिसकर्मी तैनात रहे। इस पर सीओ रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि धार्मिक स्थल में बाबा अनूप सिंह पक्ष द्वारा अभी लंगर की सेवा चलाई जाएगी। जबकि 5 से 7 दिन के भीतर प्रशासन इस मामले को सुलझा लेगा। उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रशासन को सहयोग किए जाने का आग्रह किया।

## कोसी नदी में कूदी युवती 17 घंटे बाद बेहोश मिली

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** शनिवार को कोसी नदी में कूदी युवती रविवार सुबह करीब 17 घंटे बाद बेहोशी की हालत में मिली। जहां से उसे अस्पताल ले जाया गया। परिजनों ने राहत की सांस ली। युवती अपनी मर्जी से किसी ओर से शादी करना चाहती है और परिजन उसका विरोध कर रहे हैं।

टांडा के मोहल्ला बंजारा मोहल्ला निवासी बलवीर सिंह की 28 वर्षीय पुत्री अंजू ने कोसी नदी पुल पर अपनी स्कूटी खड़ी कर नदी में छलांग लगा दी थी। उसी समय काशीपुर की ओर से आ रहे कुछ युवकों ने उसे छलांग लगाते देखा और बचाने का प्रयास किया। लेकिन तेज बहाव के चलते युवती बह गई और नजरों से ओझल हो गई थी। स्कूटी में रखे बैग से मिले आधार कार्ड के जरिए युवती की पहचान हुई। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। रविवार सुबह करीब 6 बजे मसवासी क्षेत्र स्थित कोसी पुल से 5 किमी. दूर बाबा नीम करौली स्टोन क्रेशर के कुछ कर्मचारी नदी किनारे गए थे। वहीं उन्होंने बेहोश युवती को देखा और तुरंत उसे स्टोन क्रेशर परिसर में लाया गया। छानबीन के बाद जब परिजनों को सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे और युवती को सकुशल पाया। जैसे ही यह खबर फैली, युवती के घर पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने पुलिस को युवती के मिलने की सूचना दे है। चौकी प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया की युवती बरामद हो गई है। उसके बयान दर्ज किए हैं। जिसमें पता चला है कि युवती के लिए उसके पिता लड़का देखने जा रहे थे, जबकि वह किसी ओर से शादी चाहती थी। इसी विवाद के बाद वह कूद गई थी।

## सार संक्षेप



### एएसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव पुलिस लाइन पहुंचे। उन्होंने पुलिस लाइन में चल रहे मरम्मत कार्य व निर्माणाधीन पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

### बब्बरपुरी में चोरों ने गृह स्वामी से की मारपीट

**मसवासी, अमृत विचार :** मसवासी बब्बरपुरी निवासी सद्दाम पुत्र अरमान शाह का गांव के बाहरी छोर पर घर है। रात करीब 11 बजे सद्दाम के घर की दीवार के सहारे चोर घर में घुसने का प्रयास करने लगे। सद्दाम ने अपनी छत से देखा कि चोर उसके घर में घुसने का प्रयास कर रहा है तो सद्दाम ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया, दोनों में छीनाझपटी होने लगी। इसी दौरान गन्ने के खेत में छिपे दो चोर और आ गए और सद्दाम के साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर गांव लोग जब सद्दाम के घर की ओर भागे तो गांव वालों को आता देख सद्दाम को छोड़कर तीनों चोर फरार हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस व गांव के लोगों ने चोरों को काफी तलाश किया लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। चोर अंधेरा का लाभ उठाकर भागने में कामयाब हो गए।



### एसपी ने हाईवे पर किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार के दृष्टिगत रविवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक ने कोसी पुल जीरो प्वाइंट पर कांवड़ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के आने जाने वाले मार्ग एवं रूट डायवर्जन का निरीक्षण किया। उसके बाद सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर एवं थाना प्रभारी सिविल लाइन मय पुलिस बल मौजूद रहे।

### युवती से छेड़खानी के विरोध पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**स्वार, अमृत विचार :** स्वार थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण का कहना है कि उसकी बेटी 9 जुलाई को रिश्तेदार के यहां पर पानी लेने गई थी। इस दौरान उसको गांव में ही रहने वाले आरिश, समीर, अयान, रेहान, अयान ने उसकी बेटी को रास्ते में रोक लिया। उसके बाद सभी लोग उसको उठाकर अपने घर में ले गए थे। जहां उसके साथ सभी ने छेड़खानी की। उसके कपड़े भी फाड़ दिए। उसके बाद युवती वहां से मौका पाकर अपने घर पर पहुंच गई। आरोपी उसके पीछे-पीछे घर पर पहुंच गए। उसके परिजनों के विरोध करने पर उनके ऊपर धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया। युवती के भाई के सिर में 16 टांके आए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांचों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।




### पौधरोपण कर स्कूली बच्चों ने निभाई जिम्मेदारी

**रामपुर, अमृत विचार :** सींगनखेड़ा स्थित यूपीएस कंपोजिट विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। स्कूल स्टाफ के साथ बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने न सिर्फ पौधे लगाए, बल्कि उनकी परवरिश का जिम्मा भी स्वयं उठाया। बच्चों ने संकल्प लिया कि वे अपने लगाए हुए पौधों की लगातार देखभाल करेंगे। वृक्ष बनने तक संरक्षित रखेंगे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिराम दिवाकर, अध्यापिका आलिया बी, जितेंद्र वीर, गौरव गुप्ता, मेहनाज शकील, विकास गुप्ता, सरिया सैय्यद ने बच्चों को पौधों के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर हुकुम सिंह, नीरज, तरन्नुम, प्रतिभा रहे।

### सैयद यासीन मियां का 40वां कल

**रामपुर, अमृत विचार :** सींगनखेड़ा स्थित दरगाह हबीब हसन शाह मियां के गद्दी नशीन हजरत सैयद यासीन मियां के पर्दा कर लेने पर उनका 40वां दिनांक 15 जुलाई कल दरगाह पर होगा। मजार पर रविवार को बैठक आयोजन कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें मजार शरीफ के सज्जादा नशी सैयद आरिफ मियां ने सभी अकीदतमंदों को समय सुबह 10 बजे पहुंचने का समय दिया गया है। इस दिन मजार शरीफ पर बाहर से कव्वाल आ रहे हैं, जो जलसे में अपने कलामों से हजरत की मजार पर कलाम पढ़ेंगे। इस मौके पर चादर पोशी का कार्यक्रम भी होगा।




### सड़क के गड्ढे में फंसी कार, क्षतिग्रस्त

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका की टीम द्वारा जगह-जगह नाले और नालियां बनाने की बात कहकर सड़कों को खोद कर डाल दिया गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी आ रही है लोगों का निकलना तक दुश्वार हो गया है। साईं विहार की स्थिति बहुत खराब हो रखी है लोगों को निकलना तक दुश्वार हो रहा है। रविवार को बारिश होने के कारण कई स्थानों पर पानी भर गया था। इस दौरान साईं विहार में सड़क टूटी होने के कारण कार उसमें घुसगई। हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हो सका।

### शिविर में महिलाओं का हुआ चेकअप

**रामपुर, अमृत विचार :** मरकजी दर्शगाह ए इस्लामी में मुफ्त शिविर लगाया गया। जिसके मुख्य अतिथि सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी पहुंचे। उन्होंने कहा हमारा जिला स्वास्थ्य के संबंध में पिछड़ा हुआ है। जिले में अच्छे अस्पताल जैसे मेडिकल कॉलेज व एम्स की जरूरत है। गंभीर बीमारी होने पर मरीज को दिल्ली जाना पड़ता है। इस संबंध में मैंने संसद में भी मांग उठाई थी और स्वास्थ्य मंत्री को भी लिखित में पत्र दिया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल अब्दुल सलाम और संचालन नदीम ने किया। मुफ्त शिविर में महिलाएं काफी संख्या में आईं। चिकित्सकों ने मरीज को फ्री में चेकअप इलाज व दवाइयां दीं।

### भारतीय किसान संघ का पहला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न




**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को भारतीय किसान संघ का शाहबाद ब्लॉक के ग्राम ढकिया के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र में संगठन मंत्री रमेश ने मूल संकल्पना पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र पर कार्य पद्धति पर मथुरा प्रसाद दिवाकर एवं तृतीय सत्र जिला कोषाध्यक्ष रामवीर ने संगठन की रीति नीति पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने कहा कि संगठन ही सर्वोपरि है। संगठन के आधार पर सभी कार्यकर्ताओं को चलना चाहिए। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। मंच का संचालन मिंटू तिवारी ने किया। इस मौके पर हितेश कुमार, अनमोल राणा, मिंटू तिवारी, कुलदीप, नरेश पाठक, ब्लाक कार्यकारिणी व ग्राम समिति के अध्यक्ष ग्राम समिति के मंत्री उपस्थित रहे।

### अपने अधिकारों के लिए लड़े समाज : कमल




**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक जिला मंत्री ऋषि पाल के निवास ग्राम करनपुर में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने समाज के लोगों से अपने अधिकार प्राप्त कर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण कर शिक्षित बनने का आह्वान किया। कहा कि तुरैहा मछुआ समाज के मान सम्मान वह अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा। जब तक समाज के लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्षशील नहीं होंगे तब तक उनका शोषण होता रहेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही संगठन का युवा मोर्चा का गठन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने सैदनगर ब्लाक अध्यक्ष जावेश राम तुरैहा को नियुक्त किया। इस मौके पर रामप्रसाद तुरैहा, दौलत राम तुरैहा, काशीराम तुरैहा, छोटेलाल, मेवाराम, हर स्वरूप, विनीत कुमार, विक्रम सिंह, सुरेश कुमार, धन सिंह, तुरैहा, रवि कुमार, आकाश तुरैहा, राहुल सिंह, मोहित सिंह, राधेश्याम, गंगा सरन, सोनू आदि ने भाग लिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने की तथा संचालन नरेश कुमार ने किया।

### महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई



**रामपुर, अमृत विचार :** विष्णु विहार कॉलोनी स्थित डॉ. गंगाराम प्रजापति के आवास पर रविवार को राजा दक्ष प्रजापति की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रजापति समाज के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष लाला रामकुमार प्रजापति व विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश प्रजापति का स्वागत किया। प्रजापति समाज के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष लाला रामकुमार प्रजापति का सभी ने स्वागत किया। विश्व हिंदू महासंघ के नगर अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, आदित्य प्रकाश, ग्राम प्रधान कुंवरपाल प्रजापति, रमेश कुमार प्रजापति, सभासद पति संजू बाबा, बजरंग दल के मुरादाबाद जिलाध्यक्ष देवी लाल प्रजापति, नामित सभासद चिरंजी लाल प्रजापति, मुरारी लाल प्रजापति, सुरेश बाबू प्रजापति, पातीराम प्रजापति, खेमसिंह प्रजापति, रामौतार प्रजापति, दिनेश कुमार प्रजापति रहे। कार्यक्रम का संचालन लाल सिंह प्रजापति ने किया।

### जूते की दुकान से नकदी और चप्पलें चोरी

**सैफनी, अमृत विचार :** सैफनी के मोहल्ला कोठी निवासी सालिम अली की छितौनी रोड पर जूते-चप्पलों की दुकान है। रविवार दोपहर सालिम अली कुछ देर के लिए दुकान बंद कर घर खाना लेने गए थे।

कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे, तो देखा कि दुकान में रखी 25 हजार की नकदी और चप्पलें गायब थीं। घटना की जानकारी होते ही सालिम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। जिसमें दो संदिग्ध युवक प्लेटिना बाइक से दुकान के पास आते और कुछ देर बाद निकलते हुए नजर आए। पीड़ित ने थाना सैफनी में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कार्यवाहक थाना प्रभारी सर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने बाइक के नंबर ट्रेस कर देखा तो पाया कि बाइक कुंदरकी क्षेत्र के नइयाखेड़ा गांव में है। पुलिस वहां पहुंचकर छानबीन करने हुई है।



दुकानों का निरीक्षण करते सांसद। ● अमृत विचार

## गरीबों को उजाड़ उद्योगपतियों की जेब भर रही सरकार : सांसद

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** रविवार को सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी मोहल्ला भब्बलपुरी में जुल्फिकार के मकान पर पहुंचे। उन्होंने नगर में मकान और दुकानों को तोड़ने का विरोध करते हुए कहा कि सरकार गरीबों को उजाड़ उद्योगपतियों की जेब भर रही है।

सांसद से दुकानदारों ने दुकानों और मकानों पर लाल निशान लगाकर तोड़ने की तैयारी के बारे में बताया। उन्होंने सांसद से कार्रवाई को रुकवाने की मांग की। सांसद ने लोगों को दिलासा देते हुए कहा कि वह इस सिलसिले में जिलाधिकारी से बात करेंगे।

सांसद कहा कि सरकार गरीबों को उजाड़कर अमीरों की जेब भरने का काम कर रही है। इस दौरान तसलीम पहलवान, हाजी मुशर्रफ अली, हाजी शकील, हाजी वहाब, जुल्फेकार अली, सभासद एम सगीर, वकील अहमद और सलीम कसगर मौजूद रहे।

### पंचायत भवन से चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** 15 जून को मिलकखानम में बने पंचायत भवन की दीवार तोड़कर वहां से कंप्यूटर सीपीयू सहित, प्रिंटर, इनवर्टर तथा दो बैटरी, ई-रिक्शा की चार बैटरी, फाइलों की अलमारी व वाई फाई राउटर अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर ली गई थी।

मामले में थाना मिलक खानम में रिपोर्ट दर्ज किया था। विवेचना में थाना मिलकखानम पुलिस द्वारा शरीफ निवासी मोहल्ला मझरा शिला कस्बा थाना गदरपुर उधमसिंह नगर, रवि उर्फ रविन्दर सिंह निवासी टाहकला थाना मिलक खानम का नाम प्रकाश में आया। जिसमें शरीफ को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। जबकि फरार चल रहे रवि उर्फ रविंदर सिंह को जमनी मोड़ से गदरपुर जाने वाले रोड पर नवाब नगर फार्म राइस मील फैक्ट्री से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### देश में भाजपा ने बनाया भय का मौहाल : धर्मेंद्र

**रामपुर, अमृत विचार :** युवा कांग्रेस की बैठक नादिश खां के आवास तोपखाना पर हुई। जिसमें युवा कांग्रेस के रामपुर प्रभारी हसन जैदी ने पदाधिकारियों के साथ पार्टी को मजबूत करने की रणनीति तैयार की। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार ने देश में भय का माहौल पैदा कर रखा है।

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं रामपुर के प्रभारी हसन जैदी ने कहा कि युवा कांग्रेस युवाओं की लड़ाई लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस मौके पर नोमान खां, नादिश खां, मकदूम अहमद, कलीम अहमद, शप्पू अंसारी, नासीर खां, आसीब खां, महेंद्र यदुवंशी, महरबान अली, हसीब खां, फईम अहमद, अजीममुद्दीन, विक्की मरदान, नियाज अहमद, नदीम मलिक, महबूब अहमद, शादाब पाशा, मोहम्मद सकलेन, अरसलान खां, आसिफ अंसारी, मोहम्मद रजी, फैज, रकबीर सिंह, मिन्हाज, बिलाल अल्वी, अतीक अहमद, मोहम्मद आशिक रहे।

## शिव पुराण सुनने से नष्ट होते हैं पाप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कृष्णा विहार कालोनी में पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने कलश स्थापना कर एवं विधि-विधान से पूजन कर शिव पुराण का आरंभ किया। इसके बाद पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने विस्तार से शिव पुराण कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव पुराण का श्रवण करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और अपने भक्त को कष्टों से मुक्ति प्रदान करते हैं।

पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने श्रद्धालुओं से आकर शिव पुराण सुनकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की। रामदत्त शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, अमर सक्सेना, हीरालाल शर्मा, सर्वेश बहादुर सक्सेना, सत्य प्रकाश सक्सेना, वीके जौहरी, राम जी लाल गुप्ता, गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, अखिलेश, ओमेंद्र सिंह, मुकुल सक्सेना, रामौतार सक्सेना, प्रमोद पांडेय रहे।



कथा सुनाते पंडित विश्वनाथ मिश्रा और खड़े पूर्व राज्यमंत्री। ● अमृत विचार

### मंदिर में देवी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**स्वार, अमृत विचार :** स्वार तहसील क्षेत्र के गांव मधुपुरी स्थित दुर्गा मंदिर में देवी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इससे पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर श्रद्धा भाव से भाग लिया। महिलाओं द्वारा 51 कलशों के साथ निकली यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया। कलश यात्रा मधुपुरी, धनौरी, मधुपुरा और खपरेलकी मिलक होते हुए मंदिर पर सम्पन्न हुई। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ। श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान डॉ. प्रेमपाल, छत्तरपाल, जागन सिंह, गोकल सिंह, सोनू मौर्य, ओमप्रकाश, ज्ञानी पाल, डोरीलाल, भूकन लाल, रूपकिशोर पाल, रामगोपाल, प्रेम सिंह सैनी, चंदर मौर्य, रामकुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### टेंपो की टक्कर से साइकिल सवार चौकीदार घायल

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव बेला निवासी भूरा सैनी असमोली-लोधीपुर मार्ग पर गांव खासपुर में दुर्गा महाविद्यालय में रात को चौकीदारी करता है। रविवार को सुबह ड्यूटी के बाद वह साइकिल से घर लौट रहा था। गांव टांडा कोठी के पास पीछे से आए तेज रफ्तार टेंपो ने साइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने टेंपो चालक को पकड़ लिया। हालत गंभीर होने पर भूरा को मुरादाबाद रेफर कर दिया गया।

### पुरानी रंजिश में मारपीट कर पांच लोगों को किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी में शुक्रवार को देर रात पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के शाहिद आदि ने दूसरे पक्ष के वाहिद, आबिद, राशिद, समीर और सयान को मारपीट कर घायल कर दिया। तलवार, सरिया से भी हमला किया। परिजन घायलों को लेकर थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

### सीढ़ियों से गिरने से वृद्ध की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जारई रोड निवासी अशोक कुमार सक्सेना (70) पुत्र रोशन लाल शनिवार की रात 12 बजे वह किसी कार्य से दूसरी मंजिल से सीढियों से उतर रहे थे। चक्कर आने से अशोक सीढियों से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### बाइक से गिरकर महिला घायल, रेफर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बरेली के थाना सिरौली निवासी जेबा पत्नी फुरकान अपने भाई सोहेल पुत्र हनीफ के साथ रविवार की सुबह बाइक से चन्दौसी दवा लेने आई थी। बाइक स्टेशन रोड पर एसएम इंटर कॉलेज के सामने पहुंची, तो अचानक महिला चक्कर आने से बाइक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला के हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### बिजली गिरने से युवक की हालत बिगड़ी

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोविंदपुर निवासी जाबुल हसन पुत्र रजा हसन रविवार को शाम ट्रांसफार्मर के आसपास था। मौसम बिगड़ने पर अचानक बिजली ट्रांसफार्मर पर गिरी तो जाबुल हसन दहशत में आ गया और हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे संभल में एक अस्पताल में भर्ती कराया।

# सड़क हादसे में चार घायल तीन की हालत गंभीर

**बबराला, अमृत विचार:** गंगा स्नान के लिए नरोरा घाट जा रहे श्रद्धालुओं के ई-रिक्शा को कैंटर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा सवार चार श्रद्धालु घायल हो गए।

गुन्नौर के मोहल्ला अस्पताल निवासी बलवीर, नीतू पुत्री जितेंद्र तथा प्रेमलता पत्नी हरवंश ई-रिक्शा से नरोरा जा रहे थे। मोहल्ला पुवईयां निवासी अरशद ई-रिक्शा चला रहा था। रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे ई-रिक्शा आगरा- मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर नरोरा बैराज के निकट काली मंदिर के सामने पहुंचा तो सामने से आ रहे कैंटर ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में चालक सहित ई रिक्शा पर सवार चारों लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां बलवीर, प्रेमलता और चालक अरशद की हालत गंभीर देख उन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जबकि नीतू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### करंट से जींस कारीगर की मौत

**संभल,अमृत विचार :** हयातनगर निवासी अनीस (25) रविवार को मशीन पर जींस की सिलाई कर रहा था। मशीन में करंट की चपेट में अनीस आ गया। परिजन निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## 130 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बना कंट्रोल रूम

# सीसीटीवी कैमरों से लैस किए गए कांवड़ यात्रा मार्ग

कार्यालय संवाददाता, संभल



सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बनाये गये कंट्रोल रूम को देखते एसपी केके विश्नोई।

**अमृत विचार :** संभल में निगरानी और सुरक्षा को लेकर शुरू हुए प्रोजेक्ट के तहत कांवड़ यात्रा मार्ग को सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया गया है। अब कैमरों को सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बने कंट्रोल रूम से जोड़ा जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे लग जाने से कांवड़ियों की निगरानी हो रही है तो पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी नजर रख रहे हैं।

पिछले वर्ष 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे के विरोध में हुई हिंसा के बाद जिला प्रशासन ने संभल की संवेदनशीलता के मद्देनजर और सतर्कता बरतने का निर्णय लिया। 2 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 60 स्थानों पर 224 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं। चूंकि कांवड़ यात्रा शुरू होने जा रही थी, इसलिए पहले कांवड़ यात्रा के मार्गों को सीसीटीवी कैमरे से लैस कर दिया गया है। इसमें रायसत्ती, बल्ले की पुलिया, छंगामल कोठी, एसबीआई तिराहा, एजेंटी तिराहा, अस्पताल चौराहा, शंकर कॉलेज चौराहा, सूर्य कुंड मंदिर, मुन्नी माता मंदिर, लाडम सराय प्वाइंट शामिल हैं। इनमें अधिकतर प्वाइंटों पर सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। 60 में से 40 लोकेशन कवर कर ली गई हैं। 130 कैमरे लग चुके हैं। इतना ही नहीं, सत्यव्रत पुलिस चौकी पर कंट्रोल रूम की स्थापना हो चुकी है। अब सभी कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा जा रहा है। जिन कैमरों की कनेक्टिविटी हो रही है उनकी फुटेज कंट्रोल रूम से भी दिख रही है। जिससे साफ है कि कांवड़ यात्रा पर पुलिस प्रशासन की नजर है। अगर कांवड़ियों को कोई परेशानी होगी तो सरकारी अमला तत्काल हरकत में आ जाएगा।

- **कांवड़ यात्रा मार्ग सहित 40 लोकेशन हो गईं कवर, शेष पर चल रहा कार्य**

### फर्म ने शुरू किया पोल लगाने का काम

सीसीटीवी कैमरे लगाने की फर्म साइबर लेंस सॉल्यूशन के हर्षित शर्मा ने बताया कि कैमरों के लिए 22 पोल तैयार कराए गए हैं। पोल लगाने का काम रविवार से शुरू कराया है। बताया कि मुरादाबाद रोड, चंदौसी मार्ग पर पेट्रोल पंप, चौधरी सराय, रायसत्ती और लाडम सराय में पोल लगाए जाने हैं। बहरहाल, 2.6 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट से संभल में कड़ी निगरानी का इंतजाम सुनिश्चित हो जाएगा।

# आज हर-हर गंगे से गूंजेंगे शिवालय, होगा जलाभिषेक

## पहला सोमवार: जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी, कांवड़िया करेंगे जलाभिषेक, पुलिस बल तैनात

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सावन महीने में पहले सोमवार को आज संभल जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक होगा। बड़ी संख्या में भक्त भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हुए मनौती मांगेंगे। भक्तों की सुरक्षा और निगरानी के प्रबंध किए गए हैं।

सावन महीने में सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करने का खास महत्व है। इसी महत्व को लेकर भक्तों ने तैयारी पूरी की है। जनपद संभल में संभल के सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर, बहजोई मार्ग पर सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, फत्तेहपुर भाऊ के प्रकटेश्वर महादेव मंदिर, गुमसानी के झारखंडी महादेव मंदिर, बहजोई क्षेत्र के सादातबाड़ी शिव मंदिर पर सोमवार को बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

भोर से घंटों तक जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करने का सिलसिला चलेगा। जिसे लेकर मंदिरों पर भी तैयारी पूरी की गई है। बहजोई मार्ग पर स्थित सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष साफ सफाई करने के साथ ही सजावट की गई है।

वहीं दूसरे मंदिरों में भी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। पुलिस प्रशासन ने भक्तों की सुरक्षा में पुलिस कर्मी मुस्तैद कर दिए हैं तो निगरानी के प्रबंध भी किए गए हैं।



मनोटा रतनपुर मार्ग पर हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटते कांवड़िया। ● अमृत विचार

### 8 कलशों में 81 लीटर जल लेकर बढ़े कांवड़िया

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** बिना डीजे और बाइक के पैदल ही जुबां से बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए कांवड़िया ब्रजघाट से जल लेकर लौटने लगे हैं। यह कांवड़िया असमोली क्षेत्र के मनोटा पुल से होकर गुजर रहे हैं। दूसरी तरफ गंगाजल लाने के लिए कांवड़ियों के जत्थों ने रवानगी भी की। रविवार को असमोली क्षेत्र से कांवड़ियों का जत्था गंगाजल लेकर शिव मंदिर का रुख करता मिला। क्षेत्र के गांव रहटौल निवासी अनिकेत, शेखर, कौशल, सुबोध, अनमोल, शनि, विवेक ने बताया कि वह ब्रजघाट से 8 कलशों में 81 लीटर गंगाजल लेकर आए।

### सावन के प्रत्येक सोमवार को मंदिरों में होगी महाआरती

**संभल, अमृत विचार :** हिंदू जागृति मंच की बैठक में सावन महीने में प्रत्येक सोमवार को तीर्थों और मंदिरों में सामूहिक रुद्राभिषेक एवं महाआरती करने का निर्णय लिया गया। मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी में स्थित ज्ञानदीप मंदिर में हुई बैठक में हिंदू जागृति मंच के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि सावन महीने में इस वर्ष भी प्रत्येक सोमवार को सामूहिक रुद्राभिषेक एवं महाआरती की योजना बनाकर अलग-अलग यजमान भी नियुक्त कर दिए हैं। प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने मंच के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि प्रत्येक सोमवार को शाम 7 बजे सामूहिक अनुष्ठान किया जाएगा। प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी को सौंपी। भरत मिश्रा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, सरिता गुप्ता, सुनीता यादव, आशा गुप्ता, सुभाष चंद्र शर्मा, सुमन कुमार वर्मा, अजय कुमार शर्मा, विकास कुमार वर्मा, ज्योति गुप्ता, शुभ्रा गुप्ता, शालिनी रस्तोगी, अंकुर रस्तोगी, विनोद कुमार अग्रवाल, उमेश सैनी आदि रहे। अध्यक्षता सुभाष चंद्र मोंगिया ने तथा संचालन अमित गुप्ता शालू ने किया।

# जयकारों के साथ आने लगे कांवड़िया



गंगा घाट से कांवड लेकर आते कांवडिया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** सावन माह के सोमवार को शिव मंदिरों पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। जलाभिषेक के लिए कांवड़िया लौटना आरंभ हो गए हैं। डाक कांवड़ सोमवार की सुबह को जल लेकर लौटेगी।

सावन के पहले सोमवार को लेकर कांवड़ियों में उत्साह है। भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िया गंगा घाटों से कांवड़ में जल लेकर लौटना शुरू हो गए। यह कांवड़िया राजघाट नरौरा, हरिद्वार, ब्रजघाट सहित आदि गंगा घाटों से जल भरकर ला रहे हैं। रविवार की रात शिव भक्त अपनी-अपनी कांवड़ को रातभर लेकर घूमेंगे और सोमवार की सुबह शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। सावन माह के पहले सोमवार को पहले शिव मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। वहीं डाक कांवड़ को शिव भक्त सोमवार की सुबह राजघाट से जल लेकर आएंगे।

सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर, सुभाष रोड स्थित शिव मंदिर, बड़ा महादेव स्थित प्राचीन शिव मंदिर, मुंसिफ रोड स्थित शिव मंदिर, मौलागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर, कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर व झारखंड धाम शिव मंदिर आदि सहित अनेक मंदिरों पर सोमवार को जलाभिषेक किया जाएगा। प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहेगा।

- **सोमवार सुबह से शिव मंदिरों पर करेंगे जलाभिषेक**
- **राजघाट, हरिद्वार, ब्रजघाट से भरकर ला रहे जल**

## सार-संक्षेप

### अलमे मुबारक जुलूस में अंजुमनों ने पढ़ी नौहाख्वानी



**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** मोहर्रम की 16वीं तारीख को शनिवार को देर रात नगर पंचायत सिरसी के मोहल्ला शर्की में मजलिसे अजा हुई। मर्सियाख्वानी अजमल और उनके हमनवा ने पढ़ी। मजलिस को मौलाना मोहम्मद अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के बाद अलमे मुबारक अब्बास अलमदार निकाला गया। जिसमें सवारी असद अब्बास ने पढ़ी। इसके बाद अंजुमने जुल्फकारे हैदरी, गुलदस्ते हैदरी, हाशमी हैदरी और कारवाने हुसैनी ने नौहाख्वानी पढ़ी। अलमे मुबारक जुलूस इमामबारगाह सादात में जाकर संपन्न हुआ जहां अजादारों ने जियारत की।

### पालिका ने नहीं हटाया निर्माण तो तेज होगा आंदोलन

**बहजोई, अमृत विचार :** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर की मेले की भूमि में सत्संग भवन निर्माण व सौंदर्यीकरण के कार्य के विरोध में ट्रस्ट ने अपना धरना 18 वें दिन भी जारी रखा। श्री भगवंतपुर देवी मंदिर के सामने मेले की भूमि में नगर पालिका परिषद द्वारा बंधन योजना के तहत सत्संग भवन का निर्माण व सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा था। इसको लेकर श्री भगवंतपुर देवी मंदिर ट्रस्ट ने अपना विरोध जताया। इसके बाद निर्माण कार्य तो रुक गया। 18 वें दिन भी ट्रस्ट के पदाधिकारी ने अपना धरना जारी रखा। पदाधिकारियों ने कहा कि श्री भगवंतपुर देवी मंदिर पर एकमात्र मेले की भूमि है। पालिका परिषद अवैध तरीके से निर्माण करके उस पर कब्जा करना चाहती है। नगर पालिका ने अगर निर्माण नहीं हटाया तो आमजन को साथ लेकर आंदोलन को तेज किया जाएगा। अरुण गोस्वामी, कन्हैया लाल वार्ष्णेय, राजू शर्मा, सुमित कुमार, मनोज बजाज, शंकर लाल शर्मा क्रांतिवीर, गौरव कांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### महादलित परिसंघ के कार्यक्रम को लेकर चर्चा



**चन्दौसी, अमृत विचार :** महादलित परिसंघ की बैठक में अक्टूबर माह में प्रस्तावित परिसंघ के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बरेली व चन्दौसी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। वक्ताओं ने कहा कि अक्टूबर माह में शहर में महादलित जातियों के हक, अधिकार, उनके पिछड़ेपन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व राजनीतिक हकों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्याम सुंदर, शिशुपाल कठेरिया, हरी बाबू वाल्मीकि, जयदीप चौधरी, शिव प्रसाद, जितेंद्र सिंह, अमरीश कुमार, ललित सिंह, लितक राज, राजकुमार, अजय राजौर, चंद्रपाल, अनुराग, उमेश प्रधान आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य मेले में 2739 मरीजों का किया उपचार



**संभल, अमृत विचार :** जनपद संभल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2739 मरीजों का नि:शुल्क उपचार हुआ। इनमें सबसे ज्यादा 480 चर्म रोगी शामिल रहे। 109 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 37 चिकित्सकों और 128 पैरा मेडिकल ने ड्यूटी की। 1135 पुरुषों, 993 महिलाओं और 611 बच्चों का नि:शुल्क उपचार किया। 85 मरीजों की मलेरिया तथा 22 रोगियों की डेंगू की जांच की गई। सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई। एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतर्गत 373 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श दिया। मेले का सीएमओ डॉ. तरुण पाठक आदि ने निरीक्षण किया।

# पशु बढ़ाएंगे कांवड़ियों की मुसीबत

**बबराला, अमृत विचार :** सावन माह में शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा प्रारंभ हो चुकी है। प्रशासन यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के दावे कर रहा है, वहीं कांवड़ मार्गों पर छुट्टा गोवंश प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े कर रहा है।

स्टेट हाईवे, नेशनल हाईवे सहित मुख्य मार्गों पर छुट्टा सांड और गायें खुलेआम घूम रही हैं, जो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। यह पशु न केवल यातायात को बाधित कर रहे हैं, बल्कि पैदल चलने वाले कांवड़ियों व अन्य राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने के सबब शासन द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर कार्रवाई नजर नहीं आ रही। सड़कों पर गोवंशों का कब्जा अब भी बना हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जरूरी है कि प्रशासन विशेष अभियान चलाकर कांवड़ मार्गों से छुट्टा पशुओं को हटाए और उन्हें नजदीकी गौशालाओं में संरक्षित करने की व्यवस्था करे।



गुन्नौर में सड़क के किनारे निराश्रित गोवंशीय पशुओं के झुंड। ● अमृत विचार

# पौधों के पेड़ बन जाने तक करें देखभाल

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** सीडीओ व एडीएम ने ग्राम पंचायत पाठकपुर में किष्किंधा वन का निरीक्षण किया। खराब पौधों को हटाकर नए पौधे लगाने के निर्देश दिए। पौधे जब तक पेड़ न बन जाएं तब तक सही तरीके से देखभाल की बात कही।

ग्राम पंचायत पाठकपुर में डीएम राजेंद्र पैंसिया द्वारा किष्किंधा वन की स्थापना की गई है। रविवार को एडीएम प्रदीप वर्मा व सीडीओ गोरखनाथ भट्ट निरीक्षण के लिए पहुंचे। कहा कि पौधों की देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अगर लापरवाही सामने आई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद एडीएम व सीडीओ गांव सादातबाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर निरीक्षण के लिए पहुंच गए। जहां उन्होंने सोमवार को शिव भक्तों द्वारा किए जाने वाले जल अभिषेक की तैयारी का निरीक्षण किया। साफ सफाई तथा पार्किंग की व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह, वन रेंजर प्रभात शर्मा, ग्राम प्रधान लखन यादव व सचिव आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।



पाठकपुर में किष्किंधा वन का निरीक्षण करते एडीएम व सीडीओ। ● अमृत विचार

- **किष्किंधा वन का सीडीओ और एडीएम ने किया निरीक्षण**

## अदालत से

### एफआईआर रद्द करने को दायर की थी याचिका, हाईकोर्ट ने कहा-सुनवाई योग्य नहीं

# संभल हिंसा : दो आरोपियों की अर्जी हाईकोर्ट में खारिज

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल हिंसा मामले में फरार दो आरोपियों ने एफआईआर रद्द करने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की लेकिन राहत नहीं मिल पाई। हाईकोर्ट ने यह कहकर याचिका खारिज कर दी कि निचली अदालत उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर चुकी है इसलिए अब यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं।

संभल में जामा मस्जिद में सर्वे की कार्रवाई के दौरान पिछले साल 24 नवंबर को बड़ी हिंसा हुई थी। उपद्रवी भीड़ ने पथराव के साथ ही वाहनों व सरकारी संपत्ति को आग के हवाले कर दिया था। इस हिंसा में पथराव व फायरिंग में 29 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए थे जबकि 4 लोगों की मौत हुई थी। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व अन्य साक्ष्य के आधार पर अब तक सैंकड़ों उपद्रवियों को गिरफ्तार कर चुकी है। हिंदूपुरा खेड़ा इलाके में हुई हिंसा को लेकर नखासा थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था जिसमें मोहम्मद फैजान व मोहम्मद अता को भी पुलिस ने हिंसा में शामिल होने की बिनाह पर आरोपी बनाया था। पुलिस की पकड़ में नहीं आये तो दोनों के खिलाफ अदालत से गैर जमानती वारंट लिया गया था। इस कार्रवाई के बाद मोहम्मद फैजान व मोहम्मद अता ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर एवं प्रवीण कुमार गिरी की खंडपीठ ने इस याचिका की सुनवाई की। अदालत ने मोहम्मद फैजान व मोहम्मद अता के अधिवक्ता सौरभ यादव की दलील सुनने के बाद याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि पुलिस 15 जनवरी को स्थानीय न्यायालय से दोनों के गैर जमानती वारंट जारी करा चुकी है। इसलिए यह अर्जी सुनने योग्य नहीं है। याचिका खारिज होने के बाद हिंसा आरोपियों को बड़ा झटका लगा है।

- **संभल हिंसा मामले में नखासा थाना पुलिस को थी दोनों आरोपियों की तलाश**
- **हाईकोर्ट ने कहा, निचली अदालत जारी कर चुकी है गिरफ्तारी वारंट**

### 151 जोड़ों ने किया सामूहिक रुद्राभिषेक

**चन्दौसी, अमृत विचार:** श्री सत्संग सेवा समिति की ओर से गीता सत्संग भवन में 151 जोड़ों ने विधि विधान से भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। उक्त रुद्राभिषेक पिछले 21 वर्षों से लगातार जारी है। आचार्य देव नारायण के साथ विद्वानों ने विधि विधान से रुद्राभिषेक कराया। मुख्य यजमान सोनू व समीर अग्रवाल रहे। संजय अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, रामकिशन रस्तोगी, श्याम अरोरा, पंकज गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, अर्पिता अग्रवाल, आरब अग्रवाल, राधा अग्रवाल, वैष्णवी गुप्ता, ऋषि अरोरा, छोटू अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, दीपक, झलक, शुभ रस्तोगी, महक बसंत आदि मौजूद रहे।

# जरा सी बारिश में टूट गया नाला

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद द्वारा करोड़ों की लागत से बनाया जा रहा नाला हल्की सी बारिश नहीं झेल पाया। 10 फीट से अधिक नाला टूट कर गिर गया।

नगर पालिका परिषद द्वारा चंदौसी बहजोई मार्ग के दोनों ओर बारिश के पानी की निकासी को लेकर करोड़ों रुपए की लागत से नाले बनवाए जा रहे हैं। अब तक बने नाले की गुणवत्ता ऐसी थी कि नवनिर्मित नाला रविवार को हुई हल्की सी बारिश भी नहीं झेल पाया। चंदौसी-बहजोई मार्ग स्थित दिव्या लोक रिसोर्ट के सामने 10 फीट से अधिक नाला थोड़ी सी बारिश के बाद ही टूटकर अंदर गिर गया। हल्की सी बारिश ने नगर पालिका द्वारा बनाए जा रहे नाले में भ्रष्टाचार की पोल खोल दी। जैसे ही नाल गिरा मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोग गुणवत्ता पर सवालिया निशान उठा रहे थे। लोगों ने नाले को गुणवत्ता पूर्वक शीघ्र ही बनवाए जाने की मांग उठाई।



बहजोई में बरसात के बाद टूटकर गिरा नवनिर्मित नाला। ● अमृत विचार

- **नगर पालिका द्वारा हाईवे के दोनों ओर बनाया जा रहा है नाला**

यद् दूरं यद् दुराराध्यं यच्च दूरे व्यवस्थितम् ।
तत्सर्वं तपसा साध्यं तपो हि दुरतिक्रमम् ॥

कोई वस्तु चाहे कितनी ही दूर क्यों न हो, उसका मिलना कितना ही कठिन क्यों न हो, और वह पहुंच से बहार क्यों न हो, कठिन तपस्या अर्थात परिश्रम से उसे प्राप्त किया जा सकता है।

### संपादकीय

## स्वास्थ्य व अर्थव्यवस्था पर असर

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की नई रिपोर्ट को चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। रिपोर्ट अनुसार रेत और धूल के तूफान हमारे स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर लगातार भारी असर डाल रहे हैं। रिपोर्ट इस वैश्विक चुनौती की भयावहता को उजागर करती है कि दुनियाभर में रेत और धूल भरी आंधियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लगभग 150 देशों के 33 करोड़ से अधिक लोग सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। आंशिक रूप से बादलों से घिरे आकाश में एक विशाल धूल भरा तूफान शुष्क, समतल रेगिस्तानी भूभाग पर आ रहा है। हर साल, लगभग 200 करोड़ टन रेत और धूल वायुमंडल में प्रवेश करती है-जो गीज़ा के 307 पिरामिडों के बराबर है। वैश्विक धूल का 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा उत्तरी अफ्रीकी और मध्य पूर्वी रेगिस्तानों से आता है और इसे महाद्वीपों और महासागरों के पार सैकड़ों, यहां तक कि हज़ारों किलोमीटर दूर तक पहुंचाया जा सकता है। हालांकि 2024 में वार्षिक औसत धूल सतह सांद्रता का वैश्विक औसत 2023 की तुलना में थोड़ा कम था, फिर भी क्षेत्रीय स्तर पर इसमें काफी भिन्नताएं थीं। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में, 2024 में सतह धूल सांद्रता 1981-2010 के दीर्घकालिक औसत से ज्यादा थीं। रिपोर्ट निगरानी, पूर्वानुमान और पूर्व चेतावनियों में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर जोर देती है। विश्व मौसम संगठन की महासचिव सेलेस्टे साउलो कहती हैं कि रेत और धूल भरी आंधियां लाखों लोगों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाती हैं। किसी खतरे के 24 घंटे के भीतर जारी की गई पूर्व चेतावनियां उस घटना से होने वाले नुकसान को 30 प्रतिशत तक कम कर सकती हैं। विश्व मौसम संगठन की रेत और धूल भरी आंधी चेतावनी परामर्श और मूल्यांकन प्रणाली अंतर्राष्ट्रीय रेत और धूल अनुसंधान का समन्वय करती है और इसके क्षेत्रीय केंद्र कार्यरत हैं। पिछले 50 वर्षों में आपदाओं की संख्या पांच गुना बढ़ गई है और दुनिया के केवल आधे देशों के पास ही बहु-ख़तरे वाली पूर्व चेतावनी प्रणालियां उपलब्ध हैं। चूंकि विकासशील और अल्प विकसित देशों में खतरों के कारण जान-माल की हानि बढ़ रही है - ये वे देश हैं जो जलवायु परिवर्तन के परिणामों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं। यही कारण है कि संभावित मौसम और जलवायु संबंधी जोखिमों और संकटों का विश्लेषण और पहचान करने के लिए पूर्व चेतावनी प्रणालियां स्थापित की जाती हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण जलवायु संबंधी ख़तरे लगातार, चरम और अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे हैं, इसलिए पूर्व चेतावनी प्रणालियों की तत्काल आवश्यकता है।

# स्वदेशी स्टील्थ लड़ाकू विमान का चुनौतीपूर्ण विकास



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**फ्युसिलेज डिजाईन में सपाट सतहों और तीखे मोड़ों का उपयोग इसीलिए किया जाता है ताकि राडार संकेत को दूसरी दिशा में जानबूझकर परावर्तित किया जा सके। अमरीका के बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर की बॉडी और डैनों के डिजाईन को देखकर इस बात को समझा जा सकता है।**

तिरुवनंतपुरम के एयरपोर्ट पर खड़े रहे ब्रिटेन के ऍफ़-35बी स्टील्थ कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को आखिरकार ढोकर ले जाना पड़ा। अफवाह थी कि इस विमान के जरिये से भारत के पश्चिमी तट की रक्षा ठिकानों, इंस्टालेशन्स, सामरिक महत्व के सामान के निर्माण से संबधित सुविधाएं या फैक्ट्रीज, डिफेंस कम्युनिकेशन स्थलों की थर्मल इमेजिंग की गई। भारत के एयरोनॉटिकल कम्युनिकेशन इंजिनियर्स ने इस जहाज में थर्मल इमेजिंग कैमरे और इनके पावरफुल सेन्सर्स को ढूंढ लिया। इस प्रकरण में क्या पूरे एयरक्राफ्ट की स्कैनिंग की गई या कोई कोवर्ट फिजिकल इंस्पेक्शन हुआ, मालूम नहीं है? मान लीजिए इंस्ट्रूमेंटेशन, डिजाईन फीचर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टील्थ कोटिंग में इस्तेमाल किए गए मैटेरियल्स रेडिएशन अवरोधी और हीट रेसिस्टेंट पॉलीमर पदार्थ की खुरचन निकाली गई होगी तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि केमिकल और पॉलीमर विज्ञान में भारत अब काफी उन्नत है और चोरी की जरूरत नहीं। फ्युसीलेज, कॉकपिट पेनल्स आदि को देखा गया होगा तो भी इन सबके निर्माण और कन्फ्युगिरेशन के लिए बहुत उन्नत टेक्नोलॉजिकल ज्ञान और अनुभव की जरूरत होती है। भारत के टेक्नोक्रेट्स उस तरीके से चोरी नहीं करते जैसा चीन ने शुरूआती दौर में रूस में बने फाइटर जेट्स और युद्धक टैंकों को उधेड़ कर इन्हें रिवर्स टेक्नोलॉजी मेथड से अधिक उन्नत करते हुए पुनर्निर्मित किया था। खबरी मीडिया बता रहा है कि चीन ने दूसरे महायुद्ध के समय के लड़ाकू विमान, युद्धक टैंक और बहुत सा असॉल्ट सामान जंगलों में छिपा कर रखा था जिसके बूते पर गयी-बीती टेक्नोलॉजीज को आधार बनाते हुए इन्हें उन्नत कर लिया गया। चीन के टेक्नोक्रेट्स इतने नाकाबिल नहीं हो सकते कि अब वे टेक्नोलॉजी की नक़ल करें।

भारत द्वारा अपनी नौसेना और वायुसेना लिए विकसित किए जाने वाले तेजस विमान में विलम्ब को लेकर तीखी आलोचना जब हुई तो कहा गया कि भारत के डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन से सम्बद्ध एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी 5वीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट स्टील्थ एयरक्राफ्ट एमके-1 विकसित करने के प्रोजेक्ट पर तेज़ी से काम करेगी। लक्ष्य है कि विमान 1620 किमी की गति से 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक 2.15 मैक की गति से उड़ने वाला होगा। इसमें भारत में सर्वाधिक उन्नत अस्त्र लगाए जा सकेंगे। यह काम सन 2035 तक पूरा होगा। यह अमरीका के ऍफ़-35, रूस के सुखोई-57, और चीन के जे-20 अत्याधुनिक स्टील्थ फाइटर जेट प्लेन्स की टक्कर का या इनसे कुछ उन्नत ही होगा। चिंता इस बात को लेकर है कि भारत की यह योजना अभी10 साल बाद संपन्न होगी जबकि अमरीका, रूस और चीन के उक्त तीनों विमान फिलहाल सेवा में लिए जा चुके हैं। तब तक भारत क्या करेगा?

**स्टील्थ तकनीक के इस्तेमाल को बनाए रखने में रख-रखाव से संबंधित कुछ ख़ास किस्म की अनिवार्य ड्रिल होती हैं जिनकी अनदेखी करने पर हवाई युद्ध में इसकी प्रभावशीलता घट जाती है। विमान के एयरोडायनामिक डिज़ाइन के मद्देनज़र भी रख-रखाव की लागत बढ़ती है।**

आलोचना सिर्फ भारत द्वारा स्वदेशी फाइटर प्लेन्स विकसित करने में हुए विलंब को लेकर नहीं होती। ब्रिटेन के नेशनल ऑडिट ऑफिस ने एक रिपोर्ट -द यूके'ज ऍफ़-35 कैपॉबिलिटी, 2025, कुछ सप्ताह पहले तैयार की है जिसमें ब्रिटेन के सबसे उन्नत इस युद्धक विमान की परियोजना पर अब तक एक ख़रब 27 अरब रुपये की धनराशि खर्च की जा चुकी है। इसके बदले में ऍफ़-35 विमान के विकास की मूल योजना के क्रियान्वयन में निराशाजनक परिणाम मिले हैं। ऍफ़-35 लाइटनिंग स्टील्थ फाइटर विमान के विकास का काम सन 2018 में संपन्न हो जाने के बाद समीक्षात्मक रिपोर्ट अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ़ एयरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स फोरम ने सार्वजनिक की थी जिसे ऍफ़-35 एयर व्हीकल टेक्नोलॉजी ओवरव्यू नाम दिया गया है।

उक्त ऑडिट रिपोर्ट में ऑडिटर ने लिखा कि ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय द्वारा ऍफ़-35 में योजनानुसार निर्माता लॉकहीड मार्टिन ने अनिवार्य क्षमताएं प्रदान नहीं की हैं। ऍफ़ -35 में सुरक्षित दूरी से ज़मीनी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए एक भरोसेमंद वेपन स्पीयर-3 मिसाइल सन 2024 के अंत तक इस विमान में लगा दिया जाना चाहिए था, लेकिन 2030 के दशक की शुरुआत तक इसे इनस्टॉल नहीं किया जा सकता। स्पीयर-3 एक भावी एयर-टू-ग्राउंड और संभवतः एंटी-शिप क्रूज़ मिसाइल है जो गतिशील और स्थिर लक्ष्यों पर प्रहार कर सकती है। इसके न होने से युद्ध क्षेत्र में कुछ मिशनों को संचालित करने की ब्रिटेन की क्षमता सीमित हो जाएगी।

स्टील्थ तकनीक के इस्तेमाल को बनाए रखने में रख-रखाव से संबंधित कुछ ख़ास किस्म की अनिवार्य ड्रिल होती हैं जिनकी अनदेखी करने पर हवाई युद्ध में इसकी प्रभावशीलता घट जाती है। विमान के एयरोडायनामिक डिज़ाइन के मद्देनज़र भी रख-रखाव की लागत बढ़ती है। बेहतरीन अदृश्यता गुण और पकड़े जाने से बचने के लिए विमानों के लिए फिलहाल प्लाज़्मा, इन्फ्रा-रेड, मैग्नेटिक और एकॉउस्टिक सिग्नेचर रिडक्शन एवं एक्टिव और पैसिव कैंसलेशन सिस्टम्स का इस्तेमाल होता है। एंटी-स्टील्थ और स्टील्थ सिस्टम्स लंबे समय तक उपयोग के बाद क्षीण हो जाते हैं। विमान को छुपाने वाले मटेरियल की जो परत इसके शरीर पर चढ़ाई जाती है वह कुछ समय पश्चात हवा में मौजूद कणों के घर्षण और इससे पैदा होने वाली गर्मी या किसी और वजह से ढीली पड़कर उतर सकती है। स्टील्थ कोटिंग टेक्नोलॉजी को रिसर्च से कैसे संभव बनाया गया इसके लिए विभिन्न प्रकार की राडार टोही तकनीकों की कार्यप्रणाली के अलावा पॉलीमर विज्ञान को समझना जरूरी है। एक फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को डिटेक्ट करने के लिए ध्वनि और इलेक्ट्रॉनिक तरंगों का इस्तेमाल किया जाता है। स्टील्थ मटेरियल की कोटिंग फाइटर एयरक्राफ्ट या बॉम्बर को टोही तरंगों की चपेट में आने से बचाती है। पॉलिमर कम्पोजिट-आधारित स्टील्थ सामग्री में कार्बनयुक्त पदार्थ और भराव के रूप में ग्रैफीन, कार्बन ब्लैक, कार्बन नैनोट्यूब और कार्बन फाइबर शामिल हैं। इससे छुपाव और विमान के बाह्यावरण को अत्यधिक गर्म होने से बचाने के स्टील्थ कोटिंग की जाती है। स्टील्थ परत सामग्री रेज़िन बाज़ार में उपलब्ध एपॉक्सी, पॉलीयूरेथेन और पॉलीइमाइड जैसी लेकिन उन्नत पदार्थ हैं। वाहनों को पराबैंगनी किरणों, पपड़ी बनने और खरोंचों से भी यह बचाती है।

अमरीकी विमान निर्माता कंपनी लॉकहीड को स्टील्थ टेक्नोलॉजी के विकास कार्य पर सबसे पहले लगाया गया था। मटेरियल की पहचान होने पर विमान के आकार, इसमें प्रयुक्त अन्य सामग्रियों, इंजन और उपकरण, सभी को स्टील्थ टेक्नोलॉजी के सफल प्रदर्शन के लिए ख़ास तरीके से डिज़ाइन किया जाना चाहिए ताकि रडार संकेतों को विमान से दूर बिखेरने का एक ही केंद्र हो, अलग-अलग नहीं।

फ्युसिलेज डिजाईन में सपाट सतहों और तीखे मोड़ों का उपयोग इसीलिए किया जाता है ताकि राडार संकेत को दूसरी दिशा में जानबूझकर परावर्तित किया जा सके। अमरीका के बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर की बॉडी और डैनों के डिजाईन को देखकर इस बात को समझा जा सकता है। एफ-35 का रेड्यूस्ड क्रॉस सेक्शन ऑफ़ राडार अर्थात आरसीएस, इसे 0.005 वर्ग मीटर से बड़ा नहीं दिखाता है। राडार पर ऍफ़-35 एक हमिंगबर्ड पक्षी से थोड़ा सा बड़ा है। छोटे आकार की ऐसी वस्तु को राडार स्क्रीन पर देखने वाले इसकी उपेक्षा करते हैं जिससे बचाव के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए शत्रु उद्धत नहीं होता। जब मालूम होता है, तब तक देर हो चुकी होती है। हमें विश्वासपूर्वक उम्मीद रखनी चाहिए कि भारत स्वदेशी, विकासमान, पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट स्टील्थ एयरक्राफ्ट एमके-1 लड़ाकू विमान के लिए इन्हीं तकनीकों का इस्तेमाल करेगा।

### प्रसंगवश

## जापान की तकनीक और नवाचार

जापान, पूर्वी एशिया में स्थित एक द्वीप समूह देश है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है। यह देश 6,852 द्वीपों से मिलकर बना है, जिनमें होक्काइडो, होंशू, शिकोकू, क्यूशू और ओकिनावा मुख्य द्वीप हैं। अपनी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था, उन्नत प्रौद्योगिकी व नवाचारों, दुनिया के सबसे बड़े वाहन निर्माताओं में से एक, और जिसकी ट्रेनें दुनिया में सबसे सटीक समय पर चलने वाली मानी जाती है तथा जो अपनी अद्वितीय व अनूठी संस्कृति के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध रहा है; ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण, और शिक्षा के क्षेत्र में जापान आज एक वैश्विक नेता है। हाल ही में जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के रिसर्चर्स ने 1.02 पेटाबिट्स(पेटाबाइट) प्रति सेकेंड की अविश्वसनीय इंटरनेट स्पीड हासिल करके विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो अपने आप में एक मिसाल है। जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनआइसीटी) ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और यूरोपीय पार्टनर के साथ मिलकर यह रिकॉर्ड बनाने वाली उपलब्धि हासिल की है। उनके यूनिक 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर केबल ने 1,808 किलोमीटर से ज्यादा की दमदार स्पीड से डाटा ट्रांसमिट किया, जो कि करीब लंदन से रोम की दूरी के बराबर है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1.02 मिलियन गीगाबाइट (जीबी) डाटा एक सेकंड में डाउनलोड किया गया है। यह स्पीड इतनी ज्यादा है कि इसके बारे में सोच पाना भी मुश्किल है। जापान की इस तकनीक को वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक उज्जवल भविष्य के रूप में देखा जा रहा है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

वास्तव में, जापान की यह उपलब्धि डेटा ट्रांसमिशन तकनीक में एक महत्वपूर्ण व बड़ा कदम है। जापान की यह स्पीड अमेरिका की एवरेज इंटरनेट स्पीड से 3.5 गुना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह स्पीड अमेरिका के औसत इंटरनेट कनेक्शन से 35 लाख गुना ज्यादा है। भारत की औसत इंटरनेट गति से यह 1.6 करोड़ गुना तेज बताई जा रही है।

आज भारत जैसे देश में बफरिंग, नेटवर्क डाउन और स्लो इंटरनेट एक बड़ी समस्या है, ऐसे में जापान द्वारा हाइ स्पीड इंटरनेट तकनीक का विकास आने वाले समय में 6 जी नेटवर्क, क्लाउड सिस्टम्स, अंडरसी डेटा केबल्स और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में नई क्रांति लेकर आएगा। जापान ने सिंगल कोर के बजाय 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम व उन्नत एम्प्लीफायर तकनीक की मदद से इतनी तेज इंटरनेट स्पीड को हासिल करने में सफलता मिली है।

मार्च 2024 में भी जापान ने ही 402 टेराबिट्स प्रति सेकंड (यानी 50,250 जीबीपीएस) की स्पीड का रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इस बार नई तकनीक ने इस आंकड़े को दोगुना से अधिक कर दिया। कहना ग़लत नहीं होगा कि जैसे-जैसे एआइ, 8के स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे सेक्टर आगे बढ़ेंगे, ऐसे ब्रेकथ्रू तकनीकों की जरूरत और भी बढ़ेगी। वास्तव में यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। ज्यादा तेज इंटरनेट, ज्यादा तेज विकास भी लेकर आएगा। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थ केयर और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि इंटरनेट की स्पीड के मामले में भारत टॉप-10 के देशों में भी शामिल नहीं है। यहां पर मोबाइल इंटरनेट स्पीड 100.78 एमबीपीएस है। जबकि, एवरेज ब्रॉडबैंड स्पीड 63.55 एमबीपीएस है। वास्तव में यह स्पीड विश्व के बाकी देशों के मुकाबले काफी कम है।

दुबई इंटरनेट की स्पीड के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर, तथा हाँगकांग तीसरे नंबर पर, फ्रांस चौथे नंबर पर तथा आइसलैंड पांचवें नंबर पर आता है, जहां इंटरनेट की स्पीड क्रमशः 318.63 एमबीपीएस, 312.60 एमबीपीएस, 308.01एमबीपीएस तथा 306.22एमबीपीएस है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि जापान ने अपने तकनीकी नवाचार से ग्लोबल डिजिटल डिफरेंस को भी उजागर किया है। आज एआइ का दौर है, दुनिया में ज्यादातर कामकाज इंटरनेट, तकनीक से किए जा रहे हैं।आने वाले समय में इंटरनेट व तकनीक का उपयोग निश्चित ही और अधिक बढ़ेगा, ऐसे में जापान की इंटरनेट स्पीड से जापान के साथ ही साथ दुनिया के अन्य देशों को भी इसके लाभ मिल सकेंगे।

# अंतरिक्ष में खेती-किसानी और हिरण्यगर्भ



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

**शुभांशु शुक्ला अपने साथ गाजर और मूंग की दाल का हलवा और आमरस ले गए थे। ये सब उनकी मां ने बनाए थे।**

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) के प्रवासी भारतीय शुभांशु शुक्ला ने भविष्य की सुरक्षित खेती-किसानी के लिए अंतरिक्ष में बीज बो दिए हैं। यह सुनने में आश्चर्य होता है कि अंतरिक्ष लोक में खेती? आखिर कैसे संभव है ? मनुष्य धरती का ऐसा प्राणी है, जिसकी विलक्षण बुद्धि नए-नए मौलिक प्रयोग करके धरती के लोगों का जीवन सरल व सुविधाजनक बनाने में लगी है। इसी क्रम में अब अंतरिक्ष में किया जा रहा खेती करने का प्रयोग है। परंतु ऋग्वेद के हिरण्यगर्भ सूक्त में हम देखते हैं कि अंतरिक्ष में जीव-जगत को पैदा करने वाले सभी सूक्ष्म जीवों के रूप में पूर्व से ही विचरण कर रहे हैं।

हमें ज्ञात है कि 11 जून 2025 को अपने तीन अन्य साथी यात्रियों के साथ षुभांशु ने एक्सिओम-4 अभियान के अंतर्गत अंतरिक्ष की उड़ान भरी थी। अब तक 633 यात्री अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने कदम रख चुके हैं। शुभांशु 634वें यात्री हैं। इस अभियान का लक्ष्य इस अंतरिक्ष ठिकाने पर विशेष खाद्य पदार्थ और उनके पोषण संबंधी 60 प्रयोग करना है। इनमें सात इसरो यानी भारतीय अनुसंधान संगठन के हैं। हम इन्हीं खाद्य बीजों की बात करेंगे।

शुभांशु शुक्ला अपने साथ गाजर और मूंग की दाल का हलवा और आमरस ले गए थे। ये सब उनकी मां ने बनाए थे। उन्होंने यह भोजन अपने साथियों को भी खिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभांशु से हुई अठारह मिनट की बातचीत में यह पूछा भी 'क्या अपने साथियों को भारतीय व्यंजन खिलाए ?' शुभांशु ने बताया, 'हम सभी ने इसे खाया और सभी को यह पसंद भी आया।' भला इन शाकाहारी व्यंजनों की दुनिया में तुलना कहां ?अंतरिक्ष स्टेशन प्रतिदिन पृथ्वी की 16 बार परिक्रमा करता है। यात्रियों को विभिन्न 16 सूर्योदय और 16 सूर्यस्त देखने का रोमांच और आनंद मिलता है। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहा गया है, सूर्य अनेक हैं। सात दिशाएं हैं, उनमें नाना सूर्य हैं, सप्त दिशो नानासूर्याः सप्त होतार ऋत्विजः। (ऋग्वेदः9.114.3) । अथर्ववेद में सात विशाल सौर मंडल उल्लेखित हैं.., यस्मिन् सूर्या अर्पिताः सप्त साकम। (अथर्ववेदः 13.3.1)

मेथी और मूंग की दाल के बीज अंतरिक्ष में बोकर अंकुरित करने के प्रयोग का नेतृत्व धरती से दो कृषि विज्ञानी रविकुमार होसामणि और सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस अभियान की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि यात्रियों के धरती पर लौटने के बाद बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। तंत्र और पोषण की क्रमिक विकास की संरचना होने वाले बदलावों को ज्ञात किया जा सके। शुभांशु एक अन्य प्रयोग के लिए सूक्ष्म शैवाल ले गए हैं, जिससे भोजन, प्राणवायु (ऑक्सीजन) और यहां तक की जैव ईंधन उत्पन्न करने की क्षमता को वैज्ञानिक ढंग से परखा जा सके।

अंतरिक्ष में आनुवंशिकी सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र और उनकी पोषण संरचना की जानकारी हमें अपने प्राचीन संस्कृत ग्रंथ श्रीमद्भागवत में भी मिलती है। कश्यप-दिति पुत्र हिरण्यकश्यप केवल बाहुबलि ही नहीं है, अपितु अपनी मेधा और अनुसंधानमयी साधना से उन्होंने चमत्कारिक वैज्ञानिक उपलब्धियां भी प्राप्त की हुई हैं। इस अनंत ब्रह्मांड में दृश्य एवं अदृश्यमान संपूर्ण पदार्थों के तत्व उपलब्ध हैं। सूर्य की किरणों में भी सभी पदार्थों को उत्सर्जित करने वाले तत्वों की उपस्थिति मानी जाती है। हिरण्यकश्यप वायुमंडल में विचरण कर रहे इन मूलभूत तत्वों पर नियंत्रण की वैज्ञानिक विधि में निपुण थे। श्रीमद्भागवत के स्कंध-1, अध्याय-4 में कहा है..,अकृश्टपच्या तस्यासीत सप्त द्वीपवतीमही।/ तथा कामुधाद्यौस्तु नानाश्चर्य पदं नभः।।

अब दुनिया के भौतिक विज्ञानी मानने लगे हैं कि अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड में विविध रूपों में जीव-जगत व वनस्पतियों का सृजन करने वाले बीजों के सूक्ष्म कण हमेशा विद्यमान रहते हैं। गन्ना (ईख) एक बार बोने के बाद कई साल तक फसल देता है। रूस के वैज्ञानिकों ने ऐसे संपुटिका (कैपस्यूल) बना लिए हैं, जिनमें बीजों के कई-कई मूल कण संयोजित रहते हैं।

हमारे ऋषियों ने ऋग्वेद के दसवें मंडल के 'हिरण्यगर्भ' सूक्त में सृजन के सूक्ष्म जीव को हजारों वर्ष पहले ज्ञात कर लिया था.., हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक असीत।/ स दाधार पृथिवीं धामुतेमां कस्मै देवाय हविशा विधेम।। अर्थात, इस सृष्टि के निर्माण से पहले इसके आदि स्रोत के रूप में हिरण्यगर्भ अत्यंत सूक्ष्म रूप में विद्यमान था। इसी सूक्ष्म से सृश्टि का विस्तार हुआ। इस विशाल सृष्टि के आधारभूत मूल में प्रकृति अत्यंत सूक्ष्म है, जिसे केवल अनुमान से ही जाना जा सकता है। हिरण्यगर्भ में हिरण्य स्वर्ण सी चमकने वाली ऊर्जा का प्रकाशपुंज है। 'गर्भ' से आशय कोख या अंडे से है। यही वह प्राकृतिक अवयव, अंग, बीज या उपकरण हैं, जिनसे संपूर्ण जीव-जगत पैदा होता है।

### सोशल फोरम

## आश्रम धर्म

हमारे शास्त्रों में निर्देश है कि हम आश्रम धर्म का पालन करें। प्रचलित अर्थ में जीवन को चार बराबर खंडों में बांटा गया है। जीवन के प्रथम खंड (25 वर्ष की उम्र तक) को ब्रह्मचर्य आश्रम में व्यतीत करने की बात कही गई है। द्वितीय खंड (26-50 वर्ष) गृहस्थ आश्रम का है। तृतीय खंड (51-75 वर्ष) वानप्रस्थ आश्रम में व्यतीत करना चाहिए और चतुर्थ खंड (76 से मृत्यु पर्यंत) संन्यास आश्रम में रहना चाहिए।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

वानप्रस्थ का सामान्य अर्थ है वन में निवास करते हुए जीवन बिताना। यह तभी तक संभव था जब वन बड़े भूभाग पर थे और जनसंख्या कम थी। बसोबास कम थे। अतः कहा गया कि कलियुग में केवल दो आश्रम होंगे। गृहस्थ और भिक्षुक (संन्यास)।

ब्रह्मचर्य आश्रम का लोप हो गया। शिक्षा-दीक्षा के लिए बच्चे वन नहीं, विद्यालय जाने लगे। ध्यान दें कि भीष्म ने अपने पोतों की शिक्षा के लिए घर की बगल में ही विद्यालय खुलवा दिया जहां द्रोणाचार्य प्रधान शिक्षक थे। इसी तरह वन का अर्थ बदल गया। नये दौर में वन का अर्थ मठ हो गया।

बसोबास ने ब्रह्मचर्याश्रम के लिए शिक्षण संस्थानों और वानप्रस्थ के लिए वनों को आत्मसात कर लिया, इंटरनलाइज कर लिया। वे विद्यालय और मठ में परिवर्तित हो गए।

जंगलों में भिक्षा कहां मिलती। गृही ही भिक्षा दे सकते हैं। अतः संन्यास आश्रम भी बसोबास से जुड़ गया।

भौतिक संरचना के बदलने से धर्म और आचरण का बदलना स्वाभाविक है। इनके असर स्पष्ट दिखते हैं। जब घर में रह कर शिक्षा स्कूल में मिले तो गृहस्थाश्रम का आकर्षण बढ़ना स्वाभाविक है। विद्याध्ययन में रुचि न हो तो गृहस्थाश्रम में प्रवेश पच्चीस वर्ष की उम्र के पहले भी होने लगा। दूसरी तरफ, जो वानप्रस्थ में मठ में रहते थे वे धार्मिक और सामाजिक कामों में भी भाग लेने लगे। संन्यास की उम्र आगे सरक गई। जिन्हें संन्यासी होना चाहिए था वे मठ में रहने लगे।

समय बदलता रहा। अब कुछ मठ वृद्धाश्रम में बदल रहे हैं। कुछ मेरे जैसे वृद्ध पेंशन या सरकारी भिक्षा पर जीने लगे हैं। जिन्होंने सरकारी नौकरी नहीं की उन्हें वृद्धावस्था वाली पेंशन मिलती है जिससे वे भिक्षुक जैसी जिंदगी जी ले सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# पूर्वाग्रह सत्य की खोज में बाधक है



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**दास युग किस देश के इतिहास में नहीं था? आदमी को गुलाम बना कर बेच दिया जाता था। क्या हम वे दिन भूल सकेंगे, जब इन्हीं अंग्रेजों ने हमको गुलाम बना कर हम अत्याचार किया था?**

एक मेरे मित्र हैं,संस्कृति के अध्ययन में लगे हैं,जब-कभी आते हैं,एक ही बात दोहराते हैं कि दुनियां की सारी भाषाएं भारत से निकली हैं,सारी सभ्यताएं भारत से गई हैं, समस्त ज्ञान-विज्ञान का जन्म भारत में ही हुआ था,पहला मनुष्य भारत में ही जनमा था,इत्यादि। इनकी बात सुन लेता हूं, उत्तर नहीं देता, क्योंकि वे धरती की महिमा को देखते हैं, पंथ को देखते हैं, मनुष्य को नहीं देख पाते। उनकी समझ में नहीं आता कि मनुष्य मनुष्य है और वह सभी देशों में समान है। मनुष्य की मूलप्रवृत्तियां सभी जगह वही हैं।

दूसरे लोग वे हैं, जो समझते हैं कि भारत के लोग अंधविश्वासी हैं,धर्म अफीम है,सामंतवाद का ही अवशेष चारों ओर है। ये मानते हैं कि भारत अज्ञान में डूबा रहा है। समस्त ज्ञान-विज्ञान यूरोप में या अन्य देशों मे ही पैदा हो सकता था, वहीं हुआ! समस्त मनीषा विदेशों में ही है।

भारत तो बस रूढिवाद का ही गढ़ रहा है। संक्षेप में उनके विचार से विदेशी पहले नंबर का मनुष्य है और भारतीय दूसरे नंबर का मनुष्य है। ये लोग नहीं समझ पाते कि जो भारतवंशी विदेशों में गए, उनको अवसर मिला तो उन्होंने अपनी प्रतिभा का चमत्कार दिखा दिया। ये लोग पहले वाले पंथ-आग्रह का उसी स्तर पर रहते हुए उत्तर देते रहते हैं। वैज्ञानिक नाम से उन लोगों ने एक नया पंथ बना लिया है। वे नहीं सोचेंगे कि रूस में क्रांति के समय कितने लोगों को मरवा दिया गया था? अमरीका में कितने रेड- इंडियन्स को मरवाया गया था? कितने देशों पर बम गिराये गये थे? आज भी यूक्रेन में नरमेध हो रहा है। ये सभ्य हैं ? इसका नाम आधुनिकता है?

तीसरे वे हैं, जो बिना अध्ययन के ही वेदों को, पुराणों को ,उपनिषदों को, गीता-भागवत को और अन्यान्य ग्रंथों को ब्राह्मणों की गप कह देते हैं। उनकी सनक है कि भारत में तो जातियुद्ध होते रहे हैं और वही होंगे। उनकी जातिचेतना इतनी बड़ी है कि मनुष्य उनको दिखता नहीं। इसे कहते हैं तिनका की ओट पहाड़। जातिचेतना से ग्रस्त मस्तिष्क अपनी स्वयं की अपरिमित शक्ति को नहीं देख पाता। बहस के सिवा उसके वश का कुछ नहीं है। उनकी समझ में क्यों नहीं आता कि नफरत से नफरत का इलाज नहीं हो सकता ?माना कि ऊंच नीच नहीं होना चाहिए। क्यों? इसलिए कि सब मनुष्य हैं, लेकिन यदि मनुष्य और मनुष्यता का विचार ही नहीं रहा तो फिर यह सवाल ही असिद्ध हो जाता है। यह नहीं हो सकता कि एक जाति है, तो आदमी का दर्द, दर्द है और दूसरी जाति के आदमी का दर्द है तो वह दर्द नहीं, हंसी है ।

दास युग किस देश के इतिहास में नहीं था? आदमी को गुलाम बना कर बेच दिया जाता था। क्या हम वे दिन भूल सकेंगे, जब इन्हीं अंग्रेजों ने हमको गुलाम बना कर हम अत्याचार किया था? पश्चिम के देश अभी भी नस्लवाद की कैद से पूरी तरह आजाद नहीं हैं।

सभ्यता का विकास हुआ तो मनुष्य और मनुष्यता के विचार के आधार पर। जाति समस्या का समाधान भी मनुष्यता के विचार से ही होगा। वास्तव में पूर्वाग्रह सत्य की खोज में बाधक है और मनुष्य इन तीनों पूर्वाग्रहों के बाहर है। मनुष्य का पाठ पढ़ना पहली और बड़ी बात है।

पहले यह समझना कि मनुष्य मनुष्य है,न कम न अधिक, यहां का या वहां का,आज का या कल का। अंतर है, वह परिवेश का है ,जिसके कारण एक बाप के तीन बेटे अलग अलग आचरण व्यवहार और समझ के बन जाते हैं।

यहां ध्यान देने की बात है कि समस्त साहित्य, संस्कृति, समस्त ज्ञानविज्ञान, समस्त विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, सब के केन्द्र में मनुष्य है। धर्म मनुष्य के लिए है , मनुष्य के कल्याण के लिए है। देश मनुष्य के लिए है। भाषा और साहित्य मनुष्य के लिए है। राष्ट्र से मनुष्य नहीं है, मनुष्य से राष्ट्र है। अंततः राष्ट्रवाद के केन्द्र में मनुष्य है । समाजवाद के संबंध में भी यही बात कही जा सकती है । लेकिन हमने मनुष्य के परिवेश (जाति आदि) को ही अंतिम सत्य मान लिया। हमें मनुष्य के अध्ययन के लिए और गहरा और गहरा उतरना था, लेकिन हम देशी -विदेशी में उलझ गए ,जाति मजहब में उलझ गए।

किसी ने कहा मार्क्सवाद अन्तिम सत्य है। उसको उसने विज्ञान का नाम दे दिया। किसी ने धर्म और राष्ट्र को अंतिम सत्य मान लिया। उनमें सचमुच में जो सबसे बड़ा सत्य था, वह मनुष्य निकल कर बाहर चला गया और हम परिधियों को लेकर लड़ते रहे, इस लडाई का कहीं और कभी अंत नहीं हो सकता। चंडीदास ने कहा था कि मनुष्य की चर्चा तो सभी करते हैं किन्तु कितने हैं जो मनुष्य के सत्य-स्वरूप से परिचित हैं ? मनुष्य इस सृष्टि का प्राण है, जीवनधन है, मनुष्य को केवल ऊपर से या देह से ही देखने वाले भ्रम में ही पड़े हुए हैं क्योंकि वे उसके भीतरी स्वरूप से परिचित नहीं हैं। मनुष्य प्रेम-रस से ही गढ़ा हुआ है। प्रेम नहीं है तो वह सच्चा मनुष्य ही कहां है ।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### शिकायत के बाद रूकवाया निर्माण कार्य

**आदमपुर, अमृत विचार :** आदमपुर-अलीगढ़ मार्ग पर यगद नदी की पुलिया के पास स्थित जमीन पर कुछ लोग अवैध रूप से निर्माण कार्य करा रहे हैं। यहां लोग 10 वर्ष से कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन ग्रामीणों के विरोध के सामने कब्जेदार विफल हो जाते हैं। शनिवार को कस्बा निवासी समाजसेवी नरेश कुमार को निर्माण की सूचना मिली। उन्होने इसकी सूचना जिलाधिकारी के व्हाट्सएप पर दे दी। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने पहुंचकर निर्माण कार्य रूकवा दिया। हल्का लेखपाल विवेक शर्मा ने बताया कि तहसीलदार परमानन्द श्रीवास्तव के आदेश पर नदी की जमीन पर अवैध निर्माण की सूचना पर चकबंदी लेखपाल नरेश कुमार मौके पर पहुंचे थे जो निमार्ण कार्य चल रहा था उसे फिलहाल रूकवा दिया गया है।

### ट्रैक्टर ने दो बाइकों को रौंदा पुलिस ने कराया समझौता

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर माफी में रविवार को एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए मंदिर के पास खड़ी दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके बाद मौके पर तनाव पैदा हो गया। करनपुर माफी गांव निवासी हेमंत और भोलू ने अपनी मोटरसाइकिलें मंदिर के निकट खड़ी की थीं। बताया जाता है कि गांव का ही एक युवक अचानक अपना ट्रैक्टर लेकर आया और खड़ी बाइकों पर चढ़ा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत से समझौता करा दिया गया। क्षतिग्रस्त बाइकों के नुकसान की भरपाई को लेकर दोनों पक्ष सहमत हो गए।

# शिव मंदिरों में आज उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

## सड़कों से लेकर शिवालयों तक भक्ति मय हुआ वातावरण

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** ब्रजघाट से कांवड़यात्री जलभरकर शिवालयों के लिए लगातार रवाना हो रहे हैं। वहीं कुछ आ भी रहे हैं। इसकी वजह है कि आज सोमवार को भक्त शिवालयों में शिव शंकर का जलाभिषेक करेंगे। सड़कों से लेकर आम रास्तों तक शिव के भजनों और बोल बम के जयकारों व डीजे की धुन पर नृत्य करते कांवड़ियों ने पूरा वातवरण भक्ति भाव से सराबोर कर दिया है। वहीं कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। कांवड़ मार्ग पर पुलिस लगातार नजर बनाए रही।

कांवड़ियों के आवागमन से ब्रजघाट में भी उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। वहीं सावन के पहले सोमवार के अवसर पर जलाभिषेक को लेकर चाकीखेड़ा स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों की साफ, सफाई का कार्य किया गया। सोमवार को भोर होते ही शिवभक्तों द्वारा यहां पर जलाभिषेक प्रारंभ हो जायेगा। कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। सादा कपड़ों में भी पुलिस कर्मी सतर्क रहे।



जलाभिषक के लिए जल लेकर जा रहे शिव भक्त। ● अमृत विचार

### कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए तैनात रही पुलिस

पुलिस प्रशासन कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से सतर्क है। यही कारण है कि हाइवे पर भारी मात्रा में पुलिस को तैनात किया गया है। बैरिकेडिंग लगाकर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त वाहनों को रोका जा रहा है। पुलिस के साथ-साथ यातायात पुलिस के जवान भी तैनात किए गए हैं। वहीं कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन द्वारा कांवड़ियों के लिए रूट वन-वे कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने हाइवे पर घूमकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### वन-वे रूट करते ही खुली ट्रैफिक प्लान की पोल



**गजरौला, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक वनवे करने के बाद जाम के हालात बन गए। जाम में हजारों की संख्या में वाहन फंसे रहे। सबसे ज्यादा परेशानी वीकेंड पर दिल्ली से मुरादाबाद जाने वाले यात्रियों को हुई। जाम खुलवाने में पुलिस का भी पसीना छूट गया। काफी प्रयासों के बाद दो घंटे बाद जाम खुल सका लेकिन इसके बाद भी वाहन रेंगते नजर आए। कांवड़ यात्रा को लेकर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर शुक्रवार से रूट डायवर्जन किया जाना था, लेकिन कांवड़ यात्रियों की संख्या कम होने के चलते पुलिस ने रूट डायवर्जन नहीं किया। वहीं हापुड़ पुलिस ने भी भारी वाहनों को नहीं रोका, जिससे गजरौला में जाम के हालात बन गए। बृजघाट पुल से गजरौला की ओर जाम के हालात बन गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुई। जल्द निकलने के चक्कर में वाहन आड़े तिरछे लग गए, जिससे और अधिक जाम लग गया। दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम को खुलवाया।

### शिवभक्तों में दिखा उत्साह बारिश में भी नहीं डिगे कदम

**अमरोहा, अमृत विचार :** बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों से कांवड़ यात्रा मार्ग गूंजयमान हो गया। बारिश में भी शिवभक्तों के कदम नहीं डिगे देर रात तक कांवड़िए अपने गंतव्य तक पहुंचते रहे। सावन के पहले सोमवार को लेकर कांवडियों और शिव भक्त उत्साहित नजर आए। दूर दराज से कावड़िया हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होते दिखाई दिए। रामपुर, मुरादाबाद, संभल सहित अन्य जनपदों के शिव भक्त हरिद्वार से जल भरकर लाए। अमरोहा बिजनौर मार्ग पर बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारे के साथ अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। रविवार को कांवड़ियों के जत्थे दिखाई दिए। कांवड़िए हरिद्वार से जल लेकर अमरोहा बिजनौर मार्ग पर शिवाला कला, नौगांव सादात, अमरोहा-जोया मार्ग होते हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

# छह दिन से लापता चालक का शव तालाब में मिला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका रो रोकर हुआ बुरा हाल

**अमृत विचार :** छह दिन से लापता चालक का विलायत दरगाह के पीछे स्थित तालाब में पड़ा मिला। जानकारी मिलने पर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। परिजनों ने हत्या के बाद शव फेकने की आशंका जताई है।



मोहम्मद अहमद।

बिजनौर रोड शाह विलायत दरगाह के पीछे स्थित तालाब में रविवार को एक शव पड़ा मिला। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्त कराई। पुलिस के अनुसार मृतक मोहम्मद अहमद उर्फ शाहनवाज (40) मोहल्ला दानिश मदान का रहने वाला था। मृतक की मां मुमताज ने आरोप लगाया है कि शाहनवाज की हत्या के बाद शव तालाब में फेका गया है।

### छह दिन पहले लापता हुआ था

मुमताज ने बताया कि उनका बेटा मोहम्मद अहमद उर्फ शाहनवाज चालक था। वह वाहन चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। छह दिन पूर्व शाहनवाज अचानक लापता हो गया। उन लोगों ने हर जगह तलाश किया, लेकिन नहीं मिला। तब उन लोगों ने 10 जुलाई को थाना कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बताया कि शव पर चोट के निशान मिले हैं। बताया कि कुछ लोगों से उनके बेटे की रंजिश थी। आशंका है कि उन लोगों ने ही शाहनवाज की हत्या करके शव को फेक दिया है।

"शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
-पंकज कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली



घटना स्थल पर रोते बिलखते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### ट्रैक्टर से स्टंटबाजी करने वाले युवक गिरफ्तार



**हसनपुर, अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस वे पर रस्सी बांधकर ट्रैक्टरों से स्टंट करने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला संज्ञान में लिया था। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि पकड़े गए युवक हेम सिंह और ओम दत्त हैं। दोनों क्षेत्र के गांव लठीरा के निवासी हैं।

### इनरव्हील क्लब ने लगाया स्वास्थ्य कैंप



**हसनपुर, अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब की ओर से रविवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन सिरोही अस्पताल में किया गया। कैंप में मुरादाबाद के वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. पीके गुप्ता, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु गुप्ता ने रोगियों को परीक्षण किया। शिविर में 97 मरीजों ने लाभ उठाया। डॉ. तीर सिंह सिरोही एवं उनकी पत्नी जय सिरोही का शिविर में अभूतपूर्व सहयोग रहा। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन हसनपुर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने किया। इनरव्हील्स सदस्यों ने सभी मेहमानों का तिलक करके अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया। इनर व्हील अध्यक्ष आरती गुप्ता द्वारा सभी मेहमानों का धन्यवाद दिया। सभी इनर व्हील सदस्यों ने पौधारोपण किया। शिविर में सचिव सोनिया रस्तोगी, संगीता, पूनम, शालिनी, आंचल, किरन, सारिका, भावना, शालिनी अग्रवाल, दीपिका, प्रियंका, रश्मि, सुनीता, नव्या, पल्लवी, जय सिरोही, कविता, सीनू, मोहिनी, प्रियांशी, रजनी आदि मौजूद रही।

### आर्य प्रतिनिधि सभा की हुई वार्षिक बैठक



**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार को नगर के मुहल्ला होली चौक स्थित आर्य समाज मंदिर के सभागार में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी का सभा के लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर विधायक ने आर्य समाज द्वारा पाखण्ड वाद, स्त्री शिक्षा आदि के क्षेत्र में बहुत ही कार्य किए हैं। इसके बाद आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में निर्माण दीन यज्ञशाला के लिए विधायक द्वारा आर्थिक सहयोग भी दिया गया। इस बैठक में महिपाल सिंह गौतम, अंकित गुप्ता, सुरमित गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, रोहतास सिंह नन्हे सिंह आर्य, दिनेश गुप्ता, सविता गुप्ता, इंद्रा गुप्ता ब्रह्मशिला त्यागी सहित जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### अधिक रुपये में शराब बेचने पर सेल्समैन गिरफ्तार



**हसनपुर, अमृत विचार :** आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव ने अंकित मूल्य से अधिक कीमत में शराब बेचने पर सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि रहरा में कंपोजिट दुकान पर शराब अधिक कीमत पर बेची जा रही है। शिकायत पर शनिवार रात 9 बजे उन्होंने सादे कपड़े में आबकारी सिपाही पांच सौ रुपये देकर भेजा। सिपाही को सेल्समैन पहचान नहीं सका। सिपाही ने रायल स्टैग का हॉफ खरीदा था। हॉफ की कीमत 350 रुपये है। जबकि सेल्समैन ने 360 रुपये का दिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### रातभर जागने को मजबूर भयभीत ग्रामीण



**हसनपुर, अमृत विचार :** गांवों में लगातार ड्रोन उड़ने के मामले सामने आ रहे हैं। इससे ग्रामीण भयभीत हैं। रात को जागकर लोग रखवाली कर रहे हैं। क्षेत्र के गांव भदौरा के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से रात में ड्रोन दिखाई दे रहे हैं। आबादी के बाहर खेतों में रह रहे लोगों ने बताया कि ड्रोन उड़ते हुए देखे गए हैं। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि शनिवार रात को कुछ लोगों ने रात को एक व्यक्ति के घर के पास दो लोगों को खड़ा देखा। जागने पर आरोपी भाग गए। भयभीत लोगों ने यूपी 112 को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव के लोगों के साथ रात में टार्च की रोशनी में सर्च अभियान चलाया, लेकिन कोई मिला नहीं। गांव के कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले चार दिनों से इसी तरह का समस्या है, लेकिन पुलिस ध्यान नहीं दे रही है।




## एक नजर

### नर्सरी से हजारों रुपये के पौधे चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर निवासी अब्दुल गफ्फार ने शुक्रवार की रात अपनी किराए की जमीन से वाशिंगटोनिया प्रजाति के पौधों की चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी जुटाई है। गफ्फार के अनुसार, सैमला गांव में स्थित उनकी भूमि से अज्ञात चोरों ने लगभग 13 फीट ऊंचे बहुमूल्य पौधों को चुरा लिया, जिनकी अनुमानित कीमत तकरीबन 15 हजार रुपए है। कार्रवाई की गुहार लगाई।

### परास्नातक में 31 तक होंगे पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने परास्नातक में पंजीकरण की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पंजीकरण की तिथि 30 जुलाई निर्धारित की है। विश्वविद्यालय ने 10 जुलाई को तिथि बढ़ा दी थी लेकिन कॉलेज की ओर से तिथि बढ़ने का नोटिस न जारी होने से विद्यार्थी परेशान हो रहे थे।

# सोशल मीडिया पर अश्लीलता में महक परी पर मुकदमा दर्ज

## कई माह से गाली गलौज व अश्लीलता वाले वीडियो की हो रही थी चर्चा

कार्यालय संवाददाता,संभल

- असमोली थाना क्षेत्र के गांव की युवतियां कर रहीं हरकतें
- असमोली थाने के दरोगा ने दर्ज कराया मुकदमा

**अमृत विचारः** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खुद को महक और परी बताकर गाली गलौज और अश्लीलता वाले वीडियो पोस्ट करने वाली युवतियों पर अब पुलिस का शिकंजा कसा है। जब यह साफ हो गया कि युवतियां असमोली थाना इलाके के गांव की रहने वाली हैं तो असमोली पुलिस ने महक परी पर मुकदमा दर्ज किया है।

महक,परी के वीडियो सोशल मीडिया यूजर्स के बीच अक्सर चर्चा कर विषय रहते हैं। वजह यह है कि खुद को महक और परी के नाम से संबोधित करने वाली युवतियां फेसबुक व इंस्टाग्राम सहित तमाम प्लेटफार्म पर जो वीडियो पोस्ट करती हैं उनमें न सिर्फ गाली गलोज होती है बल्कि ऐसे अश्लील शब्द होते हैं जिन्हें परिवार के बीच बैठकर देखने और सुनने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पिछले कई माह से लगातार ऐसे वीडियो पोस्ट होने का सिलसिला जारी रहा तो मामला पुलिस तक पहुंचा। यह पता नहीं चल पा रहा था कि दोनों युवतियां कहां की रहने वाली हैं।

इस बीच युवतियों के संभल जनपद के किसी इलाके की निवासी होने की बात साफ हुई तो संभल पुलिस ने पड़ताल शुरु की। पता चला कि युवतियां असमोली थाना क्षेत्र के शहबाजपुर कला गांव की रहने वाली हैं। इसके बाद ही असमोली थाने की मंसूरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी मोहित चौधरी ने मुकदमा दर्ज कराया। मोहित चौधरी ने एफआईआर में लिखा कि वह गश्त पर शहबाजपुर कला गांव गये तो वहां लोगों की भीड़ थी। भीड़ में शामिल लोगों ने बताया कि उनके गांव की दो युवतियों ने सोशल मीडिया पर महक परी 143 के नाम से आईडी बना रखी है जिस पर वह अश्लील भाषा,गाली गलौज व अश्लील इशारों की वीडियो बनाकर अपलोड करती हैं। जिससे महिलाओं व बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। मोहित चौधरी ने कहा कि इस जानकारी के बाद उन्होंने महक परी के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया से डाउनलोड पर पेन ड्राइव में सुरक्षित किये हैं।

# अग्रवाल सभा के उमेश चुने गए निर्विरोध अध्यक्ष


उमेश अग्रवाल का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

**हसनपुर,अमृत विचारः** अग्रवाल सभा के चुनाव में उमेश अग्रवाल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद अग्रवाल धर्मशाला में चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी सतीश अग्रवाल की देखरेख में पूरी की गई। उमेश अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। उमेश अग्रवाल ने कहा कि वह समाज के हित में कार्य करते रहेंगे। अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष डॉ शिवचरण दास ने तथा संचालन मयंक अग्रवाल ने किया। मनोज अग्रवाल,कृष्ण अवतार अग्रवाल,महेंद्र अग्रवाल,हरीश अग्रवाल,अंकुर अग्रवाल,अनुराग अग्रवाल,मनोज गोयल,मुकेश गोयल, आदेश मित्तल,सुनील अग्रवाल,राकेश बंसल उर्फ कालू,मुकेश अग्रवाल, निक्कू अग्रवाल,चंद्रसेन, पुनीत अग्रवाल, अक्षी अग्रवाल, राजीव गोयल, राजेश अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, संजय टाटा, राहुल मित्तल, नितिन, विनय, आशुतोष, सुमित, शिखर सहित समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### दारुल उलूम कासमिया में हाजियों की महफिल

**बिजनौर, अमृत विचार :** स्योहारा क्षेत्र अंतर्गत फैज़ुल्लापुर स्थित मदरसा दारुल उलूम कासमिया में हज करके लौटे हाजियों के इस्तकबाल में एक विशेष तक़रीब का आयोजन किया गया। प्रोग्राम का उनवान फिक्र-ए-ज़िंदगी रखा गया, जिसमें हज के बाद की ज़िंदगी को बेहतर, सादा और अल्लाह की रज़ा के मुताबिक़ कैसे जिया जाए, इस पर विस्तार से रोशनी डाली गई। सदारत अमरोहा से आए मेहमान-ए-ख़ुसूसी मुफ्ती शाहिद ने की। उन्होंने कहा कि हज सिर्फ एक इबादत नहीं, बल्कि ज़िंदगी को बदलने वाला पैग़ाम है। उन्होंने हाजियों से अपील की कि वे अपने समाज और खानदान में नेक आमाल, सौहार्द और ईमानदारी की मिसाल बनें। मुफ्ती अली हसन ने हाजियों का इस्तकबाल किया। संचालन मुफ्ती आदिल ने किया। कारी नाज़िर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में धामपुर, ताजपुर, रवाना, शेरकोट, स्योहारा, बगवाड़ा, सहसपुर, बुढेरन सहित कई इलाकों से बड़ी संख्या में हाजी और हज्जन के अलावा कारी हनीफ, मुफ्ती दिलशाद, मुफ्ती उवैस, हाफिज हनीफ, कारी मुशाहिद, मौलाना अब्दुल रहमान, मौलाना शहाबुद्दीन, मौलाना अरशद, मुफ्ती फुज़ैल, मौलाना रिज़वान, कारी यूसुफ आदि उलमा-ए-कराम की शिरकत रही।

### एसपी ने पांच उप निरीक्षकों को सौंपी नई जिम्मेदारी

**बिजनौर, अमृत विचार :** कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने पांच उप निरीक्षकों (एसआई) के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए उन्हें नई चौकियों की कमान सौंपी है। नई तैनाती के अनुसार सत्येंद्र सिंह को पुलिस लाइन से शहर कोतवाली अंतर्गत बेगावाली चौकी का प्रभारी बनाया गया है। मनोज कुमार को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर रेहड़ थाने की शहीद उधम सिंह चौकी की जिम्मेदारी दी गई है अम्बरीष कुमार को पुलिस लाइन से शहर कोतवाली भेजा गया है। सुभाष चंद्र को चांदपुर क्षेत्र की सीता मठ चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। राजवीर सिंह का स्थानांतरण नूरपुर से कर ताजपुर चौकी की जिम्मेदारी दी गई है।

### रोजाना दो वॉइस रिकॉर्डर की जांच करेंगे रेल अधिकारी

**बरेली अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा और संचालन में पारदर्शिता के लिए अब इज्जतनगर मंडल में प्रतिदिन दो वॉइस रिकॉर्डर की जांच की जाएगी। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल महाप्रबंधकों को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में वर्तमान में 45 मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग पर वॉइस रिकॉर्डर लगाए गए हैं। ये रिकॉर्डर गेटमैन और रेल परिचालन से जुड़े संवाद, आदेश और गतिविधियों को रिकॉर्ड करते हैं, जिससे किसी दुर्घटना या लापरवाही की स्थिति में सटीक जांच में सहायता मिलती है। इज्जतनगर मंडल के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन कम से कम दो रिकॉर्डरों की ऑडियो फाइलें जांची जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि गेटमैन सभी निर्देशों का पालन कर रहे हैं या नहीं। इस जांच व्यवस्था से न केवल गेटमैन की जवाबदेही तय होगी, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार वॉइस रिकॉर्डर डेटा की नियमित समीक्षा से संचालन संबंधी कमियों को समय रहते पकड़ा जा सकेगा। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। अब हर दिन की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

### पुलिस ने चोरी की बाइक सहित तीन आरोपी पकड़े



**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक समेत तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि शनिवार शाम को चेकिंग के दौरान पुलिस ने काशीराम कॉलोनी से पहले प्लॉटिंग के सामने एक बाग से चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की बाइक भी बरामद की है। पकड़े गए चोर मोनू, कपिल और सचिन उधनपुर गांव के हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों चोरों को जेल भेज दिया।

### दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मौत,भतीजा घायल

**बबराला, अमृत विचार :** रविवार शाम मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर गांव सैंजना मुस्लिम के पास टाटा मैजिक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर में सोमवार को कुमरसेन के पुत्र का नामकरण संस्कार था। इसी समारोह में शामिल होने के लिए उसने अपनी बुआ पानवती पत्नी जालिम को बुलाने के लिए छोटे भाई दिनेश को रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव फैजपुर भेजा। पानवती (62) अपने भतीजे दिनेश की बाइक पर बैठकर मायके काशीपुर आ रही थी। शाम करीब सात बजे गांव सैंजना मुस्लिम के पास तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में पानवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दुर्घटना के जिम्मेदार वाहन को कब्जे में ले लिया है।

### एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा कल

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा 15 जुलाई को होगी। एलएलबी और एलएलएम की परीक्षा सुबह 9 से 10 :30 बजे और एमएड की दोपहर 1 से 2 :30 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए सात केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर में तीन और बरेली कॉलेज में चार केंद्र हैं। तीनों पाठ्यक्रमों की करीब एक हजार सीट के लिए 4256 आवेदन आए हैं। एलएलबी में 2869, एलएलएम में 996 आवेदन और एमएड में 391 आवेदन आए हैं।

### 10 मिनट में ट्रेन की धुलाई, 80 फीसदी बच रहा पानी

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के सीबीगंज स्टेशन पर अत्याधुनिक ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट की स्थापना की गई है। इस प्लांट न केवल समय बल्कि पानी की भी बचत हो रही है।इस स्वचालित वाशिंग प्लांट के माध्यम से केवल 10 मिनट में 22 कोच वाली ट्रेन को धोकर तैयार किया जा रहा है, जबकि यह कार्य मैन्युअल होता था। इसमें करीब 180 मिनट लगते थे और छह कर्मचारियों की जरूरत होती थी। मगर ऑटोमैटिक वाशिंग सिस्टम से यह काम अब सिर्फ तीन कर्मचारियों की मदद से पूरा हो रहा है, जिससे रेलवे को मैन पॉवर की भी बचत हो रही है। सबसे खास यह है कि इस वॉशिंग प्लांट से लगभग 80 प्रतिशत पानी की बचत हो रही है। पारंपरिक पद्धति में जहां पानी का अत्यधिक उपयोग होता था, वहीं यह अत्याधुनिक तकनीक कम पानी में ज्यादा सफाई करने में सक्षम है।

### चांदपुर रेलवे स्टेशन के पास मिला युवक का शव

**चांदपुर,अमृत विचार :** रविवार शाम करीब पांच बजे रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड की ओर जाने वाले मार्ग के किनारे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। काफी प्रयासों के बाद मृतक की पहचान चांदपुर के मोहल्ला मुफ्तीसराय जमाईपुरा निवासी नदीम पुत्र रईस (30 वर्ष) के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पुष्टि की और पुलिस को जानकारी दी कि नदीम रविवार सुबह करीब 9 बजे किसी कार्य से घर से निकला था। दोपहर के लगभग 2 से 3 बजे के बीच उसने अपनी पत्नी फरज़ाना से मोबाइल पर आखिरी बार बातचीत की थी। नदीम दिल्ली में केक और पेस्ट्री बनाने का कार्य करता था और फिलहाल कुछ दिनों से चांदपुर स्थित अपने घर पर ही रह रहा था।

# 27 साल बाद मिले रमेश परिजन मान चुके थे मृत

बरेली कार्यालय

- मुंबई में थाना भायखला पुलिस को फरवरी में मिले थे

**अमृत विचारः** बहन से मिलने जाने की बात कहकर घर से निकले रमेश लापता हो गए। कई साल तक खोजने के बाद भी न मिलने पर परिजनों ने उन्हें मृत मान लिया। 27 साल बाद वह 6 फरवरी में मुंबई में थाना भायखला पुलिस को एकतानगर रेलवे कॉलोनी में मानसिक बीमारी से ग्रसित अवस्था में मिले। पुलिस ने मुंबई के ही श्रद्धा रि-हेबिलिटेशन फाउंडेशन कर्जत में रमेश को दाखिल किया। इसके बाद फाउंडेशन ने काउंसिलिंग की तो रमेश ने बरेली में घर बताया। इस पर फाउंडेशन की टीम रमेश को लेकर बरेली आई और खोजबीन में परिजन फिर नहीं मिले तो रमेश को मनोसमर्पण सेवा संस्थान में दाखिल कर दिया। मनोसमर्पण सेवा संस्थान की टीम ने रमेश के परिजनों को ढूंढ निकाला। परिजनों को जब यह मालूम हुआ कि रमेश जीवित हैं तो उनकी बहन और भाई की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

मनोसमर्पण सेवा संस्थान के साइकोलॉजिस्ट शैलेश शर्मा ने बताया कि श्रद्धा के मनोचिकित्सक डॉ. भरत वाटवानी के देखरेख में मानसिक इलाज हुआ।

# व्यापारी की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत

**चन्दौसी, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र एक मोहल्ला में 35 वर्षीय व्यापारी ने घरेलू क्लेश के चलते शनिवार की रात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। निजी हास्पिटल में उपचार के दौरान व्यापारी ने दम तोड़ दिया।

नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यापारी का अपना घर में किसी बात को लेकर क्लेश हो गया। व्यापारी ने गुस्से में शनिवार की रात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई और मुरादाबाद ले गए जहां निजी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान व्यापारी ने दम तोड़ दिया। परिवार के लोग शव घर ले आए और रविवार की सुबह अंतिम संस्कार कर दिया।

# आस्था का केंद्र है झारखंड धाम शिव मंदिर

- झाड़ियों के बीच बरगद के वृक्ष की जड़ में शिवलिंग का प्राकट्य होने से नाम पड़ा झारखंड महादेव

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के गांव छाबड़ा के निकट झारखंड धाम शिव मंदिर 150 वर्ष पुराना है। यहां सावन व फाल्गुन माह में आने वाली शिवरात्रि पर मेला लगता है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं।

चन्दौसी से 18 किलोमीटर दूर गांव छाबड़ा निवासी 90 वर्षीय पूरन सिंह ने बताया कि 150 वर्ष पहले उक्त स्थान पर झाड़ियों के बीच बरगद का वृक्ष था। इसके बाद बरगद की जड़ में शिवलिंग का प्राकट्य हुआ। निकटवर्ती गांव कदेली जिला रामपुर निवासी अलबेले सिंह अपने पिता को उपचार के लिए पैदल जा रहे थे। गर्मी अधिक होने पर वह बरगद के पेड़ की छांव में बैठ गए। उन्हें पेड़ की जड़ में शिवलिंग नजर आया। इसके बाद उन्होंने गांव में पहुंच लोगों से चर्चा की। इसके बाद उक्त स्थान की साफ-सफाई के बाद पूजा-अर्चना शुरू हो गई। धीरे-धीरे मंदिर की मान्यता बढ़ती गई। मंदिर का नाम झारखंड धाम शिव मंदिर पड़ा। महन्त द्वारका दास, चन्द्रवीर सिंह रघुवंशी, आलोक चौहान, बिजेन्द्र सिंह राघव, श्याम बाबू सिंह आदि ने कहा कि सरकार द्धारा छाबड़ा स्थित झारखंड धाम शिव मंदिर में विकास व सौन्दर्यीकरण करवाया जाये।


झारखंड शिव मंदिर।

### झाड़ू चढ़ाने पर चर्म रोग सही हो जाते हैं

मंदिर के व्यवस्थापक चंद्रवीर सिंह रघुवंशी ने बताया झारखंड महादेव के बारे में मान्यता है कि यहां झाड़ू चढ़ाने से चर्मरोग ठीक हो जाते हैं। प्रत्येक सोमवार को शिव मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु आकर पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक करते हैं।

# वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन का विस्तार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन की मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन आरएस इंटर कॉलेज में किया गया। बैठक में संगठन विस्तार किया गया। दिनेश पाल सिंह मंडल उपाध्यक्ष व आकाश कुमार को जिलाध्यक्ष संभल बनाया।

आकाश ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए अमित यादव, सत्येंद्र दिवाकर, रोहित ठाकुर को उपाध्यक्ष, वीके त्रिपाठी, भुवनेश पाल, रोहित कुमार, शगुन ठाकुर को जिला महामंत्री, यश ठाकुर को जिला मीडिया प्रभारी, रमेश कुमार यादव को मीडिया सह प्रभारी, महेश कुमार दिवाकर को जिला प्रभारी सोशल मीडिया, महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष कंचन राघव, जिला महामंत्री रितिका राघव, कोषाध्यक्ष नीलेंद्र सिंह राघव व इंद्रजीत सिंह यादव को जिला संरक्षक नियुक्त किया गया। राजीव ढल ने कहा कि जनपद की टीम संगठन का विस्तार करेगी और नित्य नई ऊंचाइयों को छुएगी। गौरव चौहान, रोहित ठाकुर, ऋषभ चौहान, सत्येंद्र सैनी, दिनेश, कुनाल सैनी, सेंसर पाल, टिंकू पाल, प्रिंस राघव, अमित यादव, दिनेश भारद्वाज, विमल कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।


संगठन की बैठक में विचार रखते वक्ता। ● अमृत विचार

# युवती और बुजुर्ग लापता, गुमशुदगी दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में अलग-अलग गांव से युवती और बुजुर्ग घर से निकले तो वापस नहीं लौटे। तलाश में करने पर जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

सैदपुर जयराम निवासी रामवती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी बेटी अनीता (20 वर्ष) 20 जून को अचानक घर से गायब हो गई थी। आसपास और रिश्तेदारी में काफी तलाश किया लेकिन कहीं सुराग नहीं मिला। वहीं गांव पैंतिया माफी निवासी फूल सिंह (62 वर्ष) 2 जुलाई को बिना बताए घर से गए तो वापस नहीं लौटे। इस मामले में भी परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों मामलों में युवती और बुजुर्ग की गुमशुदगी दर्ज की है।

# मृतकों के घर शोक प्रकट करने आयेगा सपा का दल

**बबराला,अमृत विचार :** जुनावई क्षेत्र में हाल ही में हुए हादसे में दूल्हा सहित मृतकों के परिजनों से शोक संवेदना प्रकट करने के लिए समाजवादी पार्टी का 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 15 जुलाई को हरगोविंदपुर पहुंचेगा।

रविवार को सपा विधायक राम खिलाड़ी यादव के आवास पर सपा प्रतिनिधिमंडल के दौरे को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पर पहुंचेगा। इसके बाद ग्राम हरगोविंदपुर जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में बदायूं के सांसद आदित्य यादव, राज्यसभा सदस्य जावेद अली खान, संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क, विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव, इकबाल महमूद,पिंकी सिंह यादव, जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, पूर्व विधायक प्रदीप यादव और राजेश यादव, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंध्रधार, नईम उल हसन उर्फ लड्डन मियां और विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव शामिल होंगे। बैठक में पूर्व चेयरमैन मुजफ्फर अली, जिला उपाध्यक्ष शोभित कुमार काका, चेतन गुप्ता, पप्पू सैफी, रिजवान अंसारी, कृष्णकुमार, पप्पू यादव, रियासत सैफी, केपी यादव, चंद्रवंश पाल आदि मौजूद रहे।

# शोभायात्रा को लेकर पालिका अध्यक्ष को दिया ज्ञापन


नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन देते रामडोल कमेटी के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- 17 अगस्त को निकलेगी रामडोल शोभायात्रा

**अमृत विचारः** शहर में 17 अगस्त को रामडोल कमेटी की ओर से रामडोल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने रविवार को नगर पालिका अध्यक्षा शशि जैन को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्थाएं सही कराने की मांग की है।

श्री धार्मिक रामडोल शोभायात्रा नगर के मोहल्ला कोट स्थित रियासत वाला मंदिर से प्रतिवर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी से अगले दिन शहर के मुख्य मार्गों निकाली जाती है। इस बार भी आगामी 17 अगस्त को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में रविवार को श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के अध्यक्ष पंडित कपिल शर्मा के नेतृत्व में कमेटी के पदाधिकारी नगर पालिका अध्यक्षा शशि जैन के आवास पर पहुंचे और ज्ञापन देकर मुख्य मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था, चूना छिड़काव, सड़क और पुलियों की मरम्मत आदि की मांग की। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि इस बार शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस बार डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। ज्ञापन देने वालों में कपिल शर्मा, महामंत्री पंकज जिंदल, मनोज अग्रवाल, सुभाष शर्मा, पंडित मनु शर्मा, राज शर्मा, रिशु दीक्षित, नमन जैन, मनुज गोयल, वासु दीक्षित, अमित रस्तोगी आदि रहे।

# बीकॉम ऑनर्स की तीसरी मेरिट जारी

**बरेली, अमृत विचारः** बरेली कॉलेज ने बीकॉम ऑनर्स के लिए तीसरी मेरिट जारी कर दी है। अभ्यर्थियों को 14 और 15 जुलाई को संबंधित विभाग में जाकर प्रवेश लेने होंगे।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक के मुताबिक तीसरी मेरिट की कटऑफ ओपन-79.00-71.71, ओबीसी-71.19-67.49, ईडब्ल्यूएस-सभी, सामान्य महिला- 71.60-70.78, ओबीसी महिला-67.00-66.05, ओबीसी-पीएच-65.23 रही है।

# बीएससी ,बीकॉम के लिए चौथी मेरिट जारी

**बरेली,अमृत विचारः** बरेली कॉलेज ने बीकॉम और बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष की बची कुछ सीटों पर प्रवेश के लिए चौथी मेरिट जारी कर दी है। मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को 14 जुलाई को कॉलेज के पोर्टल पर ऑनलाइन प्रवेश लेना होगा। बीए की सीटें लगभग फुल होने की वजह से चौथी मेरिट जारी नहीं की गई है। कुछ सीटें हैं, जिनसे ग्रीवांस सेल में आई शिकायतों के निस्तारण किया जाना है।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की चौथी मेरिट इंडेक्स ओपन-65.638-62.551, महिला-सभी, ओबीसी ओपन- 48.206-40.412, एससी-सभी रही है। वहीं बीएससी जीव विज्ञान की चौथी मेरिट ओपन-सामान्य महिला- 69.959-69.342, ओबीसी ओपन-70.400-69.605, ओबीसी महिला-69.547-69.399, एससी ओपन-62.581-59.465, एससी महिला- 59.259-57.613, ईडब्ल्यूएस- 51.852-51.852 रही है।

प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि के बाद कोई दावा मान्य नहीं होगा। किसी भी समस्या पर सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक सेमिनार कक्ष में संपर्क करें। फीस पेमेंट फेल होने पर छह घंटे बाद लॉगिन कर फी कंर्फमेशन पर क्लिक करें। यूपीआई पेमेंट फेल होने पर किसी दूसरे माध्यम नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड आदि से पेमेंट करें। समस्या का निवारण न होने पर फीस रसीद का स्क्रीन शॉट के साथ सेमिनार कक्ष में संपर्क करें।

# संभल में भाई को भाई से लड़ाने की हो रही साजिश

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम में बोले जोनल प्रभारी कुंवर दानिश अली

**अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर संगठन सृजन कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश जोनल प्रभारी कुंवर दानिश अली ने भाजपा सरकार चुनाव आयोग के माध्यम से लोगों से उनके मताधिकार का प्रयोग छीनना चाहती है।

कहा कि भाजपा एक प्रकार की तानाशाही व्यवस्था देश में लागू करना चाहती है। इसकी शुरुआत बिहार राज्य से की जा रही है। संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवादी शब्दों को हटाने की तैयारी की जा रही है। कहा कि संभल में भाई को भाई से लड़ाने की साजिश की जा रही है। ऐसा ही देश के अलग-अलग हिस्सों में किया जा रहा है। आने वाले समय में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में और फिर देश में राहुल गांधी की अगुवाई में सरकार बनाएगी। संभल प्रभारी परवेज आरिफ उर्फ टीटू, शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम, मोहम्मद तौकीर, कौस्तुभ रस्तोगी, अकबर अली, आसिफ अल्वी, मनोज भास्कर, जयप्रकाश सहगल, सलमान तुर्की, सुनील यादव, दुष्यंत कुमार सिंह, अशरफ अंसारी आदि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने तथा संचालन फाजिल अंसारी ने किया।


कांग्रेस के कार्यक्रम में मौजूद कुंवर दानिश अली व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# ऑनलाइन गेम में किशोर ने पिता के तीन लाख रुपये गंवाए

**भोजीपुरा अमृत विचारः** एक किशोर ने ऑनलाइन गेम में यूपीआई के माध्यम से पिता के चार खातों से तीन लाख रुपये गंवा दिए। पिता की तहरीर पर थाना भोजीपुरा में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गांव घुर समसपुर निवासी हरीश कुमार एक मेडिकल कॉलेज में नौकरी करते हैं। उनके अलग-अलग चार बैंकों में खाते हैं। चारों खातों में तीन लाख रुपये से ज्यादा की धनराशि थी। उनका बेटा पढ़ाई करता है। वह गांव के कुछ खराब युवाओं की संगत में पड़ गया। उसने यूपीआई एप को डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर पिता के खातों से अटैच करवा लिया।

फिर आनलाइन गेम में यूपीआई के माध्यम से जून में अलग-अलग तिथियों पर तीन लाख रुपये गंवा दिए। जब हरीश कुमार को पता चला तो उन्होंने भोजीपुरा थाने में इसकी तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि रुपये किन किन खातों में ट्रांसफर हुए हैं।

## एक नजर

### बरेली के प्राचीन मंदिरों का होगा कायाकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : बरेली में अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों और प्राचीन मंदिरों को पर्यटन विभाग विकसित करेगा। इससे न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर संरक्षित होंगे, बल्कि स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को बताया कि बरेली में बड़ा बाग हनुमान मंदिर, श्री सीता राम मंदिर, आनन्द आश्रम मंदिर समेत अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार के लिए 9 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। इन परियोजनाओं के तहत मंदिर परिसरों का सौंदर्यीकरण, बेहतर सड़क संपर्क, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# प्राकृतिक खेती के लिए सरकार ने खोला खजाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार के प्रस्ताव पर राज्यपाल ने मंजूर किए 71.02 करोड़ रुपये
- योगी का प्राकृतिक खेती को लेकर सबसे ज्यादा जोर



**अमृत विचार :** प्रदेश में प्राकृतिक खेती को लेकर चल रही तैयारी अब तेजी से धरातल पर साकार होती दिखेगी। खेती संग कृषि सखियों की नियुक्ति से हजारो लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। केंद्र और राज्य दोनों सरकारों ने इसके लिए खजाना खोल दिया है। योगी सरकार के प्रस्ताव पर कृषि निदेशक को 71 करोड़ 2 लाख 30 हजार से अधिक धनराशि देने की मंजूरी राज्यपाल ने दे दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्राकृतिक खेती को लेकर सबसे ज्यादा फोकस है। जैविक खेती का सर्वाधिक रकबा गंगा के मैदानी इलाके का है। इंडो-गंगेटिक मैदान का यह इलाका दुनिया की सबसे उर्वर भूमि में शुमार होता है। एक वैश्विक रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 15 फीसदी खेती लायक जमीन भारी धातुओं से प्रदूषित हो चुकी है। कई क्षेत्रों की मिट्टी में आर्सेनिक, कैडियम, कोबाल्ट, क्रोमियम, कॉपर, निकल, लेड जैसी खतरनाक धातुओं की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी है। इसके सोर्स खनन, औद्योगिक उत्सर्जन, कचरे का अनियोजित निस्तारण के अलावा खेती में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का बेतहाशा प्रयोग भी है।

यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी लगातार जैविक व प्राकृतिक खेती समेत मोटे अनाजों की खेती को प्रोत्साहन देते दिखते हैं। बुंदेलखंड और गंगा के तटवर्ती इलाकों के बाद गंगा की सहयोगी नदियों के दोनों किनारों पर भी ऐसी खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार के प्रस्ताव पर राज्यपाल की स्वीकृति के बाद शासन ने कृषि निदेशक को नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत 58 करोड़ 57 लाख 78 हजार 43 रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें 35 करोड़ 14 लाख 67 हजार 6 रुपये केंद्रांश और और 23 करोड़ 43 लाख 11 हजार 37 रुपये राज्यांश के रूप में दिया है। इसमें 39.83 करोड़ सब्सिडी, 18.59 करोड़ अन्य व्यय और 15 लाख आउटसोर्सिंग सेवाओं के लिए है। इसी के साथ इसी योजना में एक अन्य शासनादेश में कृषि निदेशक को 12 करोड़ 44 लाख 60 हजार रुपये दिए गए हैं। इसमें 8.57 करोड़ सब्सिडी देनी है, जबकि 3.85 करोड़ अन्य व्यय और दो लाख रुपये आउटसोर्सिंग सेवाओं के लिए है।

### कृषि सखियों को हर माह 5 हजार

प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए प्रति माह 5 हजार रुपये के मानदेय पर कृषि सखियों की नियुक्ति की जा रही है। इसके लिए पहली बार 17 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। कृषि सखियों को संबंधित जिले के कृषि विज्ञान केंद्र के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। प्राकृतिक खेती के लिए हर जिले में दो बायो इनपुट रिसर्च सेंटर (बीआरसी) भी खुलेंगे। सरकार की मंशा 282 ब्लाकों, 2144 ग्राम पंचायतों की करीब 2.5 लाख किसानों को इससे जोड़ने की है। खेती क्लस्टर में होगी। हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर का होगा। सरकार इस योजना पर अगले दो वर्ष में करीब 2.50 अरब रुपये खर्च करेगी।

### गो आधारित प्राकृतिक खेती मिशन हो रहा कारगर

योगी सरकार बुंदेलखंड के झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट में गो आधारित प्राकृतिक खेती मिशन चला रही है। किसान गोबर व गोमूत्र से ही खाद और जीवामृत, बीजामृत और घनजीवामृत जैसे मिश्रण बनाकर कीटनाशक का खेत और फसल में प्रयोग के लिए प्रशिक्षित हो रहे हैं। प्राकृतिक खेती निराश्रित गोवंशों का सहारा भी बनेगी।

## बारिश में स्थानीय खराबी से बढ़ा बिजली संकट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बारिश के मौसम में स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश में बिजली संकट बढ़ गया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने तकनीकी खराबियों को समय पर पूरे करने के निर्देश दिये हैं। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बारिश के कारण बिजली लाइनों में तकनीकी खराबियां पैदा हो रही हैं। इससे बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। हालांकि, बारिश के कारण बिजली की मांग में पूर्व की तुलना में घट गई है। रविवार को बिजली की अधिकतम मांग 27 हजार मेगावाट दर्ज की गई। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि बिजली आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के लिए वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

# गोंडा के जिलाधिकारी पर अवमानना के आरोप होंगे तय

विधि संवाददाता, लखनऊ

- आदेश का अनुपालन न करने के मामले में हाईकोर्ट ने किया तलब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आदेश का अनुपालन न करने के मामले में जिलाधिकारी गोंडा को अवमानना का आरोप तय करने के लिए तलब किया है। न्यायालय ने आरोप तय करने के लिए 29 जुलाई की तिथि नियत करते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा को साढ़े 11 बजे कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने सईद अहमद की अवमानना याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से दलील दी गई है कि उसने गिर्द, गोंडा के गांव के गाटा संख्या 249 व 301 के नक्शे के प्रमाणित प्रति के लिए अक्टूबर 2023 में ही आवेदन किया था, लेकिन महीनों तक जब उसे नक्शे की प्रमाणित प्रति नहीं उपलब्ध करायी गई तो उसने याचिका दाखिल की। उक्त याचिका पर 15 अप्रैल 2024 को ही रिट कोर्ट ने दो महीने में नक्शे की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने का आदेश दिया। कहा गया कि आदेश के एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद नक्शे की प्रमाणित प्रति नहीं उपलब्ध करायी गई। वहीं राज्य सरकार के अधिवक्ता ने सफायी दी कि उक्त गाटों के नक्शे काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, लिहाजा उनकी प्रतियां नहीं दी जा सकती, इस सम्बंध में राजस्व परिषद को पत्र भेजकर उक्त नक्शों की प्रतियां मांगी गई हैं। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत पाया कि जिलाधिकारी द्वारा राजस्व परिषद को मात्र एक पत्र भेज दिया गया, लेकिन रिट कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं हो सका।



राजभवन में सेवानिवृत्त हो रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के सम्मान में आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम में शामिल मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़े अभ्यर्थियों ने लहराया परचम

**अमृत विचार, लखनऊ :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) 2024 की सहायक कमांडेंट पद की भर्ती परीक्षा में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़े कुल 14 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें श्याम यादव ने ऑल इंडिया रैंक-2 प्राप्त कर योजना की सफलता को नई ऊंचाई दी है। इस उपलब्धि पर असीम अरुण, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने सभी सफल अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़े प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों ने फिर परचम लहराया है। कन्नौज केंद्र के अभ्यर्थियों ने वर्ष 2024-25 में संपन्न देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं यूपी पुलिस भर्ती, नीट और जेईई में कामयाबी हासिल की है। यूपी पुलिस में अंकुश कुमार, अनामिका अवधेश कुमार, विशाल शर्मा, अनुराग शर्मा ने सफलता हासिल कर योजना को नई ऊंचाई दी है। वहीं जेईई एडवांस में श्रृष्टि सिंह ने 85.82 पर्सेंटाइल, श्रेयान्श चतुर्वेदी ने 76.29 और नेहा राजपूत ने 75.77 पर्सेंटाइल हासिल किया है।

# महिला कांवड़ियों की सुरक्षा के खास इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी तैनात, महिला हेल्प डेस्क भी बनाई गईं

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा को लेकर वृहद स्तर पर व्यवस्थाएं की हैं। इस बार खासकर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर कांवड़ यात्रा के रूट पर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 10 हजार से महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

मुख्यमंत्री को हाल ही में कांवड़ यात्रा की उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों ने बताया था कि देश समेत विभिन्न राज्यों से करीब 6 करोड़ श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में शामिल हो सकते हैं, जो प्रदेश से होते हुए अपनी यात्रा पूरी करेंगे। इसमें 10-12 प्रतिशत यानी 60 से 70 लाख महिला श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। इस पर योगी ने महिला केंद्रित सुरक्षा मॉडल को लागू करने के निर्देश दिए थे। 10 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मियों में 8,541 महिला मुख्य आरक्षी और 1,486 महिला उपनिरीक्षक शामिल हैं। इसके अलावा इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क पर महिला कांस्टेबल मौजूदगी सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों की मदद से शक्ति हेल्प बूथ की भी स्थापना की जा रही है।

# तमाम जतन के बाद भी नहीं मिल रहे स्वास्थ्य विभाग को डॉक्टर

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

- ग्रेड टू में नियुक्ति, मुंहमांगा वेतन और पुनर्नियोजन से नहीं निकला हल
- ग्रेड टू में विशेषज्ञ डॉक्टरों के 2237 पदों के लिए आयोग को भेजा अधियाचन

**अमृत विचार :** प्रदेश में 19011 स्थायी पदों के स्वास्थ्य विभाग में बमुश्किल 10,500 हजार डॉक्टर हैं। 2237 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग में अधियाचन भेजा गया है, दूसरी तरफ साक्षात्कार के माध्यम से 678 पदों के लिए आवेदन भी मांगे गए हैं। मगर तमाम जतन के बाद भी डॉक्टरों की संख्या पूरी नहीं होती है, पिछले कई सालों से विभाग इसी में उलझा है।



स्वास्थ्य विभाग में हर माह सेवानिवृत्त होने की वजह से डॉक्टरों की संख्या लगातार घटती जा रही है। विभाग में डॉक्टरों की यह कमी निकट भविष्य में दूर भी नहीं होगी, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग में स्वीकृत पदों पर डॉक्टरों की नियुक्ति ग्रेड वन से होती हैं, जिसमें 3620 पद के सापेक्ष करीब 5250 डॉक्टर कार्यरत हैं, ग्रेड वन के डॉक्टरों के प्रमोशन के बाद पद रिक्त होने की दशा में ही नई नियुक्ति का रास्ता खुलेगा।

समस्या यहीं खत्म नहीं होती है, इन डॉक्टरों के प्रमोशन के लिए 7240 पद वाले ग्रेड टू में पद रिक्त होने चाहिए, जिसमें विभाग द्वारा 3620 पद विशेषज्ञ डॉक्टरों के आरक्षित कर दिए हैं, जिन पर सीधे ग्रेड टू में नियुक्ति का प्रावधान किया है, उक्त क्रम में ही इस सप्ताह 2237 पदों का अधियाचन भेजा गया है। हालांकि अभी तक रिकार्ड है कि लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्ति के बाद 50 प्रतिशत डॉक्टर भी विभाग ज्वाइन नहीं करते हैं।

कमोवेश यहीं स्थिति राष्ट्रीय हेल्थ कमीशन (एनएचएम) अंतर्गत रिवर्स बिड (मुंहमांगे वेतन पर प्राइवेट प्रैक्टिसनर्स) के जरिए 1100 पदों के सापेक्ष चयनित होने वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों का भी है, पांच-पांच लाख रुपये प्रतिमाह वेतन तय होने के बाद भी ज्वाइन नहीं करते हैं, बीते दिनों 1056 पदों के सापेक्ष 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों का चयन हुआ है, मगर अभी तक 10 प्रतिशत डॉक्टरों ने भी ज्वाइनिंग नहीं दी है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग खुद वॉक इन इंटरव्यू के जरिए संविदा पर डॉक्टरों की नियुक्ति कर, कमी को पूरी करने का प्रयास करता है, जिसकी प्रक्रिया जारी है। इतना ही नहीं डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए शासन ने, सरकारी डॉक्टरों की अधिवर्षता आयु बढ़ा कर 65 वर्ष कर दी है, जिसकी वजह से विभाग में डॉक्टरों की तेजी से कम हो रह संख्या धीमी पड़ी है। इसके अलावा सेवानिवृत्त होने वाले डॉक्टरों को पुनर्नियोजन योजना के तहत नियुक्ति का मौका दिया गया है, मगर इन 1000 पदों के सापेक्ष महज 450 डॉक्टर ही प्रदेश में तैनात हैं।

> ग्रेड टू के 2237 पदों का अधियाचन भेजा जा चुका है, वॉक इन इंटरव्यू की प्रक्रिया चल रही है। विभाग में स्वीकृत पदों के सापेक्ष हम संविदा पर नियुक्ति दे रहे हैं, एनएचएम से खासा सहयोग मिलता है, प्रयास है कि डॉक्टरों की संख्या पूरी हो जाए। चयनित डॉक्टरों के ज्वाइन न करने से स्थिति बिगड़ जाती है।
>
> -डॉ. रतन पाल सिंह सुमन, स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र.

> डॉक्टरों को लाने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास उचित नहीं हैं। पांच लाख रुपये में नियुक्त होने वाले डॉक्टर भी ज्वाइन नहीं कर रहे हैं। डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए नियमावली में संशोधन करना होगा, लेवल वन के डॉक्टरों की संख्या स्वीकृत पदों से ज्यादा है, जबतक ये प्रमोट नहीं होंगे, नए डाक्टरों की नियुक्ति रुकी रहेगी।
>
> -डॉ. अमित सिंह, महासचिव, प्रातीय चिकित्सा सेवा संवर्ग, उप्र.

# भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा प्रमुख ने सात राज्यों के पार्टी संगठन की समीक्षा की



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक है। केंद्र को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए। बसपा प्रमुख रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल राज्यों में पार्टी संगठन की तैयारियों व जनाधार को बढ़ाने को लेकर समीक्षा बैठक कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि मुम्बई का देश के सभी राज्यों के लोगों का सीधा वास्ता है। लोगों के जान, माल व मजहब की सुरक्षा की गारंटी सरकार को जरूर सुनिश्चित करना चाहिए। बसपा प्रमुख ने पदाधिकारियों को कमियों की तरफ ध्यान देकर उन्हें दूर करने व पार्टी का आंबेडकरवादी विशेष मानवतावादी चाल, चरित्र व चेहरा बरकरार रखकर डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्मसम्मान व स्वाभिमान के कारवां को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में पिछले दो मार्च को पदाधिकारियों को दिये गये निर्देश, पार्टी संगठन की कमेटियों के गठन के बारे में प्रगति रिपोर्ट ली गई।

# भ्रष्टाचार और लापरवाही से लोगों की जा रही जान : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार का भ्रष्टाचार और लापरवाही से अब तो लोगों की जान जा रही है। बरसात शुरू होते ही नालियां जाम हो रही हैं, बरसात का पानी जगह-जगह जमा हो रहा है। शहरों में गंदगी और कूड़े का अंबार लगा है।

सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार और लापरवाही जनता के लिए जानलेवा साबित हो रही है। काशी, गोरखपुर, लखनऊ से लेकर कानपुर, झांसी तक हर जगह एक जैसी स्थिति है। नालों और नालियों की सफाई के बजट का बंदरबांट हो रहा है। सफाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। लखनऊ समेत कई शहर स्मार्ट सिटी के नाम पर जगह-जगह खोद दिए गये हैं।

# खाद की कालाबाजारी पर होगी सख्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**अमृत विचार :** शासन ने खाद की उपलब्धता के मद्देनजर सख्त निर्देश दिए हैं कि एक भी केंद्र ऐसा नहीं होना चाहिए, जहां उर्वरक की उपलब्धता न हो। जैसे ही किसी केंद्र पर खाद का स्टॉक 80 से 90 प्रतिशत तक समाप्त हो, वहां नया स्टॉक तत्काल पहुंचाया जाए। निर्देश है कि दुकानदारों द्वारा प्रत्येक किसान को उर्वरक खरीद की रसीद अवश्य दी जाए। साथ ही, उर्वरकों की होल्डिंग (जमाखोरी) को सख्ती से रोका जाए। केंद्र पर किसी भी स्थिति में उर्वरकों की बिक्री निर्धारित विक्रय मूल्य से अधिक पर नहीं होनी चाहिए। ऐसी शिकायत मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने रविवार को सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक कर दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में यूरिया और डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को अगले 15 दिनों तक संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### प्रदेशभर में रोपित पौधों की देखभाल के निर्देश

अमृत विचार : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि 9 जुलाई को प्रदेशभर में रोपित पौधों की देखभाल और सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। जिन जिलों में बारिश कम हुई है, वहां सिंचाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि पौधों को नुकसान न हो।

### खाली स्कूल भवनों के उपयोग पर विचार हो

मुख्य सचिव ने स्कूल पेयरिंग के बाबत कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खाली भवनों के उपयोग पर विचार किया जाये। भवन के आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उपयोग किए जाने पर इस बात का ध्यान रखें कि केंद्र में बच्चे आसानी से पहुंच सकें और मौजूदा बुनियादी ढांचा सुरक्षित हो।

## वर्ग पहेली-31

**बाएं से दाएं**

3. 1. दुबकाना, छिपाना, ढांकना, ओट में करना, आड़ में करना, लुकाना 2. दबाना, डराना 3. डांटना, डपटना।

5. बातचीत का आनंद, वाग्विलास, बतरसियापन।

8. तिरस्कार पूर्वक बातें करना, झिड़कना, डपटना, डांटना।

9. 1. चुप, शांत रहना, खामोश; न बोलना 2. (मुनियों का) एक प्रकार का व्रत या चर्या। (मु.)-स्वीकृति : वह सम्मति जो किसी विषय के संबंध में चुप रहने की मानी जाती है।

10. 1. वह ग्रंथनुमा फ़ाइल जिसमें छायाचित्र (फ़ोटोग्राफ़) संगृहीत किए जाते हैं 2. किसी एक कलाकार या किसी विशेष विषय या शैली के गीतों का रिकॉर्ड

11. पुलिस की बड़ी चौकी जो कोतवाली से छोटी होती है, (पुलिस-स्टेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़िंदा, प्राणयुक्त 2. जिसमें श्वांस हो 3. जीवनयुक्त, जीवंत 4. जिसमें क्रियात्मक शक्ति हो, (एलाइव) 5. जिसे फिर से जीवन मिला हो।

2. 1. अकुशल, अयोग्य 2. नासमझ, नादान, अबोध 3. कमअक्ल, मंदबुद्धि 4. नौसिखिया।

4. बिखरना, चारों ओर फैलना, छितरना।

5. एक प्रत्यय जो शब्दों के आरंभ में जुड़कर 'बड़ा' अर्थ देता है

6. 1. समीपता, नज़दीकी, पास आने का भाव 2. कोई मांगलिक अवसर या विवाह आदि का जलसा, उत्सव।

7. खनखन करने वाली चीज़।




### वर्ग पहेली-30 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 यु | गा | नु | 2 कू | ल |
| | | | | | ट | |
| 3 सिं | | 4 छु | | | क | |
| 5 चि | ट | न | वी | 6 स | | 7 खुं |
| त | | मु | | 8 चा | फं | द |
| | 9 पि | न | पि | न | | का |
| | | | | | | र |

## सुडोकू-38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 3 | | | 8 | | 7 | 9 |
| | 9 | | 6 | | | 3 | | |
| 2 | | | 9 | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 5 | | 1 | |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 3 | 2 |
| 1 | | | 3 | | | 7 | | |
| | 5 | | | 8 | | | 6 | |
| 7 | | | 1 | | | 4 | | 3 |
| | | 1 | | | 4 | | 2 | |

### सुडोकू - 37 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 5 | 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 9 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जुलाई, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी-11.59 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष :** आज आपको कुछ समय अकेले रहते हुए आत्ममंथन करना चाहिए। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में ताजगी आयेगी। सरकारी कार्यों में आपको सफलता देर से मिलेगी।

**वृष :** आज राजनीति और न्यायिक सेवा से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। कठिन परिस्थितियों का आसानी से सामना करेंगे। छोटी-मोटी यात्राओं का योग बनेगा। अपने परिवार को पर्याप्त समय देंगे। अच्छे कामों को रोकना आपके लिए उचित नहीं है।

**मिथुन :** आज आप आत्मविश्वास और साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। कमीशन और इन्श्योरेंस में अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट कारोबारियों को नए प्रकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक समस्या दूर होगी।

**कर्क :** आज कार्य के प्रति तल्लीनता आपको विरोधियों से काफी दूर ला खड़ा करेगी। उद्योग जगत के लोगों के कारोबार में आंशिक वृद्धि के योग हैं। जीवनस्तर को बढ़ाने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज न करें।

**सिंह :** आज जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। संपत्ति संबंधी मामले लाभकारी हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पुराने मित्रों से संपर्क स्थापित होगा। मौसम की प्रतिकूलता का असर आपके स्वास्थ्य के ऊपर पड़ सकता है।

**कन्या :** आज आप अपने पार्टनर को भरपूर समय देंगे। चाहे वह व्यापारिक संबंध हो या जीवनसाथी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आपकी बौद्धिक क्षमता का भी उत्तम विकास होगा। अनैतिक विचारों का प्रभाव आपके ऊपर पड़ सकता है।

**तुला :** आज आप तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। काम के प्रति अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम संबंधों को विवाह में बदल सकते हैं। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है।

**वृश्चिक :** आज आपको कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ेगी। अधिकारों और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। रोजगार में आशातीत लाभ प्राप्त होगा। जीवन में ससुराल पक्ष का अतिरिक्त प्रभाव कठिनाई उत्पन्न कर सकता है।

**धनु :** आज आप लोगों के विश्वस्त व्यक्ति के रूप में रहेंगे। कारोबार में नए अनुभव मिलेंगे। जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आ सकते हैं। रिश्तों को आनन्ददायी बनाने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लायेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं।

**मकर :** आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। छोटे निवेशों से बड़ा लाभ मिल सकता है। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नजदीकी लोग शत्रुओं जैसा व्यवहार करेंगे। यदि विवाह करना चाह रहे हैं तो परिवार को विश्वास में अवश्य लें।

**कुंभ :** आज उच्चाधिकारी का सहयोग आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे। आपको उच्च राजनीतिक पद मिल सकता है। सहकर्मियों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। रोमान्टिक जीवन को समय देना पड़ेगा।

**मीन :** आज अपनी छुपी हुई ऊर्जा को पहचानेंगे। धैर्य से काम लेना आपके लिए हितकर होगा। आपका मन शांत रहेगा। वरिष्ठ लोग आपके कार्य से प्रसन्न होंगे। आपके तर्कों से लोग संतुष्ट रहेंगे। अपनी समस्याओं का वास्तविक हल ढूंढ लेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-धनिष्ठा 06.49 तक तत्पश्चात शतभिषा।

# वैश्विक मान्यता ज्ञान अपनाने को करेगी प्रेरित

## केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने 'लिविंग रूट ब्रिज' के लिए यूनेस्को की मान्यता के प्रयासों का किया समर्थन

शिलांग, एजेंसी



मेघालय के सीज गांव में जीवित जड़ों से बने पुल का दौरा करतीं निर्मला सीतारमण।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले के 'लिविंग रूट ब्रिज' को यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्जा दिलाने के प्रयासों के प्रति पुरजोर समर्थन व्यक्त किया है। सीतारमण ने मान्यता के लिए नामांकन को बहाल करने और सामुदायिक सहभागिता एवं अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से प्रस्ताव को मजबूत करने के लिए हाल में जमीनी स्तर पर हुई प्रगति की सराहना की। 'लिविंग रूट ब्रिज' ऐसा पुल होता है, जो पेड़ों की जड़ों से तैयार किया गया जाता है।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक मान्यता न केवल पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करेगी, बल्कि दूसरों को स्थानीय ज्ञान पर आधारित स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगी। शनिवार को सीज गांव में लिविंग रूट ब्रिज की यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि मान्यता दिखावे के लिए नहीं, बल्कि दुनिया को यह दिखाने के लिए है कि आपने यह काम पहले किया था। आपके तरीके न केवल प्रभावी हैं, बल्कि उन्हें दोहराया भी जा सकता है।

खासी और जयंतिया समुदायों द्वारा पीढ़ियों से हस्तनिर्मित ये प्राकृतिक, जैव-इंजीनियरिंग संरचनाएं प्रकृति और मानवीय नवाचार के बीच एक दुर्लभ सामंजस्य का प्रतिनिधित्व करती हैं। ये पुल ज्यादातर मेघालय के दक्षिणी ढलानों पर बांग्लादेश सीमा की ओर पाए जाते हैं। मेघालय ने पहली बार 2018 में यूनेस्को को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें 'लिविंग रूट ब्रिज' को सांस्कृतिक परिदृश्य की श्रेणी के तहत विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामांकित किया गया था। राज्य सरकार और संरक्षण विशेषज्ञों द्वारा समर्थित इस प्रस्ताव में इन जीवंत संरचनाओं के पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य संबंधी महत्व पर प्रकाश डाला गया। हालांकि, प्रक्रियागत आवश्यकताओं, व्यापक दस्तावेज़ीकरण के अभाव और विरासत मानचित्रण प्रक्रिया में समुदाय-नेतृत्व वाली अधिक भागीदारी की आवश्यकता के कारण नामांकन में देरी हुई।

### केंद्रीय वित्तमंत्री ने ईस्ट खासी हिल्स जिले के गांव सोहबर का भी किया दौरा

केंद्रीय वित्त मंत्री ने गांव के बुजुर्गों, स्थानीय नेताओं और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए भुगतान (पीईएस) कार्यक्रम के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। पीईएस कार्यक्रम विश्व बैंक, केएफडब्ल्यू और एडीबी द्वारा समर्थित एक पहल है, जिसका उद्देश्य यह समझना है कि किस प्रकार मूल समुदायों द्वारा पारंपरिक पारिस्थितिक ज्ञान को संरक्षित और नवप्रवर्तन किया जा रहा है। उन्होंने ईस्ट खासी हिल्स ज़िले के सीमावर्ती गांव सोहबर का भी दौरा किया। वित्त मंत्री ने कहा, "सोहबर जैसे सीमावर्ती गांव भारत का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत हैं।" सोहबर मेघालय के उन 92 गांवों में से एक है जिन्हें 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के दूसरे चरण के तहत चुना गया है। वित्त मंत्री रविवार को सोहरा स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम स्कूल के दौरे के बाद मेघालय की अपनी चार दिवसीय यात्रा का समापन करेंगी।

# निर्वाचन आयोग हमेशा मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है : कपिल



- बिहार में मतदाता विशेष पुनरीक्षण को लेकर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग हमेशा से मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक असंवैधानिक कदम है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बहुसंख्यकवादी सरकारें सत्ता में बनी रहें।

पूर्व कानून मंत्री ने आरोप लगाया कि प्रत्येक निर्वाचन आयुक्त इस सरकार के साथ मिलीभगत करने में एक-दूसरे से आगे रहता है। बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) के पास नागरिकता के मुद्दों पर फैसला करने का अधिकार नहीं है।

निर्वाचन आयोग का कहना है कि 22 वर्षों के बाद हो रहे इस पुनरीक्षण से मतदाता सूची से अपात्र लोगों, डुप्लिकेट प्रविष्टियों को हटाया जाएगा तथा कानून के अनुसार मतदान के पात्र लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा। एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग पर विपक्ष के हमले के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा, जब से यह सरकार सत्ता में आई है, तब से यह (निर्वाचन आयोग) लंबे समय से सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है।

### मानसून सत्र में कांग्रेस की रणनीति को अंतिम रूप देने को सोनिया गांधी ने बुलाई 15 जुलाई को बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देने के वास्ते मंगलवार को अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगी। संसद के मॉनसून सत्र के हंगामेदार रहने की उम्मीद है क्योंकि कांग्रेस सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की योजना बहा रही है। विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी निर्वाचन आयोग के कदम पर कड़ी आपत्ति जता सकते हैं। वहीं, कांग्रेस पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की कूटनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की मांग भी करती रही है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता पतिपक्ष राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

## एक नजर

### ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के पिपरा इलाके में 50 वर्षीय ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। घटना शनिवार रात शेखपुरा गांव में तब हुई जब कुमार खेत में काम कर रहे थे। मसौढ़ी के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ-2) कन्हैया सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने खेत से गोलियों की आवाज सुनी और जब वे वहां गए तो अधिकारी अचेत हालत में मिले जिन्हें गोली लगी हुई थी। कुमार को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अनंतनाग जिले में कथित तौर पर मादक पदार्थ तस्करी गिरोह चलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। विभाग ने बताया, एनसीबी श्रीनगर जोन ने एक पूर्व आतंकवादी सहित दो प्रमुख आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ दक्षिण कश्मीर में चल रहे एक मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ कर लिया है। ब्यूरो ने आठ और नौ जुलाई को अनंतनाग जिले के बिजबेहरा क्षेत्र में एक अभियान शुरू किया था। इसमें कहा गया है, अभियान में 28 किलो अफीम का चूरा (पोस्त) जब्त किया गया और शब्बीर अहमद तथा मोहम्मद अमीन इन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शब्बीर अहमद के परिसर से लगभग 11 किलोग्राम पोस्त बरामद किया गया।

# दिल्ली में कांवड़ मार्ग पर कांच के टुकड़े मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीसीटीवी फुटेज की जांच कर पता लगाने की हो रही कोशिश

दिल्ली पुलिस ने शाहदरा के गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) और झिलमिल कॉलोनी इलाकों में सड़कों पर टूटे हुए कांच के टुकड़े बिखरे पाए जाने के बाद मामला दर्ज किया है। ये दोनों इलाके कांवड़ यात्रा मार्ग पर हैं।

अधिकारियों के मुताबिक रविवार को सीसीटीवी फुटेज की जांच हो रही है ताकि पता लग सके कांच किसी क्षतिग्रस्त वाहन का था या बदमाशों ने फेंका था। सीमापुरी पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। यह घटना तब प्रकाश में आई, जब दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर यह मामला उठाया। उन्होंने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की और आश्वासन दिया कि कार्रवाई होगी। इसके बाद क्षेत्र में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया और उन्होंने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फ्लाईओवर के पास तथा आसपास के कांवड़ शिविरों में गश्त की।

# जांच को नौ सदस्यीय एसआईटी गठित

## आईआईएम-कलकत्ता में दुष्कर्म का मामला

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय प्रबंध संस्थान-कलकत्ता में एक विद्यार्थी के महिला से दुष्कर्म करने के मामले की जांच को पुलिस ने नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस दल का नेतृत्व दक्षिण-पश्चिमी प्रभाग के एक सहायक आयुक्त कर रहे हैं। घटना शुक्रवार को आईआईएम-कलकत्ता के छात्रावास की है। आरोपी विद्यार्थी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यहां की एक अदालत ने विद्यार्थी को 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### महिला के पिता का दावा ऐसी कोई घटना नहीं हुई

पीड़ित महिला के पिता ने कहा कि वहां ऐसी कोई घटना नहीं हुई। इस दावे के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। महिला के पिता ने कहा कि उनकी बेटी को एक दुर्घटना में यह सब चोटें आई हैं। मुझे शुक्रवार को रात 9 .40 बजे बेटी का फोन आया। उसने बताया कि वह गाड़ी से गिर गई और बेहोश हो गई, साथ ही उसे चोट भी लगी है। बाद में मुझे पता चला कि वह एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती है। मेरी बेटी द्वारा मुझे बताए गए विवरण के अनुसार, पुलिस जो दावा कर रही है वैसा कुछ भी नहीं हुआ है।

### छात्रों की चिंताओं को दूर करने को उठा रहे कदम

भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता ने रविवार को कहा कि वह अपने परिसर में महिला के यौन उत्पीड़न के मद्देनजर छात्रों के साथ बातचीत कर रहा है और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए कदम उठा रहा है। आईआईएम-कलकत्ता ने कानूनी कार्यवाही का हवाला देकर विवरण साझा करने से इनकार कर दिया है।

## भारत का नियाग्रा



मानसून के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित चित्रकोट जलप्रपात अपनी पूर्ण भव्यता में नजर आया। इसे भारत का नियाग्रा भी कहा जाता है, यह इन दिनों पर्यटन का केंद्र बना हुआ है। एजेंसी

# खुद को आग लगाने वाली छात्रा की हालत गंभीर

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के बालासोर स्थित कॉलेज परिसर में कथित यौन उत्पीड़न के बाद खुद को आग लगाने वाली 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की हालत बेहद गंभीर है और वह 95% तक झुलस गई है। भुवनेश्वर स्थित एम्स के अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि छात्रा को शनिवार को एम्स में भर्ती कराया गया था और 48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पीड़िता की हालत में सुधार नहीं है। भुवनेश्वर स्थित एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने कहा, पीड़िता के शरीर का 95% हिस्सा झुलस गया है। उसके गुर्दे और फेफड़े भी प्रभावित हैं। वह वर्तमान में आईसीयू में है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि सरकार छात्रा के लिए बेहतर इलाज सुनिश्चित कर रही है। अस्पताल प्रशासन ने उसकी हालत को बेहद गंभीर बताया है।

### एनसीडब्ल्यू ने डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

यौन उत्पीड़न की घटना के बाद कॉलेज की छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की घटना पर स्वत: संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने रविवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से दोषियों पर कार्रवाई करने को कहा। बालासोर में कॉलेज की छात्रा द्वारा आत्मदाह को बेहद परेशान करने वाली घटना बताते हुए, आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने ओडिशा के डीजीपी से निष्पक्ष और समयबद्ध'' तरीके से जांच सुनिश्चित करने को कहा है।

### राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

ओडिशा विस में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने बालासोर कॉलेज में छात्रा द्वारा आत्मदाह के प्रयास को बेहद दुखद बताया और रविवार को राज्यपाल से हस्तक्षेप कर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की। पटनायक ने एक्स पर कहा, ओडिशा में छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की कोशिश दुखद है। प्राचार्य को लिखे पत्र में छात्रा ने कहा था कि उसने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था, उसे बचा लिया गया था।

# नई विशेष पीएमएलए अदालतें मुकदमों में तेजी लाएंगी : ईडी

- तेलंगाना में 16 और राजस्थान में पांच विशेष अदालतें अधिसूचित

**नई दिल्ली।** ईडी ने रविवार को कहा कि विभिन्न राज्यों में विशेष पीएमएलए अदालतों की हालिया अधिसूचना से धनशोधन के मामलों की सुनवाई में काफी तेजी आएगी। संघीय एजेंसी ने कहा, तेलंगाना में अब कुल 16 विशेष अदालतें अधिसूचित की गई हैं, जिनमें विशाखापत्तनम के लिए दो अदालतें हैं।

राजस्थान में ऐसी अदालतों की संख्या एक (पहले केवल जयपुर में थी) से बढ़ाकर पांच कर दी गई है, जिसमें जोधपुर के लिए एक अदालत भी शामिल है। ईडी के अनुसार, उन राज्यों में अदालतों को अधिसूचित किया गया है, जहां ऐसे न्यायिक मंचों की संख्या अपर्याप्त थी, जिसके कारण मुकदमे की कार्यवाही में विलंब हो रहा था। बयान में कहा गया है, इन विशेष अदालतों के जुड़ने से प्रवर्तन निदेशालय पीएमएलए मामलों में कार्यवाही में उल्लेखनीय तेजी ला सकेगा।

# मराठी विरोधी टिप्पणी पर शिवसेना (उबाठा) ने की ऑटो चालक से मारपीट, वीडियो वायरल

पालघर, एजेंसी

- पुलिस ने कहा- अब तक शिकायत नहीं मिली, इसलिए मामला दर्ज नहीं हूआ है

महाराष्ट्र के पालघर जिले में ऑटो चालक से शिवसेना (उबाठा) कार्यकर्ताओं द्वारा मराठी विरोधी टिप्पणी के लिए मारपीट करने का वीडियो सामने आया है, जिससे राज्य में भाषा के मुद्दे पर विवाद और बढ़ गया है।

पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने वीडियो देखा है, लेकिन इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है, इसलिए कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। शिवसेना (उबाठा) के स्थानीय पदाधिकारी ने दावा किया कि ऑटो चालक को सबक सिखाया गया है और कहा कि मराठी भाषा और राज्य का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पालघर के विरार इलाके में रहने वाले प्रवासी ऑटो चालक ने मराठी भाषा, महाराष्ट्र और मराठी प्रतीकों के खिलाफ टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो भी पहले वायरल हुआ था, जिस पर सोशल मीडिया और स्थानीय राजनीतिक समूहों ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी थीं। शनिवार को सामने आए नए वीडियो में देखा गया कि शिवसेना (उबाठा) का समूह, जिसमें महिलाएं भी थीं, व्यस्त सड़क पर चालक को थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहा है, बाद में उसे उस व्यक्ति और उसकी बहन से माफी मांगने को कहा गया। घटनास्थल पर मौजूद शिवसेना (उबाठा) की विरार शहर इकाई के प्रमुख उदय जाधव ने बाद में इस कार्रवाई को उचित ठहराया।

## कारोबार/कृषि

# तिमाही नतीजे बाजार पर डालेंगे प्रभाव

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी होगी निवेशकों की नजर

नई दिल्ली, एजेंसी



- वैश्विक बाजार का रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां करेंगी प्रभावित

घटनाक्रमों से भरे आगामी सप्ताह में कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के परिणाम और मुद्रास्फीति के आंकड़े स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। वहीं, वैश्विक बाजार का रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार को दिशा मिलेगी।

वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी अलमंड्ज ग्लोबल के वरिष्ठ इक्विटी शोध विश्लेषक सिमरनजीत सिंह भाटिया ने कहा, वैश्विक संकेतक घरेलू शेयर बाजार का रुख तय करते रहेंगे, लेकिन निवेशकों की निगाह भारत-अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के संभावित नतीजों पर रहेगी। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है, ऐसे में कुल मिलाकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। इस अनिश्चित माहौल में कारोबारी कोई बड़ा सकारात्मक दांव लगाने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अगले कुछ सप्ताह के दौरान निवेशकों की निगाह कंपनियों के पहली तिमाही की नतीजों पर रहेगी। एक विश्लेषक ने कहा कि पिछले सप्ताह बाजार में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, जिसकी मुख्य वजह वैश्विक स्तर पर शुल्क को लेकर बनी अनिश्चितता और तिमाही नतीजों के सीजन की निराशाजनक शुरुआत थी। बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11% नीचे आया। वहीं एनएसई का निफ्टी 311.15 अंक या 1.22% टूट गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, आगे देखें तो कंपनियों का तिमाही नतीजों का सत्र महत्वपूर्ण रहेगा। इस सप्ताह एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी कंपनियों के तिमाही के नतीजे आने हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर, बाजार भागीदारों की निगाह 14 जुलाई को आने वाले थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति और खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

### शीर्ष 8 कंपनियों की पूंजी 2.07 लाख करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ रुपये (2,07,501.58 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 में से केवल बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमश: एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474% बढ़ा

**नई दिल्ली।** आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474% बढ़कर 2024-25 में 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो सकल कर संग्रह में 274% से अधिक की वृद्धि है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। साथ ही, आयकर रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों की संख्या में भी 81% की कमी आई है। यह 2013 में 93 दिनों से घटकर 2024 में केवल 17 दिन रह गई है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के अंतिम वर्ष 2013-14 तक, आयकर विभाग द्वारा जारी रिफंड 83,008 करोड़ था। जबकि, वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के 11वें वर्ष 2024-25 के अंत तक, आयकर रिफंड 4.77 लाख करोड़ हो गया, जो इस अवधि के दौरान 474% की वृद्धि दर्शाता है। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 2013-14 के 7.22 लाख करोड़ रुपये से 274% बढ़कर 2024-25 तक 27.03 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# व्यापक आर्थिक भागीदारी: व्यापार का नया युग




व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) बहुपक्षीय व्यापार समझौता है, जिसे 15 एशिया-प्रशांत देशों ने 2020 में हस्ताक्षरित किया। इसका उद्देश्य व्यापार, निवेश, सेवा, बौद्धिक संपदा और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। इसमें आसियान देशों के साथ चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। भारत शुरू में वार्ता में शामिल था, 2019 में कुछ चिंताओं के कारण इससे हट गया। आरसीईपी वैश्विक व्यापार के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करता है और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसके आर्थिक व रणनीतिक प्रभाव गहरे हैं।

### क्या है आरसीईपी

आरसीईपी एक महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है, जिसमें विश्व की लगभग 30% जनसंख्या और वैश्विक जीडीपी का 30% हिस्सा शामिल है। इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच टैरिफ कम करना, व्यापार को आसान बनाना और आर्थिक एकीकरण को प्रोत्साहित करना है। आरसीईपी विश्व का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक समझौता माना जाता है।

### वैश्विक स्तर पर महत्व

- यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र को एकीकृत कर वैश्विक आपूर्ति शृंखला को मजबूत करता है।
- चीन, जापान और द. कोरिया जैसे देश एक मंच पर आते हैं, जो निवेश-तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देता है।
- आरसीईपी से सदस्य देशों को नई बाजार पहुंच, निवेश के अवसर और निर्यात प्रतिस्पर्धा में वृद्धि मिलती है।

### भारत का दृष्टिकोण

भारत ने घरेलू उद्योग, कृषि, डेयरी, और चीन से बढ़ते आयात की आशंका को देखते हुए इसमें शामिल न होने का फैसला किया। भारत को डर था कि आरसीईपी से चीनी वस्तुओं का बाजार में बाढ़ आ सकती है और घरेलू उत्पादक क्षमताओं को नुकसान हो सकता है।

### संभावित लाभ

- सदस्य देशों के लिए टैरिफ में कटौती से व्यापार में वृद्धि।
- निवेश प्रवाह और रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- संपत्ति अधिकार, ई-कॉमर्स और सेवा क्षेत्र में सुधार की संभावना।
- क्षेत्रीय स्थिरता और राजनीतिक सहयोग को बल।

# छोटी, मझोली इकाइयां भी देती हैं अच्छा रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी



- मिड और स्मॉलकैप का 'बीटा' निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम

हाल में छोटी (स्मॉल कैप) और मझोली कंपनियों (मिडकैप) के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के बीच बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि स्मॉल और मिडकैप फंड भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं लेकिन उपयुक्त कंपनियों और कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन का चुनाव करना जरूरी है।

उनका कहना है कि किसी शेयर की अस्थिरता या जोखिम को मापने वाला मिड और स्मॉल कैप का 'बीटा' निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम है, जो बताता है कि ये उतने अस्थिर नहीं हैं जितना माना जाता है। सेबी के अनुसार, शीर्ष 100 कंपनियों को लार्ज, 101 से 250 कंपनियों को मिड और 251 से ऊपर की सूची वाली इकाइयों को स्मॉलकैप की श्रेणी में रखा जाता है। जहां लार्जकैप कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 20,000 करोड़ या उससे अधिक होता है, वहीं मिडकैप का 5,000 से लेकर 20,000 करोड़ के बीच और छोटी कंपनियों की बाजारी पूंजी 5,000 करोड़ से कम होता है। हाल में मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव से निवेशकों को नुकसान हुआ है। कई विशेषज्ञों ने लोगों को ऐसी कंपनियों से दूर रहने की भी सलाह दी है। वाइट ओक कैपिटल एएमसी के निदेशक वैभव चुघ ने कहा, जोखिम निवेश के लिए चुनी कंपनियों में है, बाजार में नहीं। जब निवेशक अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में निवेश करने के लिए पहले के रिटर्न के पीछे भागते हैं और मान लेते हैं कि भविष्य में भी रिटर्न ऐसा होगा, तो निराशा हाथ लगती है।

# नकली उर्वरकों की बिक्री पर रोक लगाएं राज्य : कृषि मंत्री चौहान

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय मंत्री ने नकली और घटिया उत्पादों का परीक्षण करने को कहा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नकली और घटिया उर्वरकों की बिक्री पर कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में चौहान ने उनसे उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी करने के साथ-साथ नकली और घटिया उत्पादों के नमूने लेने और परीक्षण करने को कहा है।

उन्होंने कहा, पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरकों पर जबरन टैगिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए। दोषियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज करने सहित कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए और दोषसिद्धि के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# रूस से कच्चे तेल की खरीद 11 माह के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी कच्चे तेल का किया आयात

इज़राइल-ईरान युद्ध के बीच रिफाइनरियों द्वारा भंडारण बढ़ाने से जून में रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक जिंस बाज़ार विश्लेषक कंपनी केप्लर के तेल जहाज की निगरानी पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई, 2024 के बाद से सर्वाधिक है। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने कहा, जून में भारत के कच्चे तेल के वैश्विक आयात में 6% की गिरावट आई, जबकि रूस से आयात में मासिक आधार पर 8% की वृद्धि हुई, जो जुलाई, 2024 के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। शोध संस्थान ने कहा कि रूस से किए इन आयात में से आधे से अधिक की हिस्सेदारी भारत की तीन रिफाइनरियों की रही, जो जी7 प्लस देशों को भी शोधन वाले उत्पादों का निर्यात करती हैं। भारत अपनी ज़रूरत का 85% से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है, जिसे रिफ़ाइनरियों में पेट्रोल और डीज़ल जैसे ईंधन में बदला जाता है। परंपरागत रूप से, पश्चिम एशिया इसका मुख्य स्रोत था, लेकिन तीन वर्षों से रूस इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। जून में भारत ने अपने दूसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता इराक से 8,93,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चा तेल आयात किया, जो मासिक आधार पर 17.2% की गिरावट है। सऊदी अरब से आयात 5,81,000 बैरल प्रतिदिन (मई से अपरिवर्तित) रहा, जबकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आयात 6.5% बढ़कर 4,90,000 बैरल प्रतिदिन हो गया।

एक नजर



लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में पोलैंड की इगा स्वियाटेक के खिलाफ महिला एकल फाइनल मैच हारने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा अपनी निराशा को छिपा नहीं पाईं।

## भारतीय शतरंज प्रतिभा ने फिडे विश्व कप में चमक बिखेरी

**नई दिल्ली** : भारत ने अंडर-8 से अंडर-12 आयु वर्ग के फिडे विश्व कप में कुल 18 में से 7 पदक जीतकर विश्व शतरंज में अपने बढ़ते प्रभुत्व का एक बार फिर प्रदर्शन किया है। यह इस आयोजन में किसी भी देश द्वारा जीते गए सर्वाधिक पदकों का रिकॉर्ड है, जिसने भारत की वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को और मजबूत किया है। दुनिया के सबसे होनहार युवा शतरंज खिलाड़ियों वाले इस टूर्नामेंट में विभिन्न आयु और लिंग वर्गों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। भारतीय दल ने चुनौती का डटकर सामना किया और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब और चार अतिरिक्त पोडियम स्थान हासिल किए। एआईसीएफ सचिव देव पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा और कौशल को दर्शाता है।

## पोलैंड ने डेनमार्क को हराकर महिला यूरोपीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज की

**लुसान (स्विट्जरलैंड)** : नतालिया पेडिला ने एक गोल दागा जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे पोलैंड ने शनिवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप मैच में डेनमार्क को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की। पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहे पोलैंड के लिए स्पेन में जन्मीं पेडिला ने 13वें मिनट में प्रतियोगिता का पहला गोल दागा जबकि पांच मिनट बाद कप्तान पर्निले हार्डर ने स्कोर 2-0 कर दिया। डेनमार्क के लिए जेनी थॉमसेन ने पहले हाफ में गोल दागा लेकिन पोलैंड की टीम मध्यांतर तक 2-1 से आगे थी। मार्टिना वियानकोवस्का ने 76वें मिनट में स्कोर 3-1 किया। सिग्ने ब्रून ने इसके बाद 83वें मिनट में डेनमार्क की ओर से एक और गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाईं।

## ट्रैप मिक्स्ड टीम में 10वें स्थान पर रही भारतीय जोड़ी

**नई दिल्ली** : भारत ने लोनाटो में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप शॉटगन में अपनी प्रतिस्पर्धा समाप्त कर दी, जब लक्ष्य श्योरण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) की जोड़ी, तीसरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बावजूद, ट्रैप मिक्स्ड टीम पदक राउंड से चूक गई। उन्होंने क्वालीफाइंग राउंड में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी ने कुल 138 अंक बनाए और 22वें स्थान पर रही। नीरू ने एक दिन पहले महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में अपने शानदार चौथे स्थान के बाद भी 75 में से केवल एक निशाना चूका, जबकि लक्ष्य दूसरी सीरीज में छह निशाने चूक गए, जिससे उन्हें पोडियम पर पहुंचने का मौका गंवाना पड़ा।

## मोनाको डायमंड लीग में साबले को 'मामूली चोट' लगी : कोच

**नई दिल्ली** : अनुभवी भारतीय स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले को दो दिन पहले मोनाको डायमंड लीग के दौरान गिरने के कारण मामूली चोट लगी है लेकिन उनके लंबे समय के कोच अमरीश कुमार ने रविवार को कहा कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। एशियाई खेलों के चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी साबले शुक्रवार को पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा पूरी नहीं कर पाए क्योंकि दौड़ के शुरुआती दौर में ही पानी में कूदते समय वह गिर गए। दौड़ से बाहर निकलते समय उन्हें घुटने के पिछले हिस्से से अपनी जांघ के निचले हिस्से को पकड़े हुए देखा गया। पुणे स्थित सैन्य खेल संस्थान में कार्यरत कुमार ने बताया साबले को घुटने के आसपास मामूली चोट लगी है। वह आराम करेंगे और एक या दो हफ्तों में ठीक हो जाएंगे।

# भारतीय गेंदबाज चमके, इंग्लैंड 192 रनों पर ढेर

## तीसरे टेस्ट मैच का चौथा दिन : भारत को जीत के लिए मिला 193 का लक्ष्य

**लंदन, एजेंसी**

ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर 4-22 जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन चायकाल के बाद इंग्लैंड की पूरी टीम को दूसरी पारी में 192 रनों पर ढ़ेर कर दिया। भारत को जीत के लिए अब 193 रन बनाने हैं।

चायकाल के बाद वॉशिंगटन सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (33) को बोल्ड कर अपना तीसरा विकेट झटका। इसके बाद ब्राइडन कार्स (एक) और क्रिस वोक्स (10) बुमराह का शिकार बने। 63वें ओवर की पहली गेंद पर सुंदर ने शोएब बशीर (दो) को बोल्ड कर इंग्लैंड की दूसरी पारी का 192 के स्कोर पर अंत कर दिया। इससे पहले मोहम्मद सिराज (दो विकेट) और नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप (एक-एक विकेट) ने सुबह के सत्र में लंच तक इंग्लैंड के 98 के स्कोर पर चार विकेट झटक लिये थे। दूसरे सत्र में भारतीय टीम को दो महत्वपूर्ण विकेट मिले और यह सब वॉशिंगटन सुंदर की बदौलत था।

उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की और रफ का पूरा फायदा उठाते हुए इंग्लैंड के दो महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को आउट किया। हालांकि अन्य गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी भले ही की, लेकिन विकेटों के लिए जूझते रहे। सुंदर ने आक्रमण पर आने के बाद



जो रूट को आउट करने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते वाशिंगटन सुंदर। ● एजेंसी

जो रुट (40) और फॉर्म में चल रहे जेमी स्मिथ (8) को बोल्ड किया। चायकाल के समय कप्तान बेन स्टोक्स 27 और क्रिस वोक्स आठ रन बनाकर क्रीज पर हैं। इससे पहले इंग्लैंड ने कल के बिना कोई विकेट खोये दो रन से आगे खेलना शुरु किया। जैक क्रॉली और बेन डकेट की जोड़ी ने संभलकर खेलते हुए इंग्लैंड की पारी को आगे बढ़ाया। अभी टीम का स्कोर 20 रन पहुंचा था कि मोहम्मद सिराज ने बेन डकेट (12) को जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर सिराज ने ऑली पोप (चार) को पगबाधा आउटकर भारत को दूसरी सफलता दिलाई।अम्पायर ने नॉट आउट का फैसला दिया लेकिन डीआरएस पर उन्हें अपना फैसला बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

नीतीश कुमार रेड्डी ने 15वें ओवर की चौथी गेंद फेंकी, जैक क्रॉली ने गेंद पर जोरदार शॉट लगाने का प्रयास किया। बल्ले का मोटा किनारा लगा और गली में खड़े यशस्वी जायसवाल के हाथों में समा गई। इसी के साथ जैक क्रॉली (22) के रूप में इंग्लैंड का तीसरा विकेट गिरा। आकाश दीप ने पीछे मारने का प्रयास कर रहे हैरी ब्रूक (22) को बोल्ड कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। लंच तक इंग्लैंड ने 98 रन पर अपने चार विकेट गंवा दिये हैं। जो रूट 40 गेंदों में (नाबाद 17) और कप्तान बेन स्टोक्स (नाबाद दो) क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने चार विकेट लिये। मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले।

## मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में आउट हुए पंतः राहुल

**लंदन** : भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि ऋषभ पंत लंच से पहले मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में रनआउट हुये। मैच के बाद राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा, "यह आदर्श स्थिति नहीं है। इससे कुछ ओवर पहले हमारे बीच बातचीत हुई थी, मैंने उन्हें (पंत को) कहा था कि अगर संभव होगा तो मैं लंच से पहले अपना शतक पूरा करूंगा। जैसे ही बशीर लंच से पहले आखिरी ओवर करने आये मुझे लगा कि मेरे पास शतक पूरा करने का अच्छा अवसर है लेकिन दुर्भाग्यवश मैंने सीधा फ़ील्डर की ओर गेंद खेल दिया। उन्होंने कहा वो एक ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका जड़ सकता था। इसके बाद वह इस कोशिश में रहे कि किसी भी तरह से वह मुझे स्ट्राइक पर लेकर आएं ताकि मैं अपना शतक पूरा कर सकूं। लेकिन निश्चित तौर पर ऐसा नहीं होना चाहिए था, अंत में रन आउट ने मोमेंटम को बदल दिया। यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता।" उन्होंने कहा, "जाहिर है, थोड़ी निराशा हुई क्योंकि चायकाल से पहले तक हम वाकई अच्छी स्थिति में थे। मैंने और ऋषभ ने लंबी साझेदारी की और फिर हम दोनों जल्दी ही आउट हो गए, वह लंच से ठीक पहले और मैं लंच के ठीक बाद। यह सही नहीं था, आपके पास शीर्ष पांच में ऐसे बल्लेबाज थे जिन्होंने अच्छी शुरुआत की थी, इसलिए आदर्श रूप से आप चाहते हैं कि उनमें से कोई एक या दोनों बल्लेबाज आगे बढ़ें और बड़ा स्कोर बनाएँ और इसी तरह आप टेस्ट मैच में आगे बढ़ते हैं।

### चोटिल बशीर के चौथी पारी में गेंदबाजी करने पर असमंजस

**लंदन** : इंग्लैंड को अभी भी उनके ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर असमंजस है। लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन जडेजा का अपनी ही गेंद पर कैच लपकने के प्रयास में बशीर चोटिल हो गए थे। जडेजा का वह ताकतवर शॉट बशीर की ओर तेजी से आया था और उसे लपकने के लिए उन्होंने छलांग भी लगाई थी लेकिन गेंद को पकड़ नहीं पाए और उनकी उंगली चोटिल हो गई। चोट लगते ही बशीर तुरंत ड्रेसिंग रूम की तरफ चले गए थे और उनका ओवर जो रूट को पूरा करना पड़ा था। इंग्लैंड को पहले उम्मीद थी कि बशीर तीसरे दिन शाम में ही गेंदबाजी कर लेंगे, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके और मैदान में वापस नहीं आए थे। आज चौथे दिन की शुरुआत से पहले उन्हें प्रैक्टिस पिचों पर गेंदबाजी करते हुए देखा गया, चौथी और पांचवीं उंगली पर पट्टी बंधी हुई थी।

## क्रॉली ने समय बर्बाद करने का बेहतरीन नमूना दिखाया : वॉन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मौजूदा तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन के अंत में जैक क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति उनके द्वारा अब तक देखी गई सबसे बेहतरीन रणनीति थी लेकिन उन्होंने कहा कि भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि मेहमान टीम ने भी दूसरे दिन यही तरीका अपनाया था।



तीसरे दिन के खेल के अंत में उस समय गुस्सा भड़क गया जब इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति के बाद भारत एक और ओवर नहीं फेंक पाया जिस पर कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में मेहमान टीम ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भारत के 387 रन पर आउट होने के बाद मेहमान टीम के पास तीसरे दिन के अंतिम सत्र में दो ओवर फेंकने का पर्याप्त समय था लेकिन क्रॉली के चोट का बहाना बनाने और जसप्रीत बुमराह के शुरुआती ओवर के दौरान तीन बार गेंद खेलने से पीछे हट जाने की रणनीति के कारण देरी हुई। भारत को इससे सिर्फ एक ओवर फेंकने का मौका मिला जिससे मेहमान टीम नाराज हो गई क्योंकि इंग्लैंड ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के दो रन बनाए। वॉन ने 'बीबीसी' के टेस्ट मैच स्पेशल पॉडकास्ट में कहा यह समय की बर्बादी का अब तक का सबसे अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि कल गिल की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था - (लोकेश) राहुल मैदान से बाहर थे और वह पारी की शुरुआत नहीं कर पाते। वॉन ने कहा कि यह दोनों टीमों के लिए एक जैसा मामला है।

## भारतीय महिला टीम का शृंखला पर कब्जा

● शेफाली के अर्धशतक के बावजूद अंतिम टी20 में हारा भारत, सीरीज 3-2 से जीती

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड की सरजमीं पर पहली बार टी20 शृंखला जीत सुनिश्चित करने वाली भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान टीम के खिलाफ अंतिम गेंद पर पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने हालांकि शृंखला 3-2 से जीती। भारत ने शेफाली वर्मा की 75 रन की तेजतर्रार पारी से सात विकेट पर 167 रन बनाए लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर पांच विकेट शेष रहते 168 रन बनाकर मैच जीत लिया।

टॉस हार बल्लेबाजी करने उतरे भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने एम आर्लोट (42 रन पर एक विकेट) पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन अंतिम गेंद पर लिन्से स्मिथ को कैच दे




बर्मिंघम के एजबेस्टन में पांचवें महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट मैच में सीरीज जीतने के बाद टीम के साथियों के साथ ट्रॉफी उठाए भारत की श्री चरणी। ● एजेंसी

बैठीं। जेमिमा रोड्रिग्ज भी सिर्फ एक रन बनाकर लिन्से की गेंद पर बोल्ड हो गईं जिससे भारत का स्कोर दो विकेट पर 19 रन हो गया। शेफाली और कप्तान हरमनप्रीत कौर (15) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 43 गेंद में 66 रन की साझेदारी की। ऑफ स्पिनर चार्ली डीन (23 रन पर तीन विकेट) ने हरमनप्रीत को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। हरलीन देओल भी सिर्फ चार रन बनाने के बाद सोफी एकलेस्टोन (28 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गईं। शेफाली ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सातवें ओवर में तेज गेंदबाज इसी वोंग पर तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बटोरे। शेफाली ने एकलेस्टोन पर कवर्स में चौका जड़कर सिर्फ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी20 में किसी भारतीय का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। माइया बूचियर ने 14वें ओवर में डीन की गेंद पर शेफाली का शानदार कैच लपकर भारत का स्कोर पांच विकेट पर 111 रन किया। शेफाली ने 41 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का मारा।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों सोफिया डंक्ले (46 रन, 30 गेंद) और डेनियली वॉट हॉज (56 रन, 37 गेंद) ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 10.4 ओवर में 101 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई।



फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में नैशविले एससी के खिलाफ एमएलएस फुटबॉल मैच के दूसरे हाफ के दौरान गोल करने के बाद, इंटर मियामी फॉरवर्ड लियोनेल मेसी (दाएं), लुइस सुआरेज़ (बाएं) के साथ जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

## न्यूजीलैंड ने त्रिकोणीय सीरीज के लिए टीम में किए बदलाव

**हरारे** : न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए टीम में बदलाव करते हुए डेवोन कॉनवे, मिच हे, जिमी नीशम और टिम रॉबिन्सन को शामिल किया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनवे, फिन एलन की जगह लेंगे। फिन एलन को अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में खेलते समय पैर में चोट लगई थी।

वहीं हे, नीशम और रॉबिन्सन माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र के अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल हुए हैं। ये दोनों खिलाड़ी कल मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में शामिल हैं। न्यूज़ीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर कहा हम फिन के लिए बहुत दुखी हैं। मैं उनके साथ काम करने और एमएलसी से उनके प्रदर्शन को जारी रखने के लिए उत्सुक था, पर दुर्भाग्य से उन्हें चोटें लग गईं।



जमैका के सबीना पार्क में तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज के एंडरसन फिलिप ने ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को हवा में उड़ते हुए कैच आउट किया। ● एजेंसी

## फीफा ने खिलाड़ियों के विश्राम मानकों पर सहमति बनने की घोषणा की

**ज्यूरिख** : फीफा ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और खेल की नियामक संस्था के बीच खिलाड़ियों के लिए मैचों के बीच 72 घंटे के आराम की आवश्यकता के साथ प्रत्येक सत्र के अंत में कम से कम 21 दिनों की छुट्टी मिलने पर सहमति बन गई है।

फीफा और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों के बीच यह बातचीत पेरिस सेंट-जर्मेन और चेल्सी के बीच क्लब विश्व कप के फाइनल की पूर्व संध्या पर हुईं। यह टूर्नामेंट यूरोप के सत्र के खत्म होने के तुरंत बाद आयोजित किया जा रहा है। खिलाड़ियों के संघ ने कहा था एक महीने तक चलने वाले क्लब विश्व कप से खिलाड़ियों के चोटिल होने और थकान का खतरा बढ़ गया है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और फुटबॉल की शासी निकाय के अन्य अधिकारियों ने न्यूयॉर्क में दुनिया भर के खिलाड़ियों के संघों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। फीफा ने चर्चाओं को 'प्रगतिशील' करार देते हुए कहा खिलाड़ियों का स्वास्थ्य 'सर्वोच्च प्राथमिकता' है।

## मुक्केबाजी संघ चुनावों में देरी का पता लगाने के लिए समिति गठित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने जांच की जिम्मेदारी सहदेव यादव को सौंपी



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनावों में हो रही देरी के कारणों का पता लगाने और निष्पक्ष तथा समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक खाके की सिफारिश करने हेतु तीन सदस्यीय 'फेक्ट फाइंडिंग' समिति का गठन किया है।

शुक्रवार को गठित इस समिति की अध्यक्षता आईओए के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव करेंगे जबकि आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा और अधिवक्ता पायल काकरा इसके सदस्य हैं। आईओए के 11 जुलाई के कार्यालय आदेश में उषा ने कहा बीएफआई की वर्तमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था और तब से नए चुनाव नहीं हुए हैं। आदेश में कहा गया कि यह समिति 'बीएफआई की वर्तमान कानूनी और प्रशासनिक स्थिति की जांच करेगी और भारत में मुक्केबाजी के संचालन और कामकाज पर देरी के प्रभावों का आकलन करेगी। यह समिति 'विश्व मुक्केबाजी के साथ बातचीत सहित आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करेगी और निष्पक्ष एवं समय पर चुनाव कराने के लिए एक स्पष्ट खाका सुझाएगी। समिति को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है जिससे कि 'विश्व मुक्केबाजी के समक्ष तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत की जा सके।' इस समिति का गठन खेल मंत्रालय द्वारा पांच जुलाई को लिखे गए एक पत्र के बाद हुआ है जिसमें उषा से अनुरोध किया गया था कि 'विश्व मुक्केबाजी के साथ परामर्श करके एक उपयुक्त व्यवस्था तैयार करें।

## हरिकृष्णन भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर बने

**नई दिल्ली** : चौबीस साल के हरिकृष्णन ने शुक्रवार को फ्रांस के ला प्लेन अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और देश के 87वें ग्रैंडमास्टर बन गए। चेन्नई के हरिकृष्णन ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म कुछ साल पहले हासिल किया था और फिर स्पेन में आंदुजार ओपन में दूसरा नॉर्म हासिल किया।

श्रीहरि एल आर भारत के 86वें ग्रैंडमास्टर थे और अब हरिकृष्णन ने यह उपलब्धि हासिल की है। कोच श्याम सुंदर मोहनराज ने उस समय को याद किया जब वह एक साल से अधिक समय तक कोई ग्रैंडमास्टर तैयार नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा दो महीने में ही अकादमी ने दो ग्रैंडमास्टर तैयार कर दिए हैं। ये उनके लिए बड़ी उपलब्धि है।

## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 225 रनों पर समेटा

**किंगस्टन (जमैका), एजेंसी**

शमार जोसेफ की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 225 रन पर समेटने के बाद एक विकेट पर 16 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने एकमात्र विकेट केवलोन एंडरसन (03) का गंवाया जिन्हें अपना 100वां टेस्ट खेल रहे मिचेल स्टार्क ने बोल्ड किया। स्टार्क यह उपलब्धि हासिल करने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग आठ जबकि कप्तान रोस्टन चेज तीन रन बनाकर खेल रहे थे।

वेस्टइंडीज की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 209 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इससे पहले शमार जोसेफ (33 रन पर चार



ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ शॉट लगाते हुए। ● एजेंसी

विकेट), जस्टिन ग्रीव्स (56 रन पर तीन विकेट) और जेडन सील्स (59 उन पर तीन विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 70.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और सैम कोन्सटास (17) का विकेट गंवाकर लंच तक एक विकेट पर 50 रन बनाए। उन्हें ग्रीव्स ने पगबाधा किया। दूसरे सत्र में भी ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (23) और कैमरन ग्रीन (46) के विकेट गंवाकर स्कोर तीन विकेट पर 138 रन तक पहुंचाया। तीसरा सत्र हालांकि वेस्टइंडीज के नाम रहा और उसके गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सात विकेट 68 रन पर चटकाए। स्टीव स्मिथ 48 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे।

# सुरक्षा के लिए ट्रेनों के इंजन डिब्बों में लगाए जाएंगे कैमरे

नई दिल्ली, एजेंसी



● हर डिब्बे में चार, इंजन में उच्च गुणवत्ता के छह कैमरे लगेंगे

रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की कि यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

प्रत्येक डिब्बे में चार और इंजनों में छह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे अत्याधुनिक होंगे और 100 किमी प्रति घंटे से भी अधिक रफ्तार में तथा कम रोशनी में भी उच्च गुणवत्ता वाली फुटेज उपलब्ध कराएंगे। रेलवे के अनुसार यात्री डिब्बों में कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। कैमरे लगाने के बाद अपराधी और संगठित गिरोह की गतिविधियों पर लगाम लगेगी जो यात्रियों का फायदा उठाते हैं।

यात्रियों की निजता को कायम रखने के लिए कैमरे दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में लगाए जाएंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को एक बैठक में इंजनों और कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की है।

# वकीलों को ईडी के तलब करने पर सुप्रीम सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामले की सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें जांच एजेंसियों द्वारा उन वकीलों को तलब करने का मुद्दा शामिल है जो पक्षकारों को राय देते हैं और मुकदमों में उनका प्रतिनिधित्व करते हैं।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ मामले की सुनवाई करेगी। यह मामला ईडी द्वारा वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब करने के मद्देनजर आया है। हालांकि, 20 जून को ईडी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे उन वकीलों को समन जारी न करें जिनके मुवक्किलों के खिलाफ धन शोधन जांच की जा रही है।

## क्यों इतनी लंबी खिंचती है...

# विमान दुर्घटना की जांच

विमान दुर्घटनाओं की जांच एक बेहद जटिल और तकनीकी प्रक्रिया है जो अंतरराष्ट्रीय रूप से निर्धारित होती है। इसी कारण ऐसी जांचें आम तौर पर वर्षों तक खिंच जाती है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि यह जांच सिर्फ दुर्घटना का कारण जानने तक सीमित नहीं होती बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, जांच के बाद इसके लिए भी सिफारिशें की जाती हैं। कुछ उदाहरण जांच रिपोर्ट पर विवाद के भी हैं। इनमें एक चर्चित विवाद बोइंग के अनधिकृत रूप से एमसीएएस सॉफ्टवेयर को लागू करने का था जिसमें खामी थी। दो हादसों के बाद इसका पता चला तो कंपनी पर 2.5 बिलियन डॉलर का जुर्माना डाला गया और उसके सीईओ को इस्तीफा भी देना पड़ा।



### ये होती है जांच की प्रक्रिया

- ब्लैक बॉक्स डेटा विश्लेषण : क्रैश साइट से ब्लैक बॉक्स निकाला, डेटा रिकवर कर उसे डीकोड करना, इसमें काफी समय लगता है। आवाज और उड़ान संबंधी हर डेटा की बारीकी से जांच होती है।
- मलबे की फॉरेंसिक जांच : विमान के टुकड़ों की संरचना, जले हिस्से, इंजन आदि की जांच की जाती है ताकि पता लगाया जा सके कि कोई तकनीकी खराबी थी या विस्फोट हुआ।
- सावधानी की जरूरत : मौसम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, पायलट ट्रेनिंग, मेडिकल रिकॉर्ड जैसे सभी पहलुओं की जांच होती है। जांच के निष्कर्षों का सबूत के तौर पर अदालतों में भी इस्तेमाल होता है।
- एजेंसियों में समन्वय : एयरलाइन, विमान निर्माता, इंजन निर्माता, स्थानीय अथॉरिटी और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की जांच में सहभागिता होती है, इनके समन्वय में भी समय लगता है।

### जांच के प्रमुख बिंदु

- मानव त्रुटि, थकान, प्रशिक्षण के बिंदुओं पर पायलट की भूमिका की जांच।
- इंजन, कंट्रोल सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि तकनीकी पहलुओं पर फोकस।
- मौसम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, संवाद, समय और निर्देशों का विश्लेषण।
- मलबे की स्थिति, ब्लैक बॉक्स डेटा, अलार्म और कंट्रोल मूवमेंट की स्थिति।
- मेंटीनेंस रिकॉर्ड, हालिया मरम्मत, टक्कर, आग और विस्फोट के संकेत।

### ये एजेंसियां होती हैं शामिल

भारत की डायरेक्टेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन, अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड और यूरोप की यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी। जांच के लिए एयरबस बोइंग, रोल्स रायस जैसी निर्माता कंपनियां भी अपने इंजीनियर भेजती हैं। एयरोस्पेस इंजीनियर, मौसम विशेषज्ञ, मानव व्यवहार विशेषज्ञ भी जांच प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानक सुनिश्चित करने के लिए आईसीएओ के पर्यवेक्षक शामिल होते हैं।

### ऐसे होती है रिपोर्ट तैयार

जांच रिपोर्ट के मसौदे में हादसे का विस्तृत विवरण, जांच में पाए गए तथ्य, संभावित कारण और सुरक्षा के सुझाव शामिल होते हैं। इसे आईसीएओ जैसे अंतर्राष्ट्रीय निकायों और दूसरे संबंधित पक्षों को भेजा जाता है। संबंधित देश, एयरलाइन और निर्माता कंपनी से भी इस पर टिप्पणी मांगी जाती है। कोई पक्ष असहमत हो तो डिसेंट नोट जोड़ा जाता है। टिप्पणियों की समीक्षा के बाद अंतिम रिपोर्ट जारी की जाती है। इसके साथ सुरक्षा सुधारों की सिफारिशें भी होती हैं जिन्हें देश की एविएशन अथॉरिटी लागू करती है।

## एक नजर

### बांग्लादेश : मुक्ति संग्राम प्रदर्शन से जुड़ा ढांचा ध्वस्त

**ढाका।** बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के युद्ध अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग को लेकर 2013 में शाहबाग में हुए विरोध प्रदर्शनों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरे ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया है। यह ढांचा बांग्लादेश मुक्ति संग्राम की भावना की प्रकटीकरण स्थल के रूप में उभरा था। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने रविवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक यहां शाहबाग स्थित प्रोजोनमो छत्तर संरचना को शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को ध्वस्त कर दिया गया। शाहबाग पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी (ओसी) खालिद मंसूर ने पुष्टि की कि आवास और लोक निर्माण मंत्रालय की ओर से संरचना को ध्वस्त कर दिया गया है।

### छात्रों ने विकसित किया ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम

**फगवाड़ा।** सीमा पार तस्करी, निगरानी और अनधिकृत घुसपैठ के लिए ड्रोन के बढ़ते दुरुपयोग के जवाब में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के छात्रों ने एक अत्याधुनिक, एआई-संचालित ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम विकसित किया है। यह प्रणाली एक साधारण कैमरे और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके वास्तविक समय में ड्रोन का पता लगाती है और जो महंगे रडार और रेडियो फ्रीक्वेंसी आधारित प्रणालियों का एक कम लागत वाला विकल्प प्रदान करती है।

### हिमाचल में ड्रग्स मामले में 5000 केस दर्ज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ढाई वर्षों में मादक पदार्थों से संबंधित पांच हजार से अधिक एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए हैं और करीब 37 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं। राज्य ने हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध (निवारण और नियंत्रण), 2025, और हिमाचल प्रदेश मादक पदार्थ और नियंत्रित पदार्थ (निवारण, नशामुक्ति और पुनर्वास), 2025 नाम से दो कानून बनाए। इनमें मृत्युदंड, आजीवन कारावास और संपत्ति जब्ती सहित कठोर दंड के प्रावधान हैं।

### पाकिस्तान में नाटक समूह ने किया रामायण का मंचन

**कराची।** कराची शहर में एक पाकिस्तानी नाटक समूह रामायण का मंचन करके सुर्खियां बटोर रहा है। सप्ताहांत में कराची आर्ट्स काउंसिल में रामायण का मंचन करने वाले नाटक समूह 'मौज' को एआई संवर्द्धन का उपयोग करके महाकाव्य को जीवंत बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहना मिली है। निर्देशक योहेश्वर करेरा ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि 'रामायण' का मंचन करने से लोग उन्हें नापसंद करेंगे या उन्हें किसी तरह की धमकी का सामना करना पड़ेगा।

# अटकलों के आधार पर विमान के पायलटों को बदनाम करना गलत

## पायलट एसोसिएशन ने जताया विरोध, कहा- पायलटों ने जिम्मेदारी से किया काम

मुंबई, एजेंसी

'इंडियन कॉमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन' (आईसीपीए) ने रविवार को कहा कि पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए एआई171 उड़ान के चालक दल ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने प्रशिक्षण और जिम्मेदारियों के अनुरूप काम किया। उन्हें अटकलों के आधार पर बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

एसोसिएशन ने कुछ हलकों में पायलट के आत्महत्या करने संबंधी अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जब तक आधिकारिक जांच पूरी नहीं हो जाती और अंतिम रिपोर्ट नहीं आ जाती, कोई भी अटकलबाजी अस्वीकार्य है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। 'एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' ने भी एअर इंडिया विमान दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग करते हुए शनिवार को दावा किया था कि हादसे की जांच की शैली और दिशा पायलट की गलती की ओर संकेत करने वाला पूर्वाग्रह है। आईसीपीए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया में 'नैरो बॉडी' वाले विमान बेड़े के पायलटों का संगठन है। वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जून को बोइंग 787-8 विमान हादसे की अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी कर दी है, जिसमें कुल 260 लोग मारे गए थे।



अहमदाबाद में 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हुआ एअर इंडिया का विमान। ● फाइल फोटो

### पायलट पर निष्कर्ष जल्दबाजी: पूर्व एएआईबी प्रमुख

**नई दिल्ली।** एएआईबी के पूर्व प्रमुख अरबिंदो हांडा ने कहा कि विमान दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट से पायलट की भूमिका के बारे में निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। अंतिम रिपोर्ट में दुर्घटना के सर्वाधिक संभावित कारण का उल्लेख होगा। हांडा ने कहा, हमें एएआईबी को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच पूरी करने देनी चाहिए। हांडा ने 2020 में कोझिकोड में हुई विमान दुर्घटना सहित सौ से अधिक विमान दुर्घटनाओं की जांच की है। उन्होंने कहा, एएआईबी ने अच्छा काम किया है। वे अब यह पता लगाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि ये ईंधन स्विच क्यों और कैसे हिले। क्या कोई यांत्रिक और/या विद्युत विफलता/खराबी हो सकती है।

### जांच का हिस्सा बनने के लिए कानूनी रास्ता तलाश रहा है एएलपीए

**मुंबई।** पायलटों के समूह एएलपीए-इंडिया ने रविवार को कहा कि वह एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना की जांच में अपने सदस्यों को शामिल करने के लिए कानूनी सहारा लेने पर विचार कर रहा है। इससे एक दिन पहले उसने आरोप लगाया था कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में पायलट की गलती की ओर संकेत करने वाला पूर्वाग्रह है। एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए-इंडिया) देश भर की एयरलाइन और हेलीकॉप्टर कंपनियों के 800 से अधिक पायलटों का प्रतिनिधित्व करता है। यह इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (आईएफएएलपीए) का एक सदस्य है। आईएफएएलपीए का दावा है कि 100 देशों के एक लाख पायलट इसके सदस्य हैं।

# व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने चीन पहुंचे अल्बनीज

**बीजिंग।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज चीन के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से बीजिंग की यात्रा पर हैं। अल्बनीज ने रविवार को शंघाई पार्टी के सचिव चेन जिनिंग से मुलाकात की, जो उच्च स्तरीय मुलाकात की श्रृंखला में पहली है।

● सीईओ के गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री

इस दौरान उनका चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग, प्रधानमंत्री ली क्विंग और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के अध्यक्ष झाओ लेजी के साथ बैठकें करने का भी कार्यक्रम है। अल्बनीज शनिवार को शंघाई पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चीन के सरकारी प्रसारक सीजीटीएन से बातचीत में कहा कि वह ''बहुत बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल'' का नेतृत्व कर रहे हैं, जो ऑस्ट्रेलिया और चीन के बीच आर्थिक संबंधों के महत्व को रेखांकित करता है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक एक सप्ताह की यात्रा के दौरान, अल्बनीज शंघाई और चेंगडू में व्यापार, पर्यटन और खेल प्रतिनिधियों से मिलेंगे। वह मंगलवार को बीजिंग में सीईओ गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे।

# जम्मू-कश्मीर के कई प्रमुख राजनीतिक नेता नजरबंद

श्रीनगर, एजेंसी

● मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पीडीपी प्रमुख महबूबा समेत कई नेताओं ने लगाए आरोप

जम्मू-कश्मीर में भाजपा को छोड़कर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस और विपक्षी दलों के प्रमुख राजनीतिक नेताओं ने रविवार को दावा किया कि 1931 में आज ही के दिन डोगरा सेना द्वारा मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने से उन्हें रोकने के लिए नजरबंद कर दिया गया। हालांकि उनके जाने के दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए इस घटना की तुलना जलियांवाला बाग हत्याकांड से की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, 13 जुलाई का नरसंहार हमारे लिए जलियांवाला बाग है। कश्मीर भी ब्रिटिश हुकूमत का हिस्सा था। यह कितनी शर्म की बात है कि ब्रिटिश शासन के सभी रूपों के खिलाफ लड़ने वाले सच्चे नायकों को आज केवल इसलिए खलनायक के रूप में पेश किया जा रहा है क्योंकि वे मुसलमान थे।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि दिल्ली और कश्मीरियों के बीच अविश्वास तभी खत्म होगा जब भारत कश्मीरी 'शहीदों' को अपना मानेगा। उन्होंने दावा किया, खुर्शीद आलम, जोहेब मीर, हामिद कोहशीन, आरिफ लियागरू, सारा नईमा, तबस्सुम, बशारत नसीम सहित पार्टी के कई नेता जो घरों से निकलने में कामयाब रहे, उन्हें थानों में हिरासत में लिया गया है। वे मजार-ए-शुहादा जा रहे थे। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन ने भी दावा किया कि उन्हें अपने घर से बाहर निकलने से रोक दिया गया। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने कहा कि कश्मीर अपने बेटे-बेटियों के बलिदान की दर्दनाक गाथा का गवाह है। फारूक शुक्रवार से नजरबंद हैं।

### मजार-ए-शुहादा जाने वाले सभी रास्ते सील

जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने रविवार को शहर के नौहट्टा इलाके में शहीदों के कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया। शहीद दिवस पर कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर श्रीनगर शहर के सभी प्रवेश मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केवल अधिकारियों और सुरक्षाबलों के वाहनों को ही प्रवेश मार्गों पर लगाए गए अवरोधक को पार करने की अनुमति दी गई है।

# अमेरिका के पांच राज्यों में प्रवासी हिरासत केंद्र बनाने की तैयारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा है कि वह फ्लोरिडा के 'एलीगेटर अल्काट्राज' की तर्ज पर प्रवासी हिरासत केंद्र स्थापित करने के लिए पांच राज्यों के साथ लगातार बातचीत कर रही हैं।

नोएम ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन पांचों राज्यों का नेतृत्व रिपब्लिकन गवर्नर कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने उनके नामों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने 'एलीगेटर अल्काट्राज' हिरासत केंद्र के सफल शुभारंभ में डीएचएस के साथ सहयोग के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस की भी प्रशंसा की। गौरतलब है कि फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में स्थित डेड-कोलियर प्रशिक्षण और संक्रमण हवाई अड्डे की साइट पर 100 वर्ग किमी में फैले इस केंद्र का निर्माण केवल आठ दिनों में किया गया था। अप्रवासी बंदियों के पहले समूह को जुलाई की शुरुआत में वहां रखा गया था।



● गृह सुरक्षा विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने की घोषणा

### ट्रंप के खिलाफ मुकदमों में शामिल रहे अभियोजक बर्खास्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध की गई अभियोजन कार्रवाइयों में शामिल अतिरिक्त वकीलों और सहयोगी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि कुल कितने लोगों को बर्खास्त किया गया है, लेकिन यह कार्रवाई जैक स्मिथ द्वारा शुरू की गई गोपनीय दस्तावेजों और चुनाव हस्तक्षेप से जुड़ी दोनों अभियोजन कार्रवाइयों में शामिल लोगों के खिलाफ की गई है।

# इजराइली सेना के हमलों में मारे गए 110 से ज्यादा फलस्तीनी

**यरूशलम।** इजरायली बलों ने शनिवार को गाजा में हमला कर कम से कम 110 फलस्तीनियों की हत्या कर दी, जिनमें दक्षिणी राफा में अमेरिका समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन में खाद्य की प्रतीक्षा कर रहे 34 लोग भी शामिल हैं।

अल जजीरा ने बताया कि ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इजराइल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई है जिससे पूरी आबादी को मजबूरन स्थानांतरित किया जाना है। राफा में प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली बलों ने जीएचएफ स्थलों में से एक अल-शकोश क्षेत्र में फलस्तीनियों पर सीधे गोलीबारी की, जिसकी संयुक्त राष्ट्र और अधिकार समूहों ने निंदा की है। गाजा में डॉक्टरों के अनुसार, मई के अंत में अपने ऑपरेशनों की शुरुआत के बाद से जीएचएफ स्थलों पर 800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और 5,000 अन्य घायल हुए हैं।

## परंपरा



पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बेलिया में बंगाली महीने अषाढ़ के दौरान लोग धर्मराज मंदिर के सामने कीचड़ में लोटने के बाद तालाब में डुबकी लगाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे गठिया रोग ठीक होता है और देवता का आशीर्वाद मिलता है। एजेंसी

# इजराइल ने अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया अपना संचार उपग्रह

यरूशलम, एजेंसी



● इजराइल स्पेस एजेंसी ने अपनी महत्वपूर्ण सफलता बताया

इजराइल ने रविवार को सरकारी कंपनी इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) द्वारा विकसित और निर्मित संचार उपग्रह ड्रोर-1 को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया। आईएआई और इजराइल अंतरिक्ष एजेंसी (आईएसए) द्वारा जारी अलग-अलग बयानों यह जानकारी दी गई है।

इस उपग्रह को अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। आईएसए के अनुसार इसे अगले 15 वर्षों के लिए इजराइल की संचार आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, चाहे वह नियमित संचालन हो या आपात स्थिति और यह देश की रक्षा प्रणाली के मिशनों में भी सहायता करेगा।

यह उपग्रह अंतरिक्ष में 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर एक निश्चित बिंदु से प्रसारण करेगा। इसका वजन लगभग 4.5 टन है, इसके पंखों का फैलाव 17.8 मीटर है और इसमें 2.8 मीटर व्यास का एक एंटीना लगा है, जो इजराइली संचार उपग्रहों द्वारा उपयोग के लिए बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा एंटीना है। आईएसए ने कहा,20 करोड़ अमेरिकी डॉलर वाला ये प्रोजेक्ट इजराइल के लिए संचार स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# बांग्लादेश: हिंदू कबाड़ व्यापारी की हत्या में 7 गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में एक कबाड़ व्यापारी की हत्या के सिलसिले में अब तक कम से कम सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। नौ जुलाई को हत्या के बाद हमलावरों के लाश पर नाचने से मामला चर्चा में आया था। इस घटना से पूरे बांग्लादेश में आक्रोश फैल गया था।

गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि नौ जुलाई को मिटफोर्ड अस्पताल के पास लाल चंद उर्फ सोहाग की जघन्य हत्या के बाद रविवार को देशव्यापी तलाशी अभियान शुरू किया गया। बृहस्पतिवार को सामने आए वीडियो में व्यापारिक विवाद के बाद कबाड़ विक्रेता की कंक्रीट के स्लैब से हमला कर हत्या करते हुए दिखाया गया। मौत की पुष्टि के बाद हमलावर उसकी लाश पर नाचते रहे।

**पहल** | पश्चिम बंगाल के दीघा में दूसरा जगन्नाथ धाम बनाए जाने और इस्कॉन के साथ विवादों के बाद सरकार ने लिया निर्णय

# जगन्नाथ मंदिर के अनुष्ठानों का कॉपीराइट लेगा ओडिशा

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा की तीर्थनगरी पुरी के प्रतीकात्मक राजा गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब ने कहा है कि राज्य सरकार ने भगवान जगन्नाथ मंदिर के अनुष्ठानों का 'कॉपीराइट' हासिल करने की कवायद शुरू कर दी है ताकि इसकी पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की रक्षा की जा सके।

विदेशों में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा भगवान जगन्नाथ के अनुष्ठानों के असामयिक आयोजन और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दीघा में स्थित एक मंदिर को 'जगन्नाथ धाम' घोषित करने को लेकर भगवान जगन्नाथ के भक्तों में व्याप्त रोष के बीच देब का यह बयान आया है। भगवान जगन्नाथ के प्रथम सेवक माने जाने वाले गजपति महाराजा ने एक साक्षात्कार में कहा कि यह पवित्र ग्रंथों और प्राचीन परंपराओं का घोर उल्लंघन है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 30 अप्रैल को समुद्र तटीय शहर दीघा में एक मंदिर का उद्घाटन किया और इसे 'जगन्नाथ धाम' नाम दिया, जिससे ओडिशा सरकार, पुरी गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती और बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाराज हो गए। इस्कॉन को दीघा मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलदेव और देवी सुभद्रा की पूजा और अनुष्ठान करने का कार्य सौंपा गया है।

हाल ही में विदेशों में रथ यात्रा उत्सव को, पुरी में पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले उत्सव से अलग तिथियों पर आयोजित करने को लेकर इस्कॉन को आलोचना का सामना करना पड़ा है। देब ने कहा, इस्कॉन द्वारा वर्ष में अनियमित समय पर रथ यात्रा और स्नान यात्रा (स्नान अनुष्ठान) निकालना और दीघा मंदिर को जगन्नाथ धाम घोषित करना दुनिया भर में भगवान जगन्नाथ के प्रत्येक भक्त के लिए अत्यंत चिंता का विषय है। यह हमारे पवित्र ग्रंथों और प्राचीन परंपरा का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि आपत्तियां जताए जाने के बाद, भारत में इस्कॉन ने शास्त्रों द्वारा निर्धारित तिथियों पर भगवान जगन्नाथ की 'स्नान यात्रा' और रथ यात्रा निकालने की स्थापित परंपरा का सम्मान करने का निर्णय लिया है।

### ममता से किया है मंदिर का नाम बदलने का आग्रह

मई में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पश्चिम बंगाल की अपनी समकक्ष ममता बनर्जी को पत्र लिखकर उनसे दीघा स्थित नए मंदिर के लिए जगन्नाथ धाम शब्द के इस्तेमाल पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि दोनों राज्य सरकारें इस मुद्दे को सुलझा लें। अगर ऐसा होता है, तो सभी विवादों का अंत हो जाएगा। देब ने कहा, इसे कानूनी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर ऐसा नहीं होता है तो हम परंपरा के उल्लंघन को रोकने के लिए अन्य संभावनाओं पर विचार करना होगा। सरकार विशेषज्ञों की राय लेकर उचित कदम उठाएगी।